धनबाद, रविवार 28.04.2024

मूल्य- ₹ 3

वर्ष-30 अंक-67 पृष्ठ- 12

वैशाख कृष्ण पक्ष-5

संवत 2081

झारखण्ड से प्रकाशित सर्वाधिक लोकप्रिय दैनिक

# बिहार ऑबजर्वर




# मणिपुर में कुकी उग्रवादियों के हमले में सीआरपीएफ के 2 जवान शहीद, 4 घायल



**इंफाल (ईएमएस):** मणिपुर के नारानसेना इलाके में संदिग्ध कुकी उग्रवादियों के हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो जवान शहीद हो गए और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि आतंकवादियों ने बिष्णुपुर जिले के नारायणसेना के एक गांव में कथित तौर पर सीआरपीएफ कर्मियों पर गोलीबारी करते हुए आधी रात को हमला किया।

कुकी आतंकवादियों ने सीआरपीएफ के बी/१२८ बीएन शिविर की ओर बम फेंके और गोलीबारी की। विस्फोट में इंस्पेक्टर जादव दास, एसआई एन सरकार, एचसी अरूप सैनी और सीटी आफताब हुसैन सहित चार कर्मी घायल हो गए, जबकि एसआई/जीडी एन साकार और एचसी/जीडी अरूप सैनी की मौत हो गई।

सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। एक संयुक्त बल क्षेत्र में पहुंचा और तलाशी अभियान चलाया। तीन संदिग्ध कुकी उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

कुकी उग्रवादियों ने विभिन्न गांवों पर हमला करना शुरू कर दिया है। पहले राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक मुख्य पुल को उड़ा दिया गया था, जिससे राज्य देश के बाकी हिस्सों से कट गया था और शुक्रवार को भारी हथियारों से लैस कुकी आतंकवादियों ने विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों पर हमला किया।

## ममता बनर्जी हेलिकॉप्टर में चढ़ते समय लडख़ड़ाकर गिरीं

**दुर्गापुर (ईएमएस):** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार को हेलिकॉप्टर में चढऩे के दौरान लडख़ड़ाकर गिर गईं। ये हादसा पश्चिम बर्धमान के दुर्गापुर में हुआ। ममता वहां चुनाव प्रचार करने गई थीं। घटना का वीडियो सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि ममता अपनी कार से निकलकर हेलिकॉप्टर में चढ़ रही थीं। इसी दौरान हेलिकॉप्टर के गेट पर उनका पैर स्लिप हो गया और वो गिर गईं। ममता के सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें संभाला। हालांकि उन्हें हल्की चोट लगी है। घटना के बाद ममता ने अपनी चुनावी यात्रा जारी रखी। दुर्गापुर के बाद वो आसनसोल के लिए रवाना हुईं। इसके पहले ममता बनर्जी १४ मार्च को कोलकाता में अपने घर ▶▶ 4

# भारत ने किया इजरायली बेलिस्टिक मिसाइल रॉक का परीक्षण

## पाकिस्तानी परमाणु बमों को कर सकती है राख



**नई दिल्ली (ईएमएस):** भारत ने इजरायली बेलिस्टिक मिसाइल रॉक का परीक्षण किया। यह मिसाइल पाकिस्तानी परमाणु बमों को राख कर सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत ने पाकिस्तान के परमाणु जखीरे के खिलाफ काउंटरफोर्स रणनीति के तहत इस इजरायली ब्रह्मास्त्र पर दांव लगाया है।

बताया जा रहा है कि भारत ने अपने सुखोई-३० एमकेआई फाइटर जेट की मदद से इजरायल की क्रिस्टल मेज २ या रॉक मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। इस टेस्ट को अंडमान निकोबार में अंजाम दिया गया जहां पर इन दिनों चीन ने नजर गड़ा रखी है। रॉक मिसाइल को इजरायल ने किसी हाई वैल्यू टारगेट को २५० किमी दूर से तबाह करने के लिए बनाया है। यह मिसाइल जीपीएस पर रोक वाले माहौल में भी सफलतापूर्वक अपने टारगेट को तबाह करने की क्षमता रखती है। यहीं नहीं अगर दुश्मन ने एयर डिफेंस सिस्टम को तैनात किया है तो भी यह मिसाइल अपने लक्ष्य को राख में बदल देती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस सफल टेस्ट से साफ हो गया है कि भारत रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता हासिल कर रहा है। बताया जा रहा है कि भारत मेक इन इंडिया के तहत इस मिसाइल का स्वदेशी उत्पादन करने जा रहा है। ▶▶ 4

## मुख्यमंत्री नेमरा गांव में झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के बड़े भाई की अंत्येष्टि में शामिल हुए

**रामगढ़ (ससे):** मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन शनिवार को रामगढ़ के नेमरा गांव में झामुमो सुप्रीमो सह पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के बड़े भाई राजा राम सोरेन की अंत्येष्टि में भाग लेने पहुंचे। इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि गुरु जी के बड़े भाई राजा राम सोरेन से मेरा व्यक्तिगत लगाओ था।

# देश के चार हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली (ईएमएस):** देश के चार हवाई अड्डों को बीते दिन बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ई-मेल के द्वारा दावा किया गया कि कोलकाता हवाई अड्डे सहित देश के चार अलग-अलग हवाई अड्डों पर बम रखे गए है। यह ई-मेल मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया।

सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ये ईमेल २६ अप्रैल को मिला था, जिसमें दावा किया कि देश के चार अलग-अलग हवाई अड्डों पर बम रखे गए है। जानकारी मिलते ही हवाईअड्डों की गहन जांच की गई, जिसमें बाद में ये धमकी अफवाह निकली। बीते दिन जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, इसके बाद हड़कंप मच गया। हवाई अड्डे के अधिकारिक फीडबैक आईडी पर शुक्रवार दोपहर में धमकी का ईमेल आया था। इसके बाद हवाई अड्डे के सुरक्षाकर्मियों और बम निरोधक दस्ते ने सर्च ऑपरेशन चलाया। साइबर टीम भी मौके पर पहुंची।

# रामटहल चौधरी का कांग्रेस से हुआ मोहभंग, पार्टी से दिया इस्तीफा



**रांची (ससे):** रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने शनिवार को कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ही राष्ट्रीय पार्टियों ने यहां के लोगों को ठगने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों पहले उन्होने दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय मे कांग्रेस के केंद्रीय नेताओं,प्रदेश कांग्रेस प्रभारी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की उपस्थिति में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण किया था। रामटहल चौधरी ने कहा कि टिकट पक्का होने का आश्वासन मिलने के बाद ही उन्होंने यह कदम उठाया था। कांग्रेस पार्टी छोड़ने के वजह बताते हुए रामटहल चौधरी ने कहा की कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने हमसे संपर्क कर कहा कि आप कांग्रेस पार्टी में आ जाएं और जब हमने उनके समक्ष चुनाव के टिकट के विषय पर कहा तो उन्होंने हमें आश्वस्त किया कि आपको हर हाल में टिकट दिया जाएगा। लेकिन टिकट नहीं दिया गया। यह एक प्रकार का मेरे साथ किया गया वादाखिलाफी है। हमारे समर्थक और चाहने वाले के बीच मिल बैठकर यह बात तय हुआ कि इस प्रकार ▶▶ 4

## असम में हाथी का आंतक, दो वन रक्षकों सहित तीन लोगों की मौत

**तेजपुर (ईएमएस):** असम के सोनितपुर जिले में एक जंगली हाथी के हमले में दो वन रक्षकों सहित तीन लोगों की मौत हुई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। एक वन अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

पश्चिम तेजपुर प्रभागीय वन अधिकारी निपेन कलिता ने कहा कि जब वनकर्मी इलाके में गश्त कर रहे थे, तभी जंगली हाथी पास के ढेकियाजुली जंगल से भटककर माजुली गांव में घुस गया और तीन लोगों को कुचलकर मौके पर ही मार डाला, जबकि वन विभाग के एक अन्य कर्मचारी को घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान वनरक्षक कोलेश्वर बोरो और बीरेन रावा और स्थानीय व्यक्ति की पहचान जतिन तांती के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि घायल व्यक्ति दिबाकर मालाकार को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि हाथी को वापस जंगल में धकेलने के प्रयास जारी हैं।

## महाराष्ट्र में 12 साल की बच्ची से गैंगरेप के बाद हत्या

**मुंबई (ईएमएस):** महाराष्ट्र में एक १२ साल की बच्ची की गैंगरेप के बाद पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी गई। यह मामला गोंदिया जिले के देवरी तहसील के चिचगढ थाना के अंतर्गत आने वाले गोठणपार का है। पुलिस ने चारों आरोपियों को पकड़ लिया है लेकिन आरोपियों के भी नाबालिग होने की वजह से उन्हें १७ मई तक बाल सुधार गृह भेजा गया है। चारों का बच्ची से दुष्कर्म करने के बाद पकड़े जाने की बात को लेकर आपसी विवाद हुआ और उन्होंने पत्थर से कुचलकर लड़की की हत्या कर दी। बच्ची आदिवासी आश्रम शाला में छठवीं कक्षा की छात्रा थी।

दुष्कर्म करने वाले बच्ची के पड़ोस के गांव चिल्हाटी के रहने वाले थे। ये चारों आरोपी १२वीं पास हैं तथा अलग-अलग दुकानों में काम करते है। इनमें से एक लड़की का बॉयफ्रेंड था। लड़की को बॉयफ्रेंड से मिलाने के बहाने बाइक पर बिठाकर उसे ये सब जंगल लाए थे। इस मामले के कारण इलाके के लोगों में आक्रोश फैला हुआ था। बलात्कारियों की गिरफ्तारी को लेकर विभिन्न आदिवासी संगठनों ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को ▶▶ 4


सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड का कार्यालय,**
**निर्वाचन सदन, सेक्टर-2, धुर्वा, राँची-834004**
**E-mail : ceocomputercell1@gmail.com**

**आम सूचना**

'लोक सभा निर्वाचन-2024' के सफल संचालन के उद्देश्य से राज्यस्तरीय नियंत्रण कक्ष 24x7 कार्यरत है। चुनाव से संबंधित किसी भी शिकायत एवं जानकारी हेतु राज्य मुख्यालय, राँची में अवस्थित नियंत्रण कक्ष (Control Room) के टॉलफ्री नं० - **1800-331-1950** एवं Voter Helpline Number - **1950** पर आवश्यकतानुसार संपर्क किया जा सकता है।

**जिलास्तरीय नियंत्रण कक्ष**

| क्रम सं0 | जिला | | सम्पर्क दूरभाष |
|---|---|---|---|
| 1. | साहेबगंज | - | 06436-356485, 06436-222101 |
| 2. | पाकुड़ | - | 06435-222064, 9262216191 |
| 3. | दुमका | - | 06434-295042 |
| 4. | जामताड़ा | - | 06433-222004, 06433-222006, 06433-222007 |
| 5. | देवघर | - | 06432-275733, 1800-345-0733 |
| 6. | गोड्डा | - | 06422-222002 |
| 7. | कोडरमा | - | 06534-252219 |
| 8. | हजारीबाग | - | 06546-265233 |
| 9. | रामगढ़ | - | 06553-261417, 06553-261427 |
| 10. | चतरा | - | 06541-253219 |
| 11. | गिरिडीह | - | 06532-228829, 9693143157 |
| 12. | बोकारो | - | 06542-242402, 06542-221125 |
| 13. | धनबाद | - | 03262-222045 |
| 14. | पूर्वी सिंहभूम | - | 06572-440111, 0657-2221718, 0657-2221717 |
| 15. | सरायकेला खरसावां | - | 1800-345-6485, 1800-345-6484, 1800-345-6483 |
| 16. | पश्चिमी सिंहभूम | - | 06582-296128 |
| 17. | रांची | - | 8987790664, 9798300836 |
| 18. | खूंटी | - | 06528-221755, 9262998530 |
| 19. | गुमला | - | 06524-223686 |
| 20. | सिमडेगा | - | 06525-299908 |
| 21. | लोहरदगा | - | 06526-224014 |
| 22. | लातेहार | - | 06565-247981 |
| 23. | पलामू | - | 06562-230003, 06562-222295, 06562-230002 |
| 24. | गढ़वा | - | 06201-261084 |

PR 324145 (Election) 24-25

आदर्श आचार संहिता/निर्वाचन व्यय संबंधी उल्लंघन की घटना तथा अन्य शिकायत एवं जानकारी हेतु उपरोक्त दूरभाष नम्बरों का भी आवश्यकतानुसार उपयोग किया जा सकता है।

बेहतर सुविधा और अधिक जानकारी के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मोबाइल एप्प को डाउनलोड करें

Voter Helpline | cVIGIL | Saksham-ECI | KYC-ECI

(के0 रवि कुमार)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव।

# इस बार दिन भर मतदान


# पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नहीं मिला अंतरिम बेल



**रांची (ससे):** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राँची के पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ़ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने शनिवार को अंतरिम बेल देने से इनकार कर दिया।

प्रवर्तन निदेशालय की विशेष अदालत ने जमीन घोटाले में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका शनिवार को खारिज कर दिया। चाचा के निधन पर उन्होंने तेरह दिनों की औपबंधिक जमानत की गुहार लगाई थी। दाखिल औपबंधिक जमानत पर शनिवार को ईडी कोर्ट में सुनवाई हुई। उन्होंने अपने बड़े पिताजी की अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए १३ दिनों की औपबंधिक जमानत की मांग की थी। अदालत में दोनों पक्षों की दलील सुनने के पश्चात फैसला सुनाया और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका खारिज कर दिया।

# एनआई के एक्शन से कनाडा और ब्रिटेन में खालिस्तानियों की नींद उड़ी

## तिरंगे का अपमान करने वाला इंदरपाल सिंह गाबा पकड़ा गया

**नई दिल्ली (ईएमएस):** भारत ने खालिस्तानियों पर ऐसा कड़ा प्रहार किया हैं कि अब तिरंगे की तस्वीर देख लेने भर से ही खालिस्तान समर्थकों की रुह कांप जाएगी। भारत द्वारा तिरंगे के अपमान का बदला लेने वाली खबर ने ब्रिटेन से लेकर कनाडा तक में हलचल मचा दी है। याद होगा कि पिछले साल मार्च में ५० खालिस्तानियों के एक झुंड ने लंदन में भारतीय हाई कमीशन पर हमला कर दिया था। तब खालिस्तानियों ने लंदन हाई कमीशन पर लगे तिरंगे का अपमान किया था। लेकिन अब भारतीय हाई कमीशन पर हमले का मुख्य आरोपी इंदरपाल सिंह गाबा पकड़ा गया है। गाबा को एनआईए ने गिरफ्तार किया है। इससे ब्रिटेन और कनाडा में खालिस्तान नेटवर्क के नींद उड़ा दी है।

एनआईए ने बताया कि हाउंस्लो के निवासी गाबा को खालिस्तान समर्थकों के उच्चायोग की इमारत में तोड़फोड़ और १९ मार्च को उच्चायोग की इमारत से भारतीय ध्वज को उतारने वाली घटना में उसकी कथित भूमिका के लिए दिल्ली में गिरफ्तार किया गया है। प्रदर्शनकारियों की तरफ से ये आयोजन ब्रिटेन स्थित सिख कट्टरपंथी और खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ) नेता अवतार सिंह खांडा के मार्गदर्शन में किया गया था। ये वही खांडा है जिसकी जून २०२३ में ब्रिटेन के अस्पताल में मृत्यु हो गई। खांडा खालिस्तानी आतंकवादी जगतार सिंह तारा का करीबी सहयोगी था। खालिस्तानियों की तरफ से यह प्रदर्शन १८ मार्च को वारिस पंजाब प्रमुख अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के प्रतिरोध के तौर पर की गई थी। सिंह वर्तमान में असम की एक उच्च सुरक्षा जेल में बंद हैं।

एनआईए ने कहा कि एक बड़ी सफलता में एनआईए ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग पर हिंसक हमले और उसके बाद हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान गैरकानूनी कार्रवाइयों से संबंधित २०२३ के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रवक्ता ने कहा कि गाबा को २२ मार्च, २०२३ के विरोध प्रदर्शन के दौरान गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए गिरफ्तार किया गया। हालाँकि, एजेंसी ने यह नहीं बताया कि ▶▶ 4

# उपायुक्त ने धनबाद लोस क्षेत्र के विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण

**धनबाद/कतरास (कासं) :** शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने आज धनबाद लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ पर एएमएफ की व्यवस्थाओं की जानकारी संबंधित एआरओ से प्राप्त की।

इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने धनबाद विधानसभा क्षेत्र स्थित पांडरपाला के बूथ नंबर ५८, ५९, ६० एवं ६१ टुंडी विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर ७१, ३६८ एवं ३६९ एवं बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर २८० एवं २६८ का निरीक्षण कर एएमएफ की व्यवस्था का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जिन-जिन बूथ में एएमएफ की व्यवस्था में कमी नजर आई वैसे बूथों के पदाधिकारी को ससमय पीने योग्य पानी, शौचालय, बिजली, रैंप, शेड आदि की व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान वल्नरेबल बूथ के मतदाताओं से वार्ता की और कहा कि लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करें तभी लोकतंत्र मजबूत होगा। निर्भीक होकर मतदान करें, किसी के बहकावे में न आएं। जिला प्रशासन एवं पुलिस आप सभी के साथ हैं, इसलिए बिना किसी डर, दबाव, प्रलोभन के अपने मत का प्रयोग करें.

मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह संबंधित क्षेत्र के बीडीओ, समेत बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर मौजूद रहे।

# डीएवी कोयलानागर में संस्कृत श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता आयोजित




**धनबाद (कासं) :** डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर के सभागार कक्ष में शैक्षणिक संवर्धन हेतु अन्तर्सदनीय संस्कृत श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने श्रीमद्भागवत, रामायण व वैदिक यज्ञ के मंत्रों का उच्चारण कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।

मौके पर विद्यालय के प्राचार्य सह क्षेत्रीय सहायक पदाधिकारी झारखण्ड प्रक्षेत्रसी के एन एन श्रीवास्तव ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों को भारतीय संस्कृति के प्रति रुचि जागृत करना व छात्राओं में वाचन कौशल, आध्यात्मिक विकास व आत्मिक विकास करना है। आगे उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय के छात्रों ने राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता सोनीपत हरियाणा में रेसलिंग प्रतियोगिता में आकांक्षा कुमारी एवं पुष्पांजलि पाण्डेय, ताईकवांडो प्रतियोगिता में रजत गुप्ता तथा स्विंग प्रतियोगिता में आयुष सिंह को स्वर्ण पदक से सम्मानित हुए तथा नकद पुरस्कार के रूप में ५००१ रूपये का चेक पाकर हम सभी को गौरवन्वित करवाया।

वहीं दूसरी ओर अन्तर्सदनीय संस्कृत श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता में विभा कुमारी नालंदा सदन की प्रथम, हर्षिता और मानस वलवी सदन की द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही।

कार्यक्रम का संचालन पवन कुमार पांडेय ने किया। वहीं निर्णायक भूमिका डॉ डी के सिन्हा एवं सुमोना ने किया। इस अवसर पर वरीय शिक्षक विष्णु दत मिश्रा, आर के श्रीवास्तव, विश्वजीत मण्डल, सुधांशु कुमार दीनबंधु, रोजी रानी, आर आर दास, अभिलाषा कुमारी, सचिन कर्मकार आदि शिक्षक उपस्थित थे।

# बढ़ती गर्मी में वॉटर थेरेपी से आनंदित हुए दिव्यांग बच्चे



**धनबाद (कासं) :** नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की स्कूल में शनिवार को एक्टिविटी डे के अवसर पर दिव्यांग बच्चों ने बढ़ती हुई गर्मी में राहत के लिए स्विमिंग पूल का आनंद लिया। इस अवसर पर बच्चों के साथ पहला कदम स्कूल की अध्यक्ष रेनु दुदानी, कोलकाता राउंड टेबल से श्वेता अग्रवाल चेयरपर्सन केकेएलसी १४७, अदिति दुदानी चेयरपर्सन सीएमएलसी १३२ उपस्थित थे। उन्होंने दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित वाटर थैरेपी की तारीफ करते हुए कहा कि सामान्य बच्चों के लिए तो इस तरह का आनंद लेते है पर दिव्यांग बच्चों के लिए अनोखा आनंद होता है। सचिव अनीता अग्रवाल ने बताया कि वाटर थैरेपी बच्चों में हाइपर एक्टिविटी को कम करने के साथ साथ गुस्से को कम करती है अपने उम्र के बच्चों के साथ समायोजित होते है साथ ही सेफ्टी स्किल को सीखते है। ठंड के बाद गर्मी में हमारे दिव्यांग बच्चे स्विमिंग पूल का आनंद लेने के लिए बेसब्री से इंतज़ार करते है जो उन्हें आनंदित करता है। खेल खेल में स्विमिंग पूल वाटर थैरेपी के साथ बच्चों में काफी लाभ होता है। तत्पश्चात बच्चो ने जूस और चिप्स का भी आनंद लिया।

# लोक अदालत में 856 विवादों का निपटारा

**धनबाद (कासं) :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर शनिवार को सिविल कोर्ट धनबाद में स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस बावत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा निताशा बारला ने बताया कि एन आई एक्ट के स्पेशल लोक अदालत में कुल १२२ वादों का निपटारा हुआ तथा १ करोड़ २६ लाख ५८ हज़ार ३० रुपया की रिकवरी की गई। वहीं बिजली के स्पेशल लोक अदालत में ६७२ वादों का निपटारा किया गया जिसमें १ करोड़ २३ लाख २० हजार २ सौ ७४ रुपया की रिकवरी हुई। जबकि मासिक लोक अदालत में कुल ६२ वादों का निपटारा किया गया जिसमें ८ लाख ४८ हजार १सौ ५० रुपया का रिकवरी किया गया।

# 1.52 लाख नकद समेत 50 हजार की लॉटरी टिकट जब्त

**गोविंदपुर (ससे) :** गोविंदपुर पुलिस ने शनिवार को गांव भीतर गोविंदपुर में छापेमारी कर मृदुल विष्णु के घर से ५० हजार का लॉटरी टिकट १.५२ लाख नकद बरामद किया। पुलिस इंस्पेक्टर ने बताया कि छापेमारी दल को देखते ही मृदुल विष्णु घर से फरार हो गया। पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने बताया कि इस संबंध में मृदुल विष्णु के खिलाफ भादवि की धारा ४२० एवं बिहार झारखंड बैंक ऑफ लॉटरी एक्ट १९५८ के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है लॉटरी बचने के मामले में मृदुल इसके पूर्व भी गिरफ्तार हुआ था।

# कांग्रेस के न्याय पर जनता दिखा रही है विश्वास : हेमंती जायसवाल



**सिंदरी (ससे) :** धनबाद लोकसभा के सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के भितिया पंचायत में धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी की महासचिव रूबी खातून और सचिव सह सिंदरी विधानसभा प्रभारी हेमंती जयसवाल ने कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के लिए जन संपर्क अभियान चलाया।

मौके पर हेमंती जायसवाल ने कहा कि जनता को कांग्रेस के पांच न्याय पर पूरा भरोसा है और जनता कांग्रेस के विचारधारा पर विश्वास दिखा रही है। धनबाद लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी की जीत को लेकर जनता का समर्थन जन संपर्क के दौरान मिल रहा है।

जिला महारचिव रूबी खातून ने कहा कि कांग्रेस के विचारधारा को हर एक व्यक्ति तक ले जाने के अभियान में जनता का प्यार और समर्थन मिल रहा है। लोग भाजपा के नीति से उत्पन्न स्थिति से संतुष्ट नहीं हैं। धनबाद से कांग्रेस प्रत्याशी की जीत को लेकर जनता से अपील कर रहे हैं कि हाथ का बटन दबाना है और देश में सुशासन लाना है। मौके पर सावित्री देवी, शांति देवी, ज्योति देवी, बिंदिया देवी, सुनीता देवी, परबी मरांडी, मनीषा कुमारी, सरिता देवी, सीमा देवी, लक्ष्मी देवी, ललीता मरांडी, मंगोली देवी, खुशबू मरांडी, प्रेम मरांडी, हरिचरण मरांडी, इब्राहिम, सद्दाम, साजिद, बबलू, साहबुद्दीन आदि मौजूद थे।

# आग से झुलसी दो बहनें तड़पने पर मजबूर

**धनबाद (कासं) :** कोयलांचल के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लापरवाही के कारण आग से झुलसी दो बहनों को तड़पने पर मजबूर है। बताया जा रहा है कि गोड्डा जिले के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के अंजली कुमारी और मानसी कुमारी एसएनएमएमसीएच में आग में झुलसने के कारण भर्ती कराया गया। लेकिन अस्पताल में लापरवाही के कारण बर्न वार्ड के वजह उन्हें जनरल वार्ड में रख दिया गया। आग से झुलसी दोनों बहनें इस भीषण गर्मी में तड़प रही है। जबकि इस संबंध में गोड्डा के उपायुक्त कार्यालय से फोन कर उचित इलाज की व्यवस्था करने को कहा गया। इसके बावजूद भी दोनों बच्ची को एसी वार्ड में शिफ्ट नहीं कराया गया। बच्चों के परिजन ने बताया कि शनिवार की सुबह खेलने के लिए खेत गई थी। खेत में कुछ दिन पहले ही बैगन की फसल कटाई हुई है। बैगन की फसल की कटाई के बाद वहां झाड़ियां थी और उन झाड़ियां पर बच्चियों आग लग रही थी। इसी दौरान आग तेजी से फैल गई और उसकी चपेट में आकर दोनों बुरी तरह घायल हो गए। इसके बाद इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन स्थिति को गंभीर देखते हुए धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया। जहां लापरवाही का दंश झेल रही है।

# सिविल कोर्ट में न्यायाधीशों ने किया रक्तदान

**धनबाद (कासं) :** शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन सिविल कोर्ट धनबाद स्थित लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल कार्यालय में किया गया। शिविर में १२ न्यायिक पदाधिकारीयों, ८ अभियोजन पदाधिकारी, लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल के सदस्यों, सिविल कोर्ट कर्मचारीयों, अधिवक्ताओं, डालसा के पारा लिगल वोलेंटियर ने कुल २६ यूनिट रक्त का दान किया। सबसे पहले रक्तदान धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुलदीप मान ने किया जिसके बाद अवर न्यायाधीश निताशा बारला, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी पूजा पांडे, अपर लोक अभियोजक समित प्रकाश , उनकी पत्नी मिनल प्रकाश, उमेश दीक्षित पुलिस जय कुमार रवानी, सौरव सरकार, अभिजीत कुमार साधु, पंकज कुमार श्रीवास्तव, श्रीचंद प्रसाद, संदीप कुमार, अरूण कुमार, रघुनाथ महतो, सुमन पाठक, शैलेन्द्र झा, नीरज गोयल, मुस्कान चोपड़ा, स्वाति कुमारी, हेमराज चौहान, जयदेव बनर्जी, चंदन कुमार, प्रदीप कुमार सिन्हा, शमशेर आलम, अनूप कुमार, अशोक कुमार, ने दोपहर १२ बजे तक रक्तदान किया। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के अध्यक्ष राम शर्मा ने कहा कि वक्त का हर क्षण और रक्त का हर कण अमूल्य होता है। रक्तदान एक महान कार्य है। रक्तदान कर आप किसी की जान बचा सकते हैं। सामाजिक कार्यों में इससे श्रेष्ठ कोई दान नहीं होता। वही अवर न्यायाधीश नितासा बारला ने कहा कि डालसा मुफ्त कानूनी सहायता के अलावा सामाजिक कार्यों में बढ़कर हिस्सा लेती है और इसी कड़ी में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। मौके पर अवर न्यायालय मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अवर न्यायाधीश एंजेलिना जॉन, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी पूनम कुमारी, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी पूनम कुमारी, रजिस्ट्रार अभिनव त्रिपाठी, एसएनएमसीएच के डॉक्टर बी के पांडे, अशोक शर्मा, संजीव कुमार, राजू महतो, शंभू साहनी, विष्णुपद कुंभकार, टेक्निशियन, प्रार्थना गुप्ता, प्रियंका कुमारी, प्रेरणा, पैरा लीगल वोलेंटियर राजेश सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।



# दो गुटों के बीच मारपीट, कई घायल

**बलियापुर (ससे) :** बाघमारा पंचायत के सरैयाभीठा गांव में शुक्रवार की रात दो गुटों में हुई मामूली विवाद को ले जमकर मारपीट हुई। जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। लोगों को इलाज के लिए बलियापुर सीएचसी लाया गया। गांव के रामू महतो व आकाश महतो परिवार के बीच मामूली बात को लेकर विवाद हुआ था। मारपीट में रामू महतो उनकी पत्नी आरती देवी, पुत्र हिमांशु महतो, प्रियांशु महतो, जमुना देवी के अलावा दूसरे पक्ष के कई लोग घायल हो गए। घायलों की दोनों पक्षों ने बलियापुर थाना में अलगअलग शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

# 1 को धनबाद लोस से जगदीश रवानी करेंगे नामांकन



**धनबाद (कासं) :** शनिवार को मार्क्सवादी युवा मोर्चा की एक बैठक भूली ए ब्लॉक में अरविंद तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो उपस्थित थे। बैठक को सम्बोधित करते हुए पवन महतो ने कहा कि मायुमो के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश रवानी १ मई को धनबाद लोकसभा से मासस प्रत्याशी के रूप में नामांकन करेंगे। धनबाद लोक सभा से जगदीश रवानी की जीत के लिए मायुमो कार्यकर्ता तन मन धन से लग जाए।

बैठक में मुख्य रूप से राजेश रवानी, विक्की रजक, मंटू रवानी राजकुमार महतो, सुबोध महतो, शंकर महतो, लाल रजक, ननकू रवानी, दिनेश रवानी आदि शामिल थे।

# धनबाद का विकास चाहिए तो साफस्वच्छ छवि के प्रत्याशी को चुने : कार्तिक हाड़ी

**धनबाद/जोड़ापोखर (कासं) :** देश में लोकसभा चुनाव का पर्व मनाया जा रहा है। धनबाद में चुनाव की तिथि २५ मई है। धनबाद शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर लगातार जिला प्रशासन के साथसाथ कई सामाजिक संस्थाएं भी मतदाताओं को जागरूक करने का भी प्रयास कर रहे हैं ताकि इस बार मतदान प्रतिशत शतप्रतिशत हो। इसी कड़ी में हाड़ी जाति समाज सुधार समिति एक सामाजिक संस्था के जिला प्रवक्ता कार्तिक हाड़ी ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर धनबाद के मतदाताओं को २५ मई के दिन अपनेअपने बूथों पर जाकर मतदान करने की अपील की है। संस्था की ओर से यह अपील की गई है कि हरेक मतदाता एक साफस्वच्छ छवि के प्रत्याशी का चुनाव करें जिससे की राष्ट्र मजबूत हो सके। धनबाद में आज भी बेरोजगारी चरम पर है।

डिग्रियां लेकर भी युवा आज नौकरी के लिए दरदर भटकने को मजबूर है। धनबाद में एक ऐसे सांसद की आवश्यकता है जो बेरोजगारी दूर कर सके। नौकरी के लिए पलायन रुके। उच्च शिक्षण संस्थान धनबाद में स्थापित हो



ताकि उच्च शिक्षा के लिए युवाओं को बाहर दूसरे राज्यों में जाना नहीं पड़े। स्वास्थ्य व्यवस्था जिले में बेहतर करने की आवश्यकता है। धनबाद व आसपास के जिले के गरीब तबके के लोगों के लिए एसएनएमएमसीएच ही एक मात्र सरकारी अस्पताल है। जहां इलाज की समुचित व्यवस्था नहीं है। स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार के क्षेत्र में व्यापक स्तर पर कार्य करनेवाले सांसद की आवश्यकता आज इस धनबाद को है। इसलिए महत्वपूर्ण है कि लोग समझ बुझकर प्रत्याशी का चुनाव करें ताकि धनबाद की जवलन्त और लंबित मांगे पूरी हो सकें।

# मिट्टी का अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**धनबाद (कासं) :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर कोयला, बालू सहित अन्य खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने शनिवार को मिट्टी के अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध बरोरा थाना में एफआईआर दर्ज कराई है।

इस संबंध में श्री प्रमाणिक में बताया कि २४ अप्रैल को बरोरा थाना द्वारा जब्त एक जेसीबी मशीन एवं मिट्टी लदे २ ट्रैक्टर




की आज जांच की गई। जांच में पाया गया कि दोनों ट्रैक्टर में जेसीबी से मिट्टी का अवैध खनन कर लोड किया गया है। वहीं पूछताछ के क्रम में पता चला कि उस स्थान से मिट्टी का अवैध खनन कर जिले के अवैध ईंट भट्ठे में भेजा जाता है।

जांच पड़ताल के बाद खान निरीक्षक ने जब्त जेसीबी, जेसीबी के मालिक, जेसीबी के ऑपरेटर, लगभग ८० घनफीट मिट्टी लदे ट्रैक्टर नंबर जेएच १० ए.एन. ८६७७, लगभग ४० घनफीट मिट्टी लदे ट्रैक्टर नंबर जेएच ०९ पी ५६५७, दोनों ट्रैक्टर के मालिक तथा उसके चालकों एवं इस कार्य में संलिप्त अज्ञात लोगों के विरुद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम १९५७, झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली, २००४ के नियमों तथा आईपीसी के विभिन्न धाराओं के तहत बरोरा थाना में आज प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# बर्ड फ्लू को लेकर जिले में अलर्ट टीम कर रही है मॉनिटरिंग



**धनबाद (कासं) :** अगर आप अंडा और मुर्गा खाने के शौकीन है तो सावधान हो जाए। क्योंकि धनबाद में बर्ड फ्लू का खतरा का मंडरा रहा है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर है। दरअसल पिछले दिनों रांची के होटवार में कुक्कुटों के मारने का मामला प्रकाश में आने के बाद बर्ड फ्लू को लेकर धनबाद जिले में अलर्ट जारी कर दिया गया है। जिले के क्षेत्रों पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया गया है। इसके बाद १२ क्विक टीम का गठन कर दिया गया है। हर प्रखंड पर एक टीम और नगर निगम स्तर पर एक टीम और जिला स्तर पर एक टीम का गठन किया गया है। जिला स्तर पर रोजाना रिपोर्ट ली जा रही है। टीम को अलर्ट रखने का आदेश दिया गया है। टीम अपने क्षेत्र में भ्रमण कर यह निश्चित कर रहे हैं कि कहीं किसी पक्षी की मृत्यु होने की सूचना मिल जाए।

डी.बी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. के लिए जोड़ाफाटक रोड, धनबाद से राजेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा मुद्रित एवं अंजना अग्रवाल द्वारा प्रकाशित. संपादक -गणेश मिश्रा. फोन -9431726337
e-mail : biharobserver@gmail.com RNI No- 58991/95. * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन एवं प्रकाशन के लिए गणेश मिश्रा जिम्मेवार होंगे एवं समस्त विवाद धनबाद न्यायालय के अधीन होंगे

# शिव शक्ति महायज्ञ का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ





**केन्दुआ (ससे) :** तीन दिवसीय श्री श्री सार्वजनिक १०८ शिव शक्ति महायज्ञ खरिकाबाद, हरि मंदिर, कुसुंडा में शनिवार को शुभारंभ भव्य कलश यात्रा से हुआ। ३३१ कलश और १५१ निशान लेकर बच्चियाँ और महिलाओं ने गाजेबाजे और आकर्षक झांकी के साथ जलयात्रा में शामिल हुई। बच्चों और युवाओं में काफी उत्साह रहा। रामधुनी भजनों से पूरा क्षेत्र भक्ति मय हो गया। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से चलकर नगर भ्रमण करते हुए कुसुण्डा रेलवे तालाब पहुँचा। जहाँ विधिविधान से आचार्य गोबिंद जी महाराज और देवघर से आये विद्वान आचार्यों ने यजमान दीपक प्रमाणिक,राजु रवानी, गोपाल रवानी, विजय रवानी, रविन्द्र रवानी और शंकर कर्मकार सह पत्नी से पूजन कार्यक्रम के साथ जलभरण करवाया। जयकारे से पूरा क्षेत्र भक्ति मय हो गया। जलयात्रा जल लेकर पुनः यज्ञ स्थल पहुँचा। आचार्यों ने बताया कि कलश यात्रा के बाद पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, संध्या आरती एवं रात्रि में प्रवचन, रविवार को बेदी पूजन, सप्तशति पाठ एवं रात्रि में प्रवचन, तथा सोमवार को बेदी पूजन, पूर्णाहुति, ब्राह्मण भोजन, कुमारी पूजन एवं भोजन तथा भंडारा के साथ पूर्णाहूति होगी। संत निरंकार मिशन के सौजन्य से राम प्रसाद दास (मुखिया) के नेतृत्व में सेवादल के हीरा लाल, बलबीर यादव, अशोक रंजक, रामस्वरूप पासवान, श्याम सुंदर पंडित, मनोज शर्मा, प्रिंस खत्री आदि ने भक्तजनों को शरबत पानी पिलाया। आयोजन को सफल बनाने में यज्ञ समिति के अध्यक्ष विमल चंद्र प्रमाणिक, सचिव भुवनेश्वर रवानी, कोषाध्यक्ष तरूण रवानी, सहकोषाध्यक्ष कैलाश मधेशिया, हरिशंकर रवानी, धनंजय प्रमाणिक, तपन प्रमाणिक, भोलेनाथ राम, संतोष रवानी, गणेश रवानी, सोनु रवानी, बसंत रवानी, जितेन्द्र रवानी, मुकुंद रवानी, गोपाल रवानी, राजन रवानी, रविन्द्र राम आदि का अहम् योगदान रहा।

# हेलो किड्स स्मार्ट स्कूल में वार्षिकोत्सव संपन्न



**जामाडोबा (ससे) :** हेलो किड्स स्मार्ट स्कूल शालीमार ग्राउंड में शनिवार को नए सत्र के उपलक्ष में एनुअल प्राइज नाइट वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के बच्चों ने नृत्य कला और रंगारंग कार्यक्रम कर भाग लिया हेलो किड्स स्मार्ट स्कूल के निदेशक मोहम्मद इरफान खान ने बताया कि परीक्षा खत्म होने के बाद नए सत्र शुरू होने के बीच में जो समय मिलता है उसमें बच्चों को पढ़ाई के साथसाथ कला संस्कृति में उनकी प्रतिभा को निखरने का मौका दिया जाता है अतिथि के रूप में आए बीबीएम कॉलेज बलियापुर के फाउंडर प्रिंसिपल डॉक्टर सिद्धार्थ बंदोपाध्याय ने बताया कि शिक्षा अमूल धरोहर है और इसके बिना विकास की कल्पना भी अधूरी है साथ में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में आए जोड़ापोखर थाना के ऑफिस इंचार्ज राजेश कुमार ने बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहा जो बच्चे वार्षिक परीक्षा में अपने क्लास में टॉप रैंक लाए थे। उन्हें मेडल, मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के निर्मल शरण सेवा ट्रस्ट के सचिव सुधांशु शेखर ने कहा कि कम फीस में हम लोग बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के साथ उनके अंदर की छुपी प्रतिभा को भी निखरने का प्रयास कर रहे हैं। स्कूल के शिक्षक और शिक्षिका गोपाल राय, म्यूजिक टीचर विजय शंकर उपाध्याय, शफ़क़त फिरदौश, ज्योति सिंह, विनीता, राशि, सिद्धि श्रीवास्तव, फरहत जहां, सब्रा परवीन, शना जबी, अर्पिता, तारा, सीमा सुलतान, जया कुमारी, नंदनी, सीमा शर्मा, दलजीत कौर, सुनीता सिंह, स्वीटी सिंह, अभिजीत मौदक ने नृत्य और शो कर रहे बच्चों को उनके परफॉर्मेंस करवाने में मुख्य भूमिका निभाई।

# झामुमो कार्यकर्ताओं से प्रचार अभियान में जुटने की अपील



**गोविंदपुर (ससे) :** बेरमो विधायक अनूप सिंह ने महागठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए झामुमो कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर प्रचार अभियान में जुट जाने की अपील की।

शुक्रवार रात उन्होंने जिप सदस्य नाजिश रहमानी एवं झामुमो के जिला संगठन सचिव एजाज अहमद के आवास पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की जीत तय है और अब सभी कार्यकर्ताओं को अपनीअपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करना होगा। उन्होंने गांव गांव जाकर प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में प्रचार करने का आह्वान किया। श्री अहमद ने कहा कि झामुमो की पूरी टीम का पूरा सहयोग रहेगा। इस अवसर पर २० सूत्री के जिला उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव सिंह, नवीन सिंह, माथुर अंसारी, सत्येंद्र मिश्रा, ईश्वर किस्कू, लेबा मरांडी, अजय मालाकार, प्रेम, अली अख्तर, अयूब अंसारी, इरशाद अंसारी, सलीम अंसारी आदि मौजूद थे।

# हरिजन बस्ती के हजारों लोग पानी के लिए दरबदर भटक रहे हैं



**कतरास (ससे) :** बीसीसीएल एरिया ५ के अन्तर्गत जोगता हरिजन बस्ती ११ नंबर की आबादी लगभग एक हजार हैं। इस बस्ती में ९९ एक ही जाति (एससी) के लोग रहते हैं जिसके कारण इन बस्तियों का दुर्दशा वद से बत्तर दिख रहा है। इस बस्ती के लोग को पीने योग्य पानी बरसों से नहीं मिल रहा है, फिलहाल पीट वाटर से ही काम चलाना पड़ रहा हैं।

वर्तमान समय में लोकतंत्र का महापर्व मनाया जा रहा है इसे पूर्व भी कई जनप्रतिनिधि में वार्ड पार्षद, विधायक और सांसद इन बस्तियों के वोट से विजय प्राप्त हुए हैं, इसके बावजूद भी इन बस्तियों में पीने वाले पानी का जुगाड़ नहीं करा पाना एक विडंबना सा दिखता है।

गौरतलब है कि इस बस्ती के लोग क्षतिग्रस्त पाइप से निकलने वाले मीठे जल को ग्रहण करने के लिए मजबूर है जो कि सिजुआ स्टेशन के समीप रेल ट्रैक के बगल में यह पाइप टूटा हुआ है जहां इस बस्ती के लोग खुले आसमान के नीचे प्रचंड गर्मी में पानी भरने के लिए जुटते हैं, धनबाद चंद्रपुरा का मेंन लाइन है इस पर कई एक्सप्रेस, पैसेंजर सहित मालवाहक गाड़ी बैरंग दौड़ती है, जो कभी भी सावधानी हटी दुर्घटना घटी वाली कहावत चरितार्थ होती नज़र आ रही हैं। इस बस्ती के समीप बीसीसीएल एरिया ५ के सिजुआ साइडिंग भी संचालित है जो मशीनीकरण से कोयले की धुलाई होता है, जो दिन रात धुल कण इस बस्ती वाले को खाना पड़ रहा है इतना ही नहीं आउटसोर्सिंग कंपनियों द्वारा बड़ेबड़े ओबी डस्ट गिरा कर ऊंचाई बना दिया गया है, जिससे बस्ती के काफी लोग प्रदूषित हो रहे हैं क्योंकि इस गांव के आसपास पेड़ की कटाई पूर्व में कर दिया गया था, जिसके बाद से अब तक एक भी पेड़ इस क्षेत्र में नहीं लगाया गया है, जिसे १००० आबादी वाले हरिजन बस्ती के लोगों को उनके स्वास्थ्य पर भी बुरा असर दिख रहा है। जिला प्रशासन द्वारा प्रचंड गर्मी को देखते हुए सभी जगहों पर पानी दिया जा रहा हैं के दावे कि धजिया उड़ाई जा रही है।

झमाडा के रिटायर कर्मियों से जब इस मामले पर जानकारी लिया गया तो उन्होंने बताया कि सिजुआ स्टेडियम स्थित फ्लाईओवर के नीचे १४ इंची पाइप से बांसजोड़ा के लिए पीने योग्य पानी के पाइप गया था, लेकिन पूर्व में आउटसोर्सिंग कंपनी के संचालन के कारण पाइप क्षतिग्रस्त हो गया, जो आज तक पाइप क्षतिग्रस्त अवस्था में सिजुआ स्टेशन के समीप तक रह गया है अगर पाइप नया मिलता है तो बस्ती तक बढ़ाया जा सकता है।

वही समाजसेवी मुकेश गुप्ता ने बताया आउटसोर्सिंग कंपनी व रेलवे साइडिंग से प्रदूषण के मार झेल रहे इन बस्ती के लोगों पर बीसीसीएल सीएसआर फंड के तहत खर्च नहीं करती है, पानी, बिजली व स्वास्थ्य पर खर्च करना है, लेकिन बीसीसीएल पूरी तरह से लापरवाह दिख रही हैं, जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि जो अधिकारी लापरवाही व्रत रहे उनके ऊपर कारवाई हो।

# अवैध शराब जब्त, मामला दर्ज



**लोयाबाद (ससे) :** लोयाबाद थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार के नेतृत्व में गुप्त सूचना पर शनिवार को लोयाबाद स्टेशन के फाटक के समीप से ५ लीटर अवैध महुआ शराब के साथ जानु चौहान, पिता धीरज चौहान कनकनी नं. ४ निवासी को बिना नंबर प्लेट के काले रंग का हीरोहोण्ड मोटरसाइकिल के साथ फरार हो गया। अवैध शराब मामला में तीनों पर मामला दर्ज किया गया है।

# ओबीआर डंपिंग का ग्रामीणों ने किया विरोध

**लोयाबाद (ससे) :** लोयाबाद पांच नंबर पिट के पास कनकनी में संचालित आउटसोर्सिंग कम्पनी राम अवतार के ओबीआर डम्पिंग का विरोध ग्रामीणों ने किया। शनिवार सुबह जैसे ही ओबीआर लेकर वाहन पहुंची तो यहां के ग्रामीण विरोध करने लगे। ग्रामीण कम्पनी के वाहन के नीचे आकर जान देने की धमकी भी देने लगे। खूब हंगामा होता रहा। सूचना पाकर बीसीसीएल, कम्पनी प्रबंधन सहित लोयाबाद पुलिस एंव सीआईएसएफ की टीम पहुच गई। ग्रामीणों का कहना है कि हजार डेढ़ हजार आबादी के बीच यही एक छोटा सा ग्राउण्ड है। जहां पर बच्चे खेलते है। हिंदू एवं मुस्लिम रामनवमी एवं मुहर्रम का अखाड़ा भी खेलते है,शादी व्याह मे काम आता है। दूसरी बात प्रदूषण से लोग त्रस्त हो जाएंगे। ओबी का पहाड़ खड़ा हो जायेगा। हवा रूकेगा तो यहां के लोगों का दम घुटेगा। लोगों का यह भी कहना था कि बांसजोड़ा से हटाकर यहां बसाया गया। यह जगह सुरक्षित है। अब यहां ओबी डम्पिंग का प्लान किया जा रहा है। यह अन्याय है। किसी भी कीमत में ओबी यहां डंप नहीं होने दिया जायेगा। करीब दो घंटे के बाद कम्पनी वाहन और मशीन लेकर लौट गए। ग्रामीणों के आग्रह पर सासंद चंद्रप्रकाश चौधरी रविवार को आकर ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू होंगे। विरोध करने वालों में पांच नंबर मुस्लिम बस्ती, नया धौड़ा, पांच नंबर खटाल, मल्लाह बस्ती आदि के ग्रामीण शामिल थे। वही इस मामले में कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी नारायण प्रसाद ने कहा कि यह जमीन बीसीसीएल की है। यहां राम अवतार कंपनी को ओबी डंपिंग के लिए दिया हुआ है। ग्रामीण डंपिंग को रोक रहे है ग्रामीणों को समझाया जा रहा है, अगर नहीं मानेंगे तो कानूनी मदद ली जाएगी।

# मैगजीन घर में लगी आग पर पाया गया काबू



**कतरास रु(ससे) :** बीसीसीएल गोविंदपुर क्षेत्र संख्या तीन अंतर्गत आकाशकिनारी मैगजीन घर में आग लग गई। आग लगने से अफरा तफरी का माहौल हो गया। धीरेधीरे झाड़ी एवं पेड़ों में फैलने लगा। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की २ गाड़ी वहां पहुंच गई और समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया। मौके पर एरिया ३ के महाप्रबंधक जीसी साहा, प्रबंधक अमित कुमार, सीआईएसएफ के इंस्पेक्टर व अन्य लोग मौजूद थे।

# चाईबासा में लगी विशेष लोक अदालत

**चाईबासा (ससे) :** चाईबासा व्यवहार न्यायालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को बिजली एवं एनआई एक्ट (चैक बाउंस) से संबंधित वादों के निष्पादन के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें कुल ८२ मामलों का निष्पादन किया गया।प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश विश्वनाथ शुक्ला ने बताया कि बिजली से संबंधित ७७ मामलों का निष्पादन कर ६ लाख ८ हजार रुपए का समायोजन किया गया तथा एन आई एक्ट (चेक बाउंस) से संबंधित पांच मामलों का निष्पादन कर ४ लाख ४५ हजार रुपए का समायोजन किया गया। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान आवागमन की असुविधा को देखते हुए अन्य लोगों से अपील की गई है कि वे कभी भी आकर अपने मामले का निपटारा करवा सकते हैं।

# बेहोशी का स्प्रे छिड़कर चोरों उड़ाए 3 लाख



**पुटकी (ससे) :** स्वामी विवेकानंद नगर पुटकी में शुक्रवार की देर रात चोरों ने ठेकेदार राजनंदन रजक उर्फ शेरू के घर से ३ लाख रूपये नकद चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना के संबंध में भुक्तभोगी शेरू ने बताया कि रात करीब १२ बजे दरवाजा के बाहर पंखा लगाकर दरवाजा को खुला रखकर पत्नी और बच्चों के साथ सभी एक ही कमरा में सो गए। सुबह जब पत्नी उठी तो बगल के कमरे का अलमीरा खुला था एवं लोहे का एक बॉक्स का ताला टूटा था। दोनों में लगभग ३ लाख रुपए थे। जिनमे से शुक्रवार को ही लाभुक समिति के भुगतान का ९० हजार बैंक से निकाल कर घर पर लाया था। वहीं भुक्तभोगी शेरू रजक ने आशंका व्यक्त किया चोरों ने बेहोशी का स्प्रे कर सभी को बेहोश कर घटना को अंजाम दिया। शेरू सियालगुदरी पंचायत के वार्ड मेम्बर भी है।

# कोयला लदी हाईवा जब्त

**कतरास (ससे) :** बीसीसीएल एरिया ४ के सीआईएसएफ ने केशलपुर कोलियरी अंतर्गत कुम्हार पट्टी के समीप गुप्त सूचना के आधार पर बीती रात अवैध कोयला के खिलाफ छापेमारी की। सीआईएसएफ ने बताया कि मौके से एक हाईवा कोयला जब्त किया गया, जिसे बीसीसीएल प्रबंधन को सुपुर्द कर दिया गया।

# दो साइबर अपराधी गिरफ्तार

**साहिबगंज (ससे) :** साहिबगंज जिले के मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत बने भगैया चेक पोस्ट पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने दो साइबर अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अपराधी के पास से विभिन्न बैंकों के कई एटीएम कार्ड ,आधार कार्ड, फर्जी फिंगर प्रिंट मशीन, स्टैंप पैड, मोबाईल फोन, कई सिम कार्ड, ब्लैंक चेक, उज्ज्वला योजना के फॉर्म सहित एक टोयोटा कोरोला कार को भी ज़ब्त किया है।

# कांग्रेस प्रत्याशी ने की अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण



**पुटकी (ससे) :** ईडी गठबंधन धनबाद लोकसभा प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने शनिवार को पुटकी २ नंबर स्थित बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुटकी, भागाबांध सहित अन्य क्षेत्रों में सघन दौरा प्रारंभ किया।

वहीं पुटकी पंहुचने पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष क्यूम खान के नेतृत्व के उनका स्वागत किया। इससे पूर्व पुटकी मोड़ प्रभु महतो चौक पर घंटो प्रत्यासी का इंतजार किया लेकिन वो वँहा नही उतरी, जिससे कांग्रेसियों में खासा काफी निराशा हुई। मौके पर पूर्व प्रमुख भानुप्रताप,गुकू खान, अक्षयवर प्रसाद,पप्पू कुमार पासवान, राजू अंसारी,रामविलास राम, रामनाथ सिंह, मो वसीम आदि।

# आरोपी के घर चिपकाया गया इश्तेहार

**गोविंदपुर (ससे) :** गोविंदपुर पुलिस ने थाना कांड संख्या ५१/ २१ दिनांक २४-१-२०२१ धारा ३६६ ए ५०४, ३४ भादवि के अभियुक्त बैटरी मांझी उर्फ बेटरा मांझी के घर शनिवार को इश्तिहार चिपकाया। कांड की अनुसंधानकर्ता अवर निरीक्षक सुरबाला भृंगराज ने कोर्ट के निर्देश पर बैटरी मांझी, पिता स्व. ठेपा मांझी, साकिम :जामकूदर, थाना कालूबथान के घर जाकर इश्तिहार चिपकाया। गोविंदपुर थाना अंतर्गत ग्राम तिलाबनी, बरदोही निवासी टिंकू तुरी ने उसके खिलाफ अपनी पुत्री को बहला फुसला कर ले जाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# इंडिया गठबंधन के विभिन्न दलों की बैठक



**बलियापुर (ससे) :** कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को इंडिया गठबंधन के विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में धनबाद लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को के समर्थन विचारविमर्श किया गया। बैठक में कांग्रेस के ईदू अंसारी मधुसूदन मोदक शेख तालीम सुरेश रवानी कुर्बान अंसारी गयासुद्दीन अंसारी बुद्धदेव महतो रीना देवी नैरूद्दीन खैरुन्निसा झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सूर्यकांत सोरेन हैदर अली अब्दुल कादिर भकपा माले के सुधीर महतो मजीद खान कृष्णा महतो राजाद के प्रदीप पाल और सीपीएम कार्यकर्ता मौजूद थे।

# लोकतंत्र के महापर्व में उत्साह के साथ हों शामिल : उपायुक्त



**बोकारो (ससे):** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर ०२ सी स्थित बोकारो इस्पात सिनियर सेकेंडरी विद्यालय एवं सेक्टर ०२ डी स्थित बोकारो इस्पात प्लस टू विद्यालय में शनिवार को लोकसभा आम निर्वाचन २०२४ के सफल संचालन को लेकर दूसरे चरण का पीठासीन पदाधिकारियों (पीओ) को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का जायजा जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव ने लिया। मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, प्रभारी पदाधिकारी अतुल कुमार चौबे, मीडिया कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने क्रमवार दोनों विद्यालयों में आयोजित प्रशिक्षण सत्र का जायजा लिया। प्रशिक्षण में कुल ६६० पीठासीन पदाधिकारी शामिल हुए। उन्होंने पीठासीन पदाधिकारियों को विद्यालय सभागार में ब्रीफ करते हुए संबोधित किया कि निर्वाचन कार्य में पीठासीन पदाधिकारियों (पीओ) का काफी अहम रोल है। पीओ को टीम लीडर की तरह कार्य करना होता है। समन्वय बनाकर सभी के साथ (पी वन,पी टू एवं पी थ्री) काम करना है। लोकतंत्र के इस महापर्व में उत्साह के साथ सभी काम करें, पांच वर्ष में एक बार यह पर्व आता है। कुछ ही ऐसे लोग होते हैं जिन्हें मतदान कराने का अवसर प्राप्त होता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि आप सबों का प्रशिक्षण सत्र बेहतर चल रहा है। डीएलएमटी द्वारा सभी बिंदुओं पर जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण में बताई गई बातों को गंभीरता से लें और उसी के अनुरूप अपने कार्य दायित्व का निष्पादन करें। सभी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पीठासीन पदाधिकारियों के लिए जारी हैंडबुक (मैनुअल) को अच्छी तरह से अध्ययन करें, हैंडबुक में सभी सवालों का उत्तर अंकित है। निर्वाचन में किसी भी कार्य को अपनी मनमर्जी से नहीं किया जाता है। आयोग के दिशा - निर्देश का अक्षरश: अनुपालन होता है। इसलिए कहीं कोई चूक नहीं हो, सभी मतदान केंद्रों पर वेब कास्टिंग होगी। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान उनके दायित्वों और जिम्मेदारियों से अवगत कराया।

इससे पूर्व, नोडल पदाधिकारी सह प्रशिक्षक पंकज दूबे ने काफी सरल तरीके से पीठासीन पदाधिकारियों को मतदान दल के डिस्पैच के उपरांत, मतदान दिवस के दिन उनके कर्तव्य एवं दायित्व को विस्तार से बताया। पीठासीन पदाधिकारियों के बीच लगभग ४५ प्रश्न - उत्तर के माध्यम से भी जानकारी साझा की गई। साथ ही, अन्य महत्वपूर्ण दिशा - निर्देशों की जानकारी दी।

वहीं, विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं में पीठासीन पदाधिकारियों को जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों द्वारा ईलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम)/ वोटर वैरिफिएबल पेपर आडिट ट्रैल (वीवीपैट) का प्रशिक्षण विस्तार से दिया गया। उन्हें कंट्रोल यूनिट (सीयू), बैलेट यूनिट (बीयू), वीवीपैट को कनेक्ट करने एवं संचालन, माक पोल, पेपर सिलिंग आदि की विस्तार से जानकारी दी गई।

# यूनियन की बैठक में राजनीति भागीदारी पर चर्चा



**डुमरी (ससे):** हिन्द मजदूर किसान यूनियन से जुड़े सदस्यों की एक बैठक शनिवार को रांगामाटी में हुयी। अध्यक्षता चोलो महतो व संचालन यूनियन के अनुमंडल अध्यक्ष गंगाधर महतो ने किया जबकि मुख्य अतिथि के रूप डालोराम महतो ने उपस्थित सदस्यों को युनियन के नीति सिद्धांतों की जानकारी देते हुए डुमरी अनुमंडल के विभिन्न पंचायतों में यूनियन की कमिटी गठन करने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने कहा कि बेरोजगारों, मजदूरों,किसानों तथा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े शोषितों के हक व अधिकार के लिए संघर्ष करना यूनियन का उद्देश्य है। इस दौरान प्रखंड के १५ पंचायत में यूनियन के गठित कमेटी के उपस्थित पदाधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव में यूनियन की भागीदारी एवं भूमिका पर चर्चा की गई। कहा गया कि क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार सृजन एवं क्षेत्र की सर्वांगीण विकास की बात करने वाले को ही यूनियन समर्थन करने का काम करेगा।अनुमंडल अध्यक्ष गंगाधर महतो ने कहा कि आज जिस तरह हरेक विभागों में भ्रष्टाचार हावी हो गया है उसपर अंकुश लगाने के लिए आमजनों को जागरूक होना होगा साथ ही निर्वाचित होने वाले क्षेत्र के प्रतिनिधियों को गंभीरता दिखानी होगी।

बैठक में महेन्द्र बिन्द, शंकर महतो, सुभाष पंडित, मदन मोहली, राजेन्द्र मोहली, रवीन्द्र कुमार महतो, तेजलाल महतो, तेजनारायण महतो, जयलाल प्रसाद दास, राजू मोहली, घनश्याम सिंह, मनीर अंसारी, नुनुचन्द महतो, राजेन्द्र यादव, अजित ठाकुर, राजू मोहली, शाहीद अंसारी, ईश्वर महतो, गुलाम मुरतजा, जाफर अंसारी, सहबाज खान, नन्दकिशोर पंडित,करमचंदमहतो, रेवतलाल महतो, कपिल ठाकुर, विजय मुर्मू, महावीर महतो, मोहन महतो, मेहंदी हसन, रूपलाल तुरी, बसंत विश्वकर्मा, बैजनाथ राय, मनीर अंसारी, विजय महतो आदि उपस्थित थे।

# बीजीएच में 4 नए एम्बुलेंस औपचारिक रूप से शामिल



**बोकारो (ससे):** बी एस एल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति में बोकारो जनरल हॉस्पिटल में चार (०४) नए एम्बुलेंस को औपचारिक रूप से शामिल किया गया. कार्यक्रम में सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन), सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा), राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) ,बोकारो जनरल हॉस्पिटल के प्रभारी डॉ बी बी करुणामय के साथ वरीय डॉक्टर्स, अधिकारीगण तथा कार्मिक शामिल थे.

नए एम्बुलेंस में मरीजों के जीवन रक्षा की सभी मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध हैं. इनमें से ०२ एम्बुलेंस संयंत्र स्थित व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र में और ०२ बीजीएच में तैनात रहेंगे तथा बीएसएल प्लांट और टाउनशिप के भीतर चौबीसों घंटे संचालित होगी। बी एस एल प्रबंधन अपने कार्मिकों एवं उनके आश्रितों के लिए एक हेल्पलाइन नंबर ०६५४२ - २८९०५५ जारी की है जिसपर सूचना देकर आकस्मिक समय में एम्बुलेंस की सुविधा प्राप्त की जा सकती है.

# जनसंपर्क अभियान के तहत ग्रामीणों ने युवा कांग्रेस नेता का किया विरोध

**गिरिडीह (ससे):** गिरिडीह युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मो० हसनैन अली गांडेय विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान किया जिसमें कई गांव में जिला अध्यक्ष का भ्रमण हुआ और स्थानीय ग्रामीणों ने झारखंड में एक भी अल्पसंख्यक उम्मीदवार को लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं दिए जाने की नाराजगी है और लोगों ने जिला अध्यक्ष की गाड़ी रोककर विरोध किया और स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि झारखंड में अल्पसंख्यक समुदाय कि आबादी १८% है और एक भी अल्पसंख्यक उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया जाना यह कैसा बर्ताव है अल्पसंख्यकों के साथ आला कमान अगर अल्पसंख्यक उम्मीदवार लोकसभा चुनाव में नहीं देती है तो हम लोग किसी भी दल के नेता को अपने गांव में घुसने नहीं देंगे और मजबूत तरीके से विरोध होगा !

स्थानीय लोगो की नाराजगी के बाद जिला अध्यक्ष हसनैन अली ने कहा की आज मैं अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान गांडेय विधानसभा के पांडेयडीह , महेशमुंडा , फुलज़ोरी , मैदनीसारे समेत विभिन्न इलाकों में क्षेत्र भ्रमण किया जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों में जबरदस्त नाराजगी है क्योंकि झारखंड के लोकसभा चुनाव में एक भी अल्पसंख्यक उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया गया है और पूरे राज्य में अल्पसंख्यक समुदाय में नाराजगी का माहौल है इसलिए मैं आलाकमान से अनुरोध करता हूं की आला कमान को पूर्ण विचार करनी चाहिए और १४ लोकसभा सीट में से एक सीट अल्पसंख्यक समुदाय को दिया जाना चाहिए। मौके पर भारी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग मौजूद थे।

# उत्पाद विभाग ने अवैध देशी शराब निर्माण स्थल पर की छापेमारी

**बोकारो (ससे):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर शनिवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने नावाडीह थाना अंतर्गत दाहियारी ग्राम के कोचागढ़ा टोला में निर्माण स्थल पर छापेमारी की।

मौके से उत्पाद टीम ने २,५८० केजी जावा महुआ शराब एवं १०५ लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया। वहीं,अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया। छापेमारी के क्रम में संदिग्ध अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं* के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है।

# भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी 2 को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेगी



**गिरिडीह (ससे):** एनडीए प्रधान कार्यालय गांधी चौक गिरिडीह में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह कोडरमा लोक सभा के प्रभारी विकाश प्रीतम प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किए । प्रेस कांफ्रेंस में गिरिडीह भाजपा जिलाध्यक्ष महादेव दुबे,गिरिडीह लोकसभा के संयोजक प्रकाश सेठ,भाजपा जिला कोषाध्यक्ष मुकेश जालान ,युवा मोर्चा के कार्यसमिति के सदस्य संजीव कुमार सिंह उपस्थित रहें। कोडरमा लोकसभा से भाजपा की प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी २ मई को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेगी, अन्नपूर्णा देवी के नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य भी शामिल होंगे इसकी जानकारी शनिवार को भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह कोडरमा लोकसभा के प्रभारी विकास प्रीतम ने प्रेस कान्फ्रेंस करके दी। उन्होंने कहा कि २ मई को अन्नपूर्णा देवी और ३ मई को गाण्डेय उपचुनाव के लिए दिलीप वर्मा पर्चा दाखिल करेंगे। उन्होंने इस दौरान गाण्डेय से झामुमो की प्रत्याशी कल्पना सोरेन पर भी हमला बोला, उन्होंने कहा कि एक आदिवासी मुख्यमंत्री को हटाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी को गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव लड़वाया जा रहा है।

# बिजली व चेक बाउंस मामलों के लिए किया गया लोक अदालत का आयोजन

**गिरिडीह (ससे):** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के द्वारा व्यवहार न्यायालय गिरिडीह में बिजली विभाग एवं चेक बाउंस मामलों के लिए किया गया विशेष लोक अदालत का आयोजन। बिजली विभाग के - २३६ एवं चेक बाउंस के- २७ मामलों सहित कुल- ३६० मामलों का हुआ निष्पादन। इस दौरान कुल सुलहनीय राशि ५२ लाख ४१ हजार ५ सौ २९ रुपए रही।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निर्देशानुसार आज दिनांक २७ अप्रैल, २०२४ को विशेष लोक अदालत एवं मासिक लोक अदालत का संयुक्त आयोजन माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह, मनोज प्रसाद के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह, सोनम बिश्नोई के नेतृत्व में किया गया।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह, मनोज प्रसाद ने कहा कि इस विशेष लोक अदालत का आयोजन आमजनों एवं पक्षकारों को बिजली विभाग द्वारा दायर किए गए विद्युत वाद एवं १३८ एन. आई. एक्ट से संबंधित चेक बाउंस मामले का निष्पादन पक्षकारों की सहमति से करने हेतु माननीय झालसा, रांची के निर्देश पर पूरे राज्य में आज के दिन किया जा रहा है। माननीय झालसा, रांची के द्वारा झारखंड राज्य के सभी न्यायालयों में इनसे संबंधित लंबित एवं प्री लिटिगेशन मामलों का निष्पादन इस विशेष लोक अदालत के माध्यम से किया जा रहा है।

इस प्रकार के आयोजनों से पक्षकारों को अपने मामलों में त्वरित निष्पादन का लाभ तो मिलता ही है साथ ही साथ न्यायालय का बोझ भी कम होता है। आमजनों एवं पक्षकारों को इस विशेष लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने मामलों का निष्पादन करवाने के लिए बधाई प्रदान करते हुए कहा कि पक्षकार न्यायालय के द्वारा समय-समय पर लगाए जा रहे इस प्रकार के आयोजनों में शरीक होकर अपने मामलों को निष्पादित कराएं तथा अपने समय एवं धन की बचत करें।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह, सोनम बिश्नोई ने कहा कि आज के इस विशेष लोक अदालत तथा मासिक लोक अदालत में आप सभी विद्वान अधिवक्ता गण एवं पक्षकारगण अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाने के लिए इस प्रांगण में उपस्थित हैं। यह इस विशेष लोक अदालत की महत्ता एवं जन-जन तक इसकी पहचान को प्रदर्शित करता है।

गिरिडीह न्यायमंडल द्वारा आज के इस विशेष लोक अदालत को सफल बनाने हेतु निरंतर कार्य किया गया। दिनांक १५/०४/२०२४ से लगातार इन मामलों का निष्पादन संबंधित न्यायालय में तथा विभाग में किया जा रहा था। इसे सफल बनाने हेतु संबंधित न्यायिक पदाधिकारियों, बिजली विभाग के पदाधिकारियों , विद्वान पैनल अधिवक्ताओं एवं पारा लीगल वॉलिंटियर्स के साथ मीटिंग किया गया था। साथ ही संबंधीत न्यायालयों के द्वारा पूर्व से ही मामलों को चिन्हित कर संबंधित पक्षकारों को नोटिस के माध्यम से सूचना प्रदान किया गया।

आज इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के निर्देश पर कुल ०७ पीठों का गठन किया गया था जिसमें सभी पीठों के पीठासीन पदाधिकारियों ने आज इस लोक अदालत के दिन अपने-अपने पीठों में आवंटित मामलों को निष्पादित किया। उन्होंने बतलाया कि आज इस राष्ट्रीय लोक अदालत में अभी तक बिजली विभाग के कुल - २३६ मामले, राशि - ७ लाख १७ हजार एवं १३८ एन. आई. एक्ट चेक बाउंस के कुल -२७ मामलों सुलहनीय राशि २७ लाख ४८ हजार ५ सौ २९ रुपए रही।

इस विशेष लोक अदालत के साथ अप्रैल माह के लिए मासिक लोक अदालत का भी आयोजन किया गया जिसमें न्यायालय में लंबित विभिन्न वादों का निष्पादन संबंधित पीठों के द्वारा किया गया। बिजली एवं चेक बाउंस मामले सहित इस दौरान कुल ३६० मामलों* का निष्पादन हुआ तथा कुल सुलहनीय राशि ५२ लाख ४१ हजार ५ सौ २९ रुपए रही ।

इस कार्यक्रम का संचालन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह के द्वारा किया गया। इस विशेष लोक अदालत एवं मासिक लोक अदालत को सफल बनाने में गिरिडीह न्यायमंडल के सभी न्यायिक पदाधिकारियों, विद्वान अधिवक्ताओं, विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों, न्यायालय के कर्मचारियों, पारा लीगल वालंटियर्स, मीडिया कर्मीयों सहित पक्षकारों की सराहनीय रहा।

# विशेष लोक अदालत का आयोजन

**सिमडेगा (ससे):** लंबित मामलों के निशुल्क निष्पादन के लिए शनिवार को सिमडेगा में व्यवहार न्यायालय परिसर में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया।

पीडीजे राजीव कुमार सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर इसका उद्घाटन किया। इस विशेष लोक अदालत में बिजली और एनआई एक्ट संबधी मामलो का निष्पादन किया गया। पीडीजे ने संबधित विभागों के पदाधिकारियों और पक्षकारों से लचीलापन अपनाते हुए मामलों के निष्पादन के लिए कहा।

# लीड ऑडिटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन




**बोकारो (ससे):** बिजनेस एक्सीलेंस विभाग के द्वारा आईएसओ ४५००१: २०१८ ओ एच एस एम एस पर २२ अप्रैल से २६ अप्रैल तक लीड ऑडिटर के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन विभाग में किया गया. बी के सरतापे , मुख्य महा प्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल थे. बिज़नेस एक्सीलेंस विभाग के महा प्रबंधक - प्रभारी ए के सिन्हा तथा महाप्रबंधक अनुपमा तिवारी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी.

मेसर्स टी यू वी के मुख्य प्रशिक्षक शलभ कपूर तथा सौविक ने लीड ऑडिटर के प्रशिक्षण कार्यक्रम में संकाय के रूप में अपना योगदान दिया. प्रशिक्षण के दौरान आईएसओ - ४५००१ मानक और ऑडिटिंग के सभी मुख्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई.

# मतदाता जागरूकता को लेकर हुआ नुक्कड़ नाटक



**डुमरी (ससे):** लोकसभा आम चुनाव २०२४ के निमित्त डुमरी अनुमंडल क्षेत्र के सार्वजनिक स्थल इसरीबाजार चौक में आम जनता को उन्हें अपना मताधिकार का प्रयोग करने एवं मताधिकार के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार (हाट बाजार का दिन) की संध्या को एसडीएम डुमरी शहजाद परवेज के द्वारा घुटवाली से आयी नुक्कड़ नाटक टीम के माध्यम से मतदाताओं को अपने मत प्रयोग के लिए जागरूक किया गया,इस दौरान जहां आम जनता को लोकसभा आम चुनाव २०२४ में २५/५/२०२४ को निर्धारित मतदान दिवस में अनिवार्य रूप से अपना मताधिकार का प्रयोग करने हेतु अनुरोध किया गया।बताया गया कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के लिए २५ मई को मतदान होना है जिसमें क्षेत्र के सभी मतदाता सुबह ७ बजे से लेकर अपराह्न ५ बजे तक निर्धारित मतदान अवधि में मत प्रयोग अवश्य कर एक सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में अपनी भागीदारी निभायें।

## पृष्ठ एक का शेषांश

### भारत ने किया इजरायली--

माना जाता है कि इजरायल ने इस महीने रॉक मिसाइल का ही इस्तेमाल ईरान के खिलाफ जवाबी हमले के लिए किया था। इजरायली कंपनी रॉफेल के मुताबिक रॉक विस्तारित मारक क्षमता वाली एक अगली पीढ़ी की एयर टु सरफेस मिसाइल है। इस मिसाइल को किसी हाई वैल्यू टारगेट फिर चाहे वह कोई ठिकाना हो या चलता फिर लक्ष्य, अंडरग्राउंड हो या चौतरफा किलेबंदी से लैस ठिकाना, यह मिसाइल जीपीएस बैन के बाद भी सटीक हमला करने में सक्षम है। इस मिसाइल में किसी ठिकाने के अंदर घुसकर तबाही मचाने या फिर वारहेड के विस्फोट दोनों की क्षमता है।रॉक्स में उसी तकनीक का इस्तेमाल इजरायल ने किया है जो स्पाइस बम में किया है जिसे भारत पहले भी इस्तेमाल कर चुका है। इस मिसाइल को दागने से पहले पायलट लक्ष्य के बारे में हर तरह की जानकारी डाल देता है। रक्षा विशेषज्ञ रोहित कौरा का मानना है कि एयर डिफेंस सिस्टम की वजह से परंपरागत बॉम्बर अब बेकार होते जा रहे हैं। लेकिन अगर इस मिसाइल का इस्तेमाल किया जाए तो बॉम्बर बिना दुश्मन की मिसाइल की रेंज में आए दूर से ही तबाही मचाने में सक्षम हैं। इस मिसाइल का इस्तेमाल दुश्मन के पहले हमला करने पर जवाबी हमले के लिए किया जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि काउंटर फोर्स टारगेटिंग का उद्देश्य सीमित परमाणु युद्ध के बीच दुश्मन के सैन्य ठिकाने को तबाह करना है।

रक्षा विशेषज्ञ विपिन नारंग का कहना है कि पाकिस्तान ने रणनीतिक परमाणु बम बना लिया है जिससे भारत रणनीतिक दुविधा में आ गया है। भारत ने पहले परमाणु हमला नहीं करने की नीति अपना रखी है लेकिन अगर पाकिस्तान रणनीतिक परमाणु बम का इस्तेमाल करता है तब क्या होगा। इसी वजह से उन्होंने भारत को काउंटरफोर्स क्षमता विकसित करने की सलाह दी ताकि पाकिस्तान के परमाणु क्षमता को ही तबाह किया जा सके। इससे वह भारत पर हमला ही नहीं कर पाएगा। इसी वजह से भारत ने इस रॉक मिसाइल को इजरायल से खरीदा है। बता दें कि भारत ने हाल ही में हवा से सतह पर मार करने वाली इजरायली बलिस्टिक मिसाइल रॉक का परीक्षण किया है। अब तक भारत रूस से बड़े पैमाने मिसाइलें खरीद रहा था लेकिन यूक्रेन युद्ध के बाद हालात बदलते हुए दिख रहे हैं।

### ममता बनर्जी हेलिकॉप्टर में--- में गिर गई थी।

### रामटहल चौधरी का---

की वादाखिलाफी होने पर कांग्रेस पार्टी छोड़ने की सहमति बनी। निर्दलीय या किसी पार्टी से चुनाव लड़ने के संबंध में पूछे जाने पर उन्होने कहा कि इस पर अभी कोई फैसला नहीं लिया है। समर्थकों से बात कर ही आगे कदम उठाएंगे। गौरतलब है कि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी २८ मार्च को कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए थे और बहुत जल्द ही टिकट न मिलने से उनका काँग्रेस पार्टी से मोहभंग हो गया। काँग्रेस द्वारा यशश्विनी सहाय को प्रत्याशी बनाए जाने से उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया।

### महाराष्ट्र में 12 साल की बच्ची से--

ज्ञापन सौंपा था तथा आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। जंगल का मामला होने के कारण वहां से कोई गवाह मिलना या फोन कॉल की लोकेशन आदि मिलना भी संभव नहीं था। मामले की जांच के ६ टीम का गठन किया गया। ४० पुलिसकर्मियों ने दिन-रात मेहनत करते इस मर्डर मिस्ट्री को सुलझाया।

### एनआई के एक्शन से---

गाबा को हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया था या उसके यहाँ आने का उद्देश्य क्या था। एजेंसी ने हमले में उसकी सटीक भूमिका या खालिस्तानी समर्थक नेताओं के साथ उसके संबंध का भी खुलासा नहीं किया।

# सामान्य प्रेक्षक ने गढ़वा में चुनाव तैयारियों का जायजा लिया



**गढ़वा (ससे):** लोकसभा आम चुनाव के अवसर पर निर्वाचन प्रक्रिया पर निगरानी रखने एवं पर्यवेक्षण कार्य के हेतु पलामू लोकसभा क्षेत्र के लिये भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के स्तर से प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक रेम्या मोहन ने गढ़वा पहुंचकर चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की ।

इसको लेकर समाहरणालय के सभागार में रेम्या मोहन ने मुख्य रूप से गढ़वा और भवनाथपुर विधानसभा में चुनाव को लेकर की गयी तैयारियों की समीक्षा किया । बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी शेखर जमुआर ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से गढ़वा जिले के भौगोलिक क्षेत्रफल की संक्षिप्त जानकारी देते हुए लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर अबतक की गई तैयारियों की पूरी जानकारी सामान्य प्रेक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा अन्य सभी जानकारियों को देने के साथ ही यह बताया गया कि मतदान केंद्रों पर एएमएफ सुविधा सुनिश्चित करा ली गई है, जिससे मतदाताओं एवं पोलिंग पार्टी को समस्या न हो । सामान्य प्रेक्षक को मतदान के दिन व्हीलचेयर की उपलब्धता, प्रशिक्षण कोषांग द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण से जुड़ी जानकारी, वाहन कोषांग द्वारा वाहनों की उपलब्धता एवं मतदाता जागरूकता को लेकर जिले भर में चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रमों की भी जानकारी दी गई ।

बैठक में समीक्षा के दौरान सामान्य प्रेक्षक द्वारा मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर मेडिकल फैसिलिटी के तहत ओआरएस/ग्लूकोज समेत अन्य व्यवस्था को सुनिश्चित करने को कहा गया ताकि तेज गर्मी के बीच आने वाले मतदाताओं को समस्या नहीं हो ।

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है । प्राथमिकता के आधार पर वैसे मतदान केन्द्रों को चिन्हित किया जा रहा है, जहां मतदान का प्रतिशत कम रहा है. वैसे क्षेत्रों में विशेष कर स्वीप कार्यक्रमों के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अबकी बार ८० पार के नारे के तहत प्रयास किया जा रहा है कि जिले में ८० प्रतिशत वोटिंग टर्नआउट किया जा सके ।

बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय द्वारा पुलिस विभाग स्तर से किए गए तैयारियों व कार्रवाईयों के बारे में जानकारी दी गयी साथ ही आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से गैर कानूनी गतिविधियों एवं आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन जैसे मामलों पर नजर रखने की बात कही गयी । बैठक में निर्वाचन से जुड़े से भी अधिकारी उपस्थित थे।

# महिला को कार ने रौंदा, मौत



**लोहरदगा (ससे):** लोहरदगा शहरी क्षेत्र के कचहरी मोड़ के पास शनिवार की सुबह एक तेज रफ्तार कार ने एक वृद्ध महिला को अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर ही महिला की मौत हो गई । बताया जाता है कि सुबह में महिला बीरनौला देवी ६५ वर्ष पूजा के लिए फूल तोड़कर अपने घर लौट रही थी कि रांची की ओर से आ रही तेज रफ्तार कर ज ०१इइ ०६६७ ने उन्हें सीधे टक्कर मार दी । टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई । कार में दो लोग सवार थे, जो कि नशे में धुत्त थे । दुर्घटना के बाद गाड़ी छोड़कर ये लोग भागने लगे तो आसपास के लोगों ने इन्हें दौड़कर समाहरणालय मैदान के पास से पकड़ा ।

दोनों लोग नशे में थे । बताया गया कि रांची के धुर्वा से लोहरदगा के मन्हों में ये लोग एक शादी समारोह में आए थे और शादी के बाद सुबह-सुबह शराब के नशे में कार चलाकर पुनः रांची जा रहे थे की कचहरी मोड़ के पास फूल लेकर घर लौट रही बिरनोला देवी को अपने चपेट में ले लिया । नशे में धूत्त इन दोनों युवकों को इतना भी होश नहीं था कि महिला को सड़क से उठाकर किनारे करें ।

वे लोग गाड़ी छोड़कर पैदल ही भागने लगे तो आसपास के लोगों ने इन्हें दौड़ाकर पकड़ा और पुलिस को सूचना दी । सूचना मिलते हैं यातायात प्रभारी अजीत कुमार मौके पर पहुंचे और दोनों लोगों को अपने कब्जे में लेकर हिरासत में भेज दिया । इधर महिला बिरनोला देवी की मौत के बाद उनके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है । महिला बीरनौला देवी जिनकी उम्र ६५ वर्ष से भी अधिक थी वह अपने बेटी दामाद के साथ लोहरदगा में ही रहती थी और अहले सुबह उठकर भगवान की पूजा के लिए फूल तोड़ने प्रतिदिन जाया करती थी ।

लेकिन तेज रफ्तार कार ने उन्हें चपेट में लेकर उन्हें मौत की नींद सुला दिया । इस घटना के बाद लोगों में भारी आक्रोश देखा गया ।

लोगों ने बताया कि इस क्षेत्र में गाड़ियों की रफ्तार इतनी ज्यादा होती है कि आए दिन दुर्घटना हो रही है । लोगों ने कई बार पतरा टोली से कचहरी मोड़ के बीच स्पीड ब्रेकर बनाने का अनुरोध भी किया लेकिन कहा जाता है कि यह नेशनल हाईवे है और यहां स्पीड ब्रेकर नहीं बन सकता है । ऐसी स्थिति में लोग बेमौत काल के गाल में समा रहे हैं।

## उपायुक्त ने बैठक कर पोस्टल बैलेट की जानकारी ली

**जामताड़ा (ससे):** आगामी लोकसभा आम चुनाव में जामताड़ा जिले के आवश्यक सेवा से जुड़े कर्मियों को डाक मत पत्र के माध्यम से मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए जिला प्रशासन के द्वारा सभी आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जा रही है ।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुमुद सहाय ने शनिवार को जिले के अधिकारियों के साथ बैठक कर पोस्टल बैलेट की स्थिति की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में एक भी मतदाता मतदान से वंचित न रहने पाए इसका पूरा ख्याल रखा जाए ।

उपायुक्त ने जिला मुख्यालय के के साथ-साथ प्रखंड मुख्यालय में काम करने वाले आवश्यक सेवाओं से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मियों की सूची अविलंब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। ताकि आवश्यक कार्रवाई पूरी की जा सके।जिले के प्राधिकृत इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के प्रतिनिधियों को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को सभी आवश्यक प्रक्रिया अभिलंब पूरी करने का निर्देश दिया।

## ईनामी नक्सली दस्ता का सदस्य राजेन्द्र भुइयां गिरफ्तार

**डालटनगंज (ससे):** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के १० लाख के ईनामी नक्सली नितेश यादव दस्ता के सदस्य राजेन्द्र भुइयां को चार भरठुआ बंदूक के साथ गिरफ्तार किया गया है। राजेन्द्र के साथ विष्णु विश्वकर्मा को भी गिरफ्तार किया गया है। विष्णु हथियारों की मरम्मत करता था। उसके घर से हथियार बनाने के कई सामान बरामद किए गए हैं।

राजेन्द्र हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के नासो जमालपुर, जबकि विष्णु इसी थाना क्षेत्र के जीतामाटी सलैया टिकर का रहने वाला है। एसपी रीष्मा रमेशन ने माओवादी दस्ता सदस्य और एक अन्य की गिरफ्तारी के संबंध में शनिवार को पत्रकारों को जानकारी दी। एसपी ने बताया कि राजेन्द्र भुइयां दो वर्षों से माओवादी नितेश यादव के दस्ता में शामिल रहा था। वर्तमान में कहीं दूसरी जगह अपनी पहचान छिपाकर रह रहा था। घर आया हुआ था। गुप्त सूचना पर हुसैनाबाद के डीएसपी मुकेश कुमार महतो और सीआरपीएफ ११२वीं बटालिएन के साथ कार्रवाई की गयी। छापामारी के दौरान चार भरठुआ बंदूक, दो बैरल, लोहे की पाइप, बारूद एवं भरठुआ बंदूक में भरने वाला मसाला, छर्रा, बैरिंग, बंदूक में इस्तेमाल होने वाला घोड़ा एवं अन्य पूर्जे बरामद हुए। बंदूक राजेन्द्र के अलावा कर्मदेव भुइयां, उपेन्द्र भुइयां नासो जमालपुर एवं राजेश कुमार रवि बैरियाडीह के घर से बरामद हुआ।

हथियार बनाने के सामान विष्णु विश्वकर्मा के घर से मिले। एसपी ने जानकारी दी कि माओवादी नितेश के साथ मिलकर राजेन्द्र लोकसभा चुनाव में गड़बड़ी करने की तैयारी में था। इसके लिए हथियार भी रखे हुए था।

इस संबंध में राजेन्द्र के अलावा कर्मदेव, रामचन्द्र, विनोद, उपेन्द्र, सुरेन्द्र भुइयां सभी नासो जमालपुर राजेश बैरियाडीह, ललन राम माहुर भवरी मोहम्मदगंज, नितेश यादव, संजय यादव उर्फ गोदराम जी, सीताराम रजवार उर्फ रमन जी एवं विष्णु विश्वकर्मा सभी जीतामाटी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। कार्रवाई टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अलावा हुसैनाबाद के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह, पुअनि धर्मेन्द्र सिंह, बब्लू कुमार, संजय कुमार यादव और जवान शामिल थे।

## बस दुर्घटनाग्रस्त , युवती समेत 2 यात्रियों की मौत

**चतरा (ससे):** चतरा जिले के संघरी घाटी में शनिवार को यात्रियों से भरी सिटी राइड बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में आधा दर्जन यात्री घायल हो गए जबकि एक युवती समेत दो यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई ।चतरा-डोभी मुख्यमार्ग एनएच २२ पर स्थित सदर थाना क्षेत्र के संघरी घाटी इलाके में घटी इस घटना की सूचना प्राप्त होते ही चतरा सदर थाना पुलिस ने पहुंच कर एम्बुलेंस और पुलिस की गाड़ी की मदद से घायलों को सदर अस्पताल भेजा । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चतरा से भरी बस चतरा से कुंदा जा रही थी , संघरी घाटी में बस अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

## व्यवहार न्यायालय में मासिक सह विशेष लोक अदालत का आयोजन

**गुमला (ससे):** झालसा एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला, ध्रुव चंद्र मिश्र के निर्देश पर व्यवहार न्यायालय में मासिक सह विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया । इस मौके पर डीएलएसए सचिव निर्मला बरला ने कहा कि आज विशेष रूप से मासिक सह विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया है, जो की विशेष रूप से चेक बाउंस एवं बिजली से संबंधित मामलों के निष्पादन के लिए आयोजित किया गया है । प्रत्येक माह व्यवहार न्यायालय गुमला में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। जिसमें सुलहनीय मामले, दीवानी वाद, बैंक लोन, कर्ज माफी, बिजली भुगतान, उत्पाद, वन विभाग , मोटर दुर्घटना , पारिवारिक मामले तथा नापतोल विभाग के मामले, का निष्पादन मासिक लोक अदालत के दिन ही हो जाता है। उन्होंने कहा कि इस मासिक सह विशेष लोक अदालत में कुल ९ बैंचों का गठन किया गया। जिसमें कुल २२८ मामलों का निष्पादन किया गया जिसके तहत कुल ४५,०२,४३१ रूपए कि राजस्व की प्राप्ति हुई। वहीं चेक बाउंस से संबंधित कुल १२ मामलों का निष्पादन हुआ ,एवं ५,८४००० राजस्व की प्राप्ति हुई । तथा बिजली से संबंधित मामले में कुल १७६ मामलों का निष्पादन हुआ तथा कुल १७,७५,४०५/-रुपए की राजस्व प्राप्ति हुई ।

## स्कूटी पेड़ से टकराई,1 की मौत

**लोहरदगा (ससे):** नेशनल हाईवे १४३ ए कुड़ू - लोहरदगा मुख्य पथ पर कुडू थाना क्षेत्र के ननतिलो मोड़ मंटू ढाबा के समीप स्कूटी सवार ने सड़क के किनारे पेड़ में जोरदार ठोकर मार दिया । इस घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि दो युवक घायल हो गए । दोनों का लोहरदगा सदर अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया । बताया



जाता है कि चंदवा थाना क्षेत्र के लाधुप सेन्हा गांव निवासी चचेरा भाई अनिल मुंडा तथा कुलदीप मुंडा अपने परिजन छत्तीसगढ़ के लोदाम गांव निवासी विवेक भगत के साथ लोहरदगा से कुड़ू आ रहे थे । इसी बीच कुड़ू थाना क्षेत्र के ननतिलो मोड़ मंटू ढाबा के समीप स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराई । ठोकर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी का अगला हिस्सा पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया । प्राथमिक जांच के बाद चिकित्सकों ने विवेक भगत को मृत घोषित कर दिया । दोनों चचेरे भाई अनिल मुंडा तथा कुलदीप मुंडा को प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया । पुलिस मामले की जांच कर रही है । बताया जाता है कि विवेक भगत शादी समारोह में शामिल होने के लिए लाधुप सेन्हा गांव आया हुआ था । घटना के बाद परिजनों का रो - रो कर हाल बेहाल हो गया है ।

## कई मतदान केंद्र थीम पर आधारित रहेंगे : डीसी



**कोडरमा (ससे):** कोडरमा लोकसभा के लिए २० मई को वोट डाले जाएंगे। २० मई को होने वाले मतदान को लेकर नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। ३ मई तक नामांकन किया जा सकेगा। इसे लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि ६ मई तक नामांकन वापस लेने की तिथि निर्धारित की गई है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि जिले के सभी मतदान केंद्रों पर सभी तरह की सुविधा बहाल की जाएगी और गर्मी को देखते हुए सभी बूथों पर शेड की व्यवस्था के साथ-साथ पीने का पानी उपलब्ध रहेगा। इस बार जिले में कई मतदान केंद्र थीम पर आधारित रहेंगे, जिसमें जिले के पर्यटन क्षेत्रों से जुड़ी जानकारियां मौजूद रहेगी। मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कोषांग के तहत अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जा रही है और चुनाव कर्मियों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि जिले के दिव्यांगजन और वृद्ध जनों के लिए मतदान केंद्रों तक आने-जाने के लिए वाहन की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि नामांकन और मतगणना की प्रक्रिया गिरिडीह जिले में होगी। वहीं एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से सभी मतदान केंद्रों पर पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। पैरामिलिट्री फोर्स के अलावा जिला बल के जवान मतदान केंद्रों पर सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे। इसके अलावा उन्होंने बताया कि चुनाव के पूर्व संदिग्ध गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है।

## बीडीओ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गढ़वा (ससे):** विशुनपुरा बीडीओ हीरक मन्ना करकेट्टा ने शनिवार अपराह्न अपने सरकारी आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया । आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है । खबर के मुताबिक दो दिन पूर्व उनपर अंचल के राजस्व उप निरीक्षक जीतेन्द्र कुमार के घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगा था ।

इस संबंध में राजस्व उपनिरीक्षक ने उपायुक्त क़ो आवेदन देकर कारवाई की मांग की थी । बताया गया की बीडीओ पहले से ही मानसिक रूप से असामान्य रहते थे । डीसी क़ो आवेदन दिये जाने के बाद वे काफ़ी परेशान दिख रहे थे ।

## जोबा मांझी ने कई गांव का दौरा किया , मांगा समर्थन

**सरायकेला-खरसावां(ससे):** इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जोबा मांझी शनिवार को सरायकेला विधानसभा क्षेत्र के कई गांव का दौरा कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने दोपहर १२:०० बजे सर्वप्रथम भगवान बिरसा चौक पर पहुंचकर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कि इसके बाद उन्होंने बड़बिल गांव पहुंचकर ग्रामीणों को संबोधित किया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा है कि स्थानीय लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए उन्हें इंडिया गठबंधन उम्मीदवार के रूप में उतारा है और जनता के विश्वास और गठबंधन के सहयोग से सभी समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेंगी । मौके पर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया इस दौरान जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा भी मौजूद रहे। इसके बाद जोबा मांझी ने किता, भुरकुली, गोविंदपुर एवं ईटाकुदर पंचायत के कई गांव का दौरा किया।

## विभिन्न कोषांगों के अधिकारियों के साथ डीसी ने की बैठक

**लोहरदगा (ससे):** लोहरदगा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शनिवार को लोकसभा आम निर्वाचन, २०२४ की तैयारियों को लेकर सभी कोषांगों के वरीय, नोडल व प्रभारी पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में मतदाता सूची, मतदाता पर्ची का वितरण, पीठासीन पदाधिकारी के लिए अब्सेंटी, शिफ्ट और डिलिट मतदाता की सूची उपलब्ध कराना, मतदाता पहचान पत्र का वितरण, मतदान कर्मियों का रेण्डमाइजेशन, पोस्टल बैलेट के लिए प्राप्त आवेदन की स्थिति, मतदान केंद्र के लिए रूट प्लान, कम्युनिकेशन प्लान, ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम, बैलेट पेपर की स्थिति, निर्धारित मतदान केंद्रों की स्थिति, आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की स्थिति में की जा रही कार्रवाई, व्यय की मॉनिटरिंग, प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक/सोशल मीडिया के मॉनिटरिंग की स्थिति, माइक्रोऑब्जर्वर के प्रतिनियुक्ति व प्रशिक्षण, आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के शिकायत के लिए अधिष्ठापित कंट्रोल रूम, आईटी एप्लीकेशन व महत्वपूर्ण टॉल फ्री नंबर की स्थिति, मतदान दिवस के लिए की जानेवाली तैयारी, सभी प्रखण्डों में मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं व प्रतिनियुक्ति वॉलेंटियर्स की स्थिति, मतदान केंद्र के लिए वाहन की व्यवस्था, मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण की स्थिति, विधि-व्यवस्था समेत अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह, प्रशिक्षु आईपीएस, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, भूमि सुधार उप समाहर्ता सुजाता कुजूर समेत अन्य कोषांगों के वरीय,नोडल,प्रभारी पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

# 40 लाख के अफीम के साथ नाबालिग पकड़ाया



**चतरा (ससे):** लोकसभा चुनाव को लेकर चतरा जिले में प्रभावी आदर्श आचार संहिता के बीच नशीले पदार्थों का धंधा करने वालों ने ड्रग पैडलर बच्चों और महिलाओं का सहारा लेकर खरीद फरोख्त को अंजाम देने में जुटे हैं। चतरा के गिद्धौर थाना पुलिस ने शनिवार को सिमरिया एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित टीम के साथ कार्रवाई करते हुए ४० लाख रुपये के अफीम के साथ नाबालिग को निरुद्ध किया है।

वहीं नाबालिग के माध्यम से अफीम की तस्करी कराने वाले माफिया को भी चिन्हित कर उसकी गिरफ्तारी को ले अभियान तेज कर दिया गया है। गिद्धौर थाना के इंचार्ज ने बताया की पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय को गुप्त सूचना मिली थी की अफीम की एक बड़ी खेप तस्करी के लिए गिद्धौर के बलबल के रास्ते हजारीबाग भेजी जा रही है।

सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सिमरिया एसडीपीओ अजय केसरी के नेतृत्व में गिद्धौर थाना प्रभारी व सशस्त्र बल की संयुक्त टीम का गठन कर अभियान चलाने का निर्देश प्राप्त हुआ था।

जिसके बाद अभियान के दौरान ही चतरा-हजारीबाग मुख्यपथ पर स्थित बलबल मंदिर के समीप से बस का इंतजार कर रहे नाबालिग से शक के आधार पर पूछताछ व तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से तस्करी में प्रयुक्त सैमसंग कंपनी का एक मोबाइल व ८ किलो गिला अफीम बरामद किया गया। जिसके बाद बालक को निरुद्ध करते हुए विधिवत रूप से किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि बरामद अफीम का बाजार मूल्य एनसीबी के आंकड़ों के अनुसार करीब ४० लाख रुपये है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान निरुद्ध बालक ने बताया कि उसे गिद्धौर थाना क्षेत्र के पांडेय टोला निवासी राहुल पांडेय ने अफीम का खेप हजारीबाग पहुंचाने के लिए उपलब्ध कराया था। इसके एवज में उसे मोटी रकम देने की बात कही गई थी। लेकिन आपूर्ति से पहले ही पुलिस की सटीक सूचना तंत्र ने राहुल पांडेय के अफीम तस्करी और आपूर्ति के गैरकानूनी साजिश को विफल कर दिया।

निरुद्ध बालक के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए गिरफ्तारी को लेकर अभियान तेज कर दिया गया है। अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया अजय केसरी व थाना प्रभारी अमित गुप्ता के अलावा गिद्धौर थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## देवघर की टीम ने लोहरदगा को पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई

**गुमला (ससे):** गुमला जिला मुख्यालय स्थित शहीद तेलंगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर -१६ क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वाटर फाइनल मुकाबले में देवघर की टीम ने लोहरदगा की टीम क़ो ७० रनो से पराजित कर राज्य स्तरीय मुकाबले के सेमीफाइनल में पहुंच गई है । शनिवार को खेले गए नॉकआउट मैच में देवघर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते निर्धारित ५० ओवरो में ९ विकेट के नुकसान पर २५१ रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया श्र लक्ष्य का पीछा करने उतरी लोहरदगा की टीम ने बेहतर शुरुआत की और मैच के रोमांच क़ो क़ायम रखा श्र बाद में टीम लड़खड़ा गई और पूरी टीम ३८.३ ओवरो १८१ रनों पर सिमट गई तथा ७० रनो से मैच हार गयी ।

## मजबूत लोकतंत्र हेतु मतदान करें : उपायुक्त

**देवघर (ससे):** मतदाताओं को जागरूक करने और स्वीप गतिविधियों से आम जनमानस को जोड़ने के उद्देश्य से वृक्षारोपन कार्यक्रम का आयोजन देवघर सरस कुंज परिसर में किया गया। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी विशाल सागर ने इसका शुभारंभ किया। देवघर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने फलदार पौधा लगाकर पर्यावरण को हरा-भरा रखने और मजबूत लोकतंत्र हेतु मतदान करने का आग्रह किया ।

इस दौरान उपायुक्त ने सरस कुंज के परिसर में विभिन्न फलदार पौधा लगाकर पर्यावरण को हरा-भरा और मजबूत लोकतंत्र के निर्माण हेतु मतदान करने का संदेश दिया। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से सरकारी, गैरसरकारी, शैक्षणिक व स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# दूसरे चरण में बिहार की 5 सीटों में सर्वाधिक 64 प्रतिशत मतदान हुआ



**पटना (ईएमएस):** बिहार में पहले चरण में ४ सीटों पर मतदान हुआ था दूसरे चरण में ५ क्षेत्रों में वोटिंग हुई। इस वोटिंग में किशनगंज सुबह भी आगे और फिर शाम को भी आगे रहा। अंततः बिहार की ५ सीटों में सर्वाधिक ६४ प्रतिशत हुआ। यह लोकसभा चुनाव २०१९ के ६६ प्रतिशत मतदान से थोड़ा ही कम है। अबतक वोटिंग वाली बिहार की बाकी ८ सीटों के मुकाबले उतना हतोत्साहित करने वाला आंकड़ा नहीं है। यहां गरमी से भी सबसे ज्यादा राहत थी। बिहार की जिन ५ सीटों पर चुनाव हुआ उसमें सबसे कम ३८ डिग्री तापमान यहीं दर्ज किया गया। क्या सिर्फ गर्मी के कारण यहां मतदान अच्छा हुआ? नहीं- इसका सीधा जवाब है। किशनगंज दूसरे तरह की सीट है यह २०१९ में भी इसने बताया था। इस बार भी बताएगी यह सीट- यह पक्का है।

किशनगंज लोकसभा सीट ने २०१९ के लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को झटका दिया था। राजग ने बिहार की ४० में से ३९ सीटें जीतीं थीं किशनगंज सीट को छोड़कर। तब जीतने वाले कांग्रेसी प्रत्याशी मो जावदे को हारने वाले जनता दल यूनाईटिड के सय्यद महमूद अशरफ को ३०.१९ और असद्दुदीन ओवैसी की पाटी एआईएमआईएम के प्रत्याशी अख्तरुल ईमान को २६.७८ प्रतिशत वोट मिले थे।

एक तरह से इस सीट पर बेहद नजदीकी मुकाबला हुआ था और कुल मतदान में से ८९ प्रतिशत वोट इन तीनों में बंट गया था। इस बार कांग्रेस और एआईएमआई एम के प्रत्याशी वही हैं जदयू को नया चेहरा उतारना पड़ा मास्टर मुजाहिद आलम। इस बार वोटिंग २०१९ के मुकाबले दो प्रतिशत कम हुआ। यह कमी बहुत बड़ा मामला नहीं है।

असल माजरा है कि इस सीट पर क्या जदयू पिछली बार जितना ताकतवर नजर आया? इस सवाल का जवाब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सभाओं में पहुंचे लोगों ने बता दिया है। दूसरी बात यह कि क्या बहुत कम अंतर से तीसरे नंबर पर रहे एआईएमआईएम को मुख्य मुकाबले में खड़ा करने के लिए ओवैसी ने जिस तरह से लगातार करीब ४८ घंटे दिन-रात मेहनत की और भड़काऊ बयान दिए उससे मुस्लिम बहुल इस सीट पर उन्हें फायदा नहीं मिला होगा? एक और सवाल यह कि क्या कांग्रेस ने जीते हुए प्रत्याशी का नाम घोषित करने में भी देरी की तो उसका नुकसान नहीं होगा? इन सवालों के जवाब में जीत-हार और अंतर का गणित है।

एक और बात यह भी चर्चा में है कि भाजपा ने फिर इस सीट पर उदासीनता दिखाई। यहां राष्ट्रीय नेताओं में सिर्फ पूर्व केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन को बीजेपी ने भेजा। सीएम नीतीश कुमार की सभा में वह जदयू प्रत्याशी के लिए वोट की अपील करते नजर आए जबकि भागलपुर के अलावा शाहनवाज का खुद का नाम इस सीट पर चर्चा में था। शुक्रवार को जिन ५ सीटों पर मतदान हुआ उनमें सबसे कम ३८ डिग्री तापमान किशनगंज में दर्ज किया गया था जहां दूसरे चरण में सर्वाधिक ६४ प्रतिशत मतदान हुआ। मुस्लिम बहुल क्षेत्र में मतदान के प्रति बहुत ज्यादा उत्साह सुबह से दिखा। तीनों प्रमुख दलों के प्रत्याशी मुस्लिम हैं इसलिए इस आधार पर नहीं बताया जा सकता है कि किसे वोट मिला होगा।

इस सीट पर गर्मी का असर भी कम था और यह मतदान में भी दिखा। बाकी ४ सीटों में सबसे ज्यादा ४२.७ डिग्री तापमान बांका संसदीय क्षेत्र में रिकॉर्ड हुआ जहां रात साढ़े १० बजे ५४.६१ प्रतिशत वोट बताया गया। तापमान ४१ डिग्री कटिहार और भागलुपर में रहा। रात साढ़े १० बजे के आंकड़ों के अनुसार कटिहार का वोट प्रतिशत ६४.६०, जबकि भागलपुर का ५२ प्रतिशत रहा। इन तीनों से कम तापमान पूर्णिया में ४०.५ डिग्री दर्ज किया गया और इस लोकसभा सीट पर रात साढ़े १० बजे के आंकड़ों के अनुसार ६१:९ प्रतिशत मतदान हुआ।

# अर्बन नक्सल विचारों के चंगुल में कांग्रेस सहित पूरा इंडी एलायंसः रामकृपाल यादव



**पटना (एजेंसी):** कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर भाजपा के तमाम बड़े नेता हमलावर हैं. इसी कड़ी में पूर्व केंद्रीय मंत्री और पाटलिपुत्र से भाजपा प्रत्याशी रामकृपाल यादव ने कांग्रेस और राजद के घोषणापत्र को लेकर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की अगुवाई वाली एनडीए सरकार भारत को विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था से तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने में लगी हुई है, जबकि कांग्रेस का घोषणापत्र लोगों के जीवन भर की कमाई का एक्स रे कर उसे लूटने की योजना बना रही है.

उन्होंने आगे कहा कि १० साल पहले देश की जनता पीएम मोदी के नेतृत्व में भरोसा जताया था. उसके बाद एनडीए सरकार ने देश के हालत बदलने का काम किया. प्रधानमंत्री मोदी ने निष्ठा और ईमानदारी से देश को अंधकार से बाहर निकाला.

रामकृपाल यादव ने आगे कहा कि कांग्रेस सहित पूरा इंडी एलांएस अर्बन नक्सल के विचारों के चंगुल में है. कांग्रेस पार्टी कह रही है कि देश की जनता ने अपने बच्चों के लिए जो कमाया है, उसको उनसे छीन कर मुसलमानों को बांट देंगे. पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने भी कहा था कि इस देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है. वहीं पीएम मोदी कहते हैं कि इस देश के संसाधनों पर पहला हक गरीबों को है. देश में सिर्फ एक ही जाति है और वह है गरीबी. इसलिए मोदी गरीबों को मुफ्त घर, मुफ्त इलाज, मुफ्त राशन दे रहे हैं. उनका आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उत्थान कर रहे हैं. उन्होंने आगे कहा कि जिस तरह से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ऑर्डिनेंस फाड़ कर मनमोहन सरकार के कैबिनेट के फैसले का विरोध किया था, उसी तरह से कांग्रेस और राजद में अगर हिम्मत है तो वह कहे कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने गलत बोला था.

# कांग्रेस मुसलमानों के लिए हिंदुओं का हक मार रही हैः गिरिराज



**बेगूसराय,(ईएमएस):** बेगूसराय सीट से बीजेपी उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस और राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस मुसलमानों के लिए हिंदुओं का हक मार रही है और यह सब लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी चुपचाप देख रहे हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह शनिवार को कांग्रेस और राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस मुसलमानों के लिए हिंदुओं की हकमारी कर रही है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में ओबीसी का अधिकार छीनकर मुसलमानों को दिया जा रहा है, उस पर राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव चुप क्यों हैं। पत्रकारों से बातचीत करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि एक तरह कांग्रेस मुसलमानों के लिए हिंदुओं का हक मार रही है। कांग्रेस चाहती है कि देश में गृह युद्ध छिड़ जाए। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में मुसलमानों को ओबीसी का दर्जा देकर कांग्रेस क्या चाहती है। कर्नाटक में ओबीसी लोगों का हक मारा जा रहा है। इस मुद्दे पर राजद के लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव खामोश हैं। सिंह ने कहा कि कांग्रेस जिस तरह की राजनीति कर रही है, वह तुष्टिकरण है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि आज मुसलमान अल्पसंख्यक नहीं बहुसंख्यक है। मुसलमानों को अब अल्पसंख्यक कहना हिंदुओं के साथ नाइंसाफी होगी। उन्होंने कहा कि यह लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस का पूरी तरह से सफाया होना तय है।

# मोदी सरकार को अंबेडकर द्वारा रचित पवित्र ग्रंथ संविधान से नफरत क्यों : लालू प्रसाद





**पटना (एजेंसी):** बिहार में लोकसभा चुनाव के दो चरणों के मतदान के बाद शनिवार को राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने संविधान और लोकतंत्र को लेकर एक दूसरे पर निशाना साधा.

राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने शनिवार को अपने अधिकारिक एक्स पर भाजपा से सवाल पूछते हुए लिखा, भारतीय जनता पार्टी, मोदी सरकार और बीजेपी के नेताओं को बाबा साहब अंबेडकर द्वारा रचित देश के सबसे पवित्र ग्रंथ संविधान से नफरत क्यों है? उन्होंने आगे लिखा कि मोदी सरकार दलितों, पिछड़ों, वंचितों और गरीबों का आरक्षण, नौकरी, लोकतंत्र और संविधान क्यों समाप्त करना चाहती है? जवाब दें?

इस पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने पलटवार करने में देरी नहीं की. उन्होंने अपने अधिकारिक एक्स पर लालू प्रसाद को जवाब देते हुए लिखा कि लालू जी, जब संविधान को दरकिनार कर मनमोहन सिंह गरीब, दलितों की संपत्ति पर मुसलमानों का पहला हक़ बता रहे थे, तो कहां थे आप? जब संविधान के पन्नों पर उकेरे प्रभु श्रीराम को सैकड़ों साल तक टेंट में रखा गया था तो कहां थे आप?

उन्होंने आगे लिखा, नौकरी के लिए गरीबों की जमीन लूटने वाले हमें ना बताएं कि संविधान की रक्षा कैसे की जाती है. जब तक देश में नरेंद्र मोदी जी जिन्दा हैं, किसी की मां ने दूध नहीं पिया है जो संविधान को बदल दे.

## महादलित के लोग चिराग के परिवार को गाली का बदला जरूर लेंगे : जीतन राम

**मुजफ्फरपुर (ईएमएस):** पूर्व सीएम और हम पार्टी प्रमुख जीतन राम मांझी मुजफ्फरपुर पहुंचे जहां उन्होंने महागठबंधन पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि दलित और महादलित के लोग चिराग पासवान के परिवार को गाली का बदला जरूर लेंगे। उन्होंने कहा कि चिराग को जानबूझ कर गाली दिलवाई गई है जिसे महादलित समाज के लोग स्वीकार नहीं करेंगे।

जीतन राम मांझी एनडीए उम्मीदवार राज भूषण चौधरी निषाद के नामांकन में पहुंचे थे। वहां उन्होंने कहा कि हम सच्चाई के बूते एक साथ लड़ रहे हैं वहीं दूसरी तरफ नेतृत्व हीनता की लड़ाई लड़ते वाले लोग हैं। विरोधी दल के लोगों की नीति और नीयत पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

# नौकरी के नाम पर ठगी करने वालों को योगी की चेतावनी

**लखनऊ (एजेंसी):** यूपी में नौकरी के नाम पर युवाओं से ठगी करने वालों की अब खैर नहीं. यूपी पुलिस ने बड़ा फैसला लिया है. यूपी डीजीपी प्रशांत कुमार के मुताबिक, प्रदेश में ठगी करने वालों को या तो उत्तर प्रदेश छोड़कर भागना पड़ेगा या फिर उनकी बर्बादी तय है. नौकरी के नाम पर ठगी करने वालों की संपत्ति जब्त की जाएगी. हाईकोर्ट द्वारा इस मामले में चिंता व्यक्त करने के बाद यूपी डीजीपी ने यह फैसला लिया है.

यूपी डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि बेरोजगारों से ठगी के मामलों पर तत्काल एफआईआर दर्ज करें. इतना ही नहीं आरोपितों की गिरफ्तारी भी सुनिश्चित करें. वहीं, किसी संस्था या एजेंसी द्वारा फर्जीवाड़ा करने पर गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने बताया कि वर्तमान में फर्जी सेवायोजन कंपनियों द्वारा नौकरी का लालच देकर युवाओं से ठगी की जा रही है. लालच में आकर युवा गाढ़ी कमाई दे देते हैं. ऐसे मामलो में कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

डीजीपी प्रशांत कुमार ने बतताया कि ऐसी शिकायतों पर लेट लतीफी नहीं चलेगी. आरोपियों को गिरफ्तार कर प्रभावी विवेचना कर अदालत में समय पर आरोपपत्र प्रस्तुत किया जाएगा. बता दें कि हाईकोर्ट ने एक ऐसे ही मामले में सुनवाई करते हुए चिंता व्यक्त की थी. हाईकोर्ट ने कहा था कि देशभर में मशरूम की तरह फर्जी मैनपावर कंसल्टेंट एजेंसी और फर्जी भर्ती एजेंसियां पनप रही हैं, जो सरकारी विभागों के साथ-साथ विदेश में भी लुभावनी तनख्वाह पर नौकरी दिलाने का झांसा देती हैं.

# धनंजय सिंह की सजा पर रोक लगाने से कोर्ट का इनकार, जमानत अर्जी मंजूर

**प्रयागराज,(ईएमएस):** यूपी के पूर्व सांसद और बाहुबली धनंजय सिंह को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने झटका दिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नमामि गंगे प्रोजेक्ट मैनेजर के अपहरण मामले में धनंजय सिंह को जौनपुर की स्पेशल कोर्ट एमपी/एमएलए से मिली ७ साल की सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हालांकि कोर्ट ने इस मामले में जमानत पर रिहा करने की पूर्व सांसद की अर्जी मंजूर कर ली है।

गौरतलब है कि पूर्वांचल के बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने जौनपुर की विशेष अदालत से मिली सात साल की सजा के खिलाफ पिछले महीने इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की थी। इस याचिका में उन्होंने सजा पर रोक लगाने और फैसला आने तक जमानत पर रिहा करने की गुहार लगाई थी। नमामि गंगे प्रोजेक्ट मैनेजर के अपहरण में मिली सजा के खिलाफ दायर याचिका पर गुरुवार को हाईकोर्ट में बहस पूरी हो गई थी। कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

इससे पहले बुधवार को पूर्व सांसद और बाहुबली धनंजय सिंह के वकील ने कहा था कि धनंजय सिंह लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए इजाजत दी जाए। उनके वकील ने आगे कहा था कि ट्रायल के दौरान धनंजय सिंह जमानत पर थे उन्होंने जमानत का कोई दुरुपयोग नहीं किया वह लोकसभा का चुनाव लड़ना चाहते हैं इसलिए उनकी सजा स्थगित कर उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया जाए। इसके बाद सजा पर रोक से इनकार करने का यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने शनिवार को दिया। इससे पहले शनिवार को सुबह आठ बजे धनंजय को जौनपुर जिला जेल से बरेली जेल में शिफ्ट किया गया।

# रिटायर्ड बीएसएफ जवान ने किया बेटी के दोस्त का मर्डर

**गाजियाबाद (ईएमएस):** उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद में शनिवार तड़के तकरीबन ३:३० बजे एक रिटायर्ड बीएसएफ जवान ने अपनी बेटी के दोस्त की हत्या कर दी। बीएसएफ जवान ने अपनी पिस्तौल की पूरी मैगजीन बीटेक छात्र पर खाली कर दी और उसके बाद पुलिस को फोन कर कहा, मर्डर कर दिया है, आ जाओ। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

घटना गाजियाबाद के क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना इलाके की है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, इलाके में पैरामाउंट सिंफनी सोसायटी में २५ साल के विपुल वर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह हत्या इसी सोसायटी में रहने वाले बीएसएफ के रिटायर्ड जवान राजेश कुमार ने की है। राजेश की बेटी से विपुल की दोस्त थी। छात्र विपुल मूल रूप से बलिया का रहने वाला था और फिलहाल गाजियाबाद के एबीएस कॉलेज में बीटेक की पढ़ाई कर रहा था। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, हत्या का आरोपी राजेश दिल्ली की न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी के एक एजेंसी के माध्यम से पीएसओ की नौकरी करता है। उसने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से ही विपुल को गोली मारी है। उसने विपुल को सिर में गोली मारी है।

पुलिस का कहना है कि राजेश की बेटी बीटेक पास थी और नोएडा की एक कंपनी में नौकरी करती थी। छह साल पहले उसकी दोस्ती फेसबुक के जरिए विपुल वर्मा से हुई थी। पिछले कुछ दिनों से राजेश की बेटी किसी और लड़के के संपर्क में आ गई थी।

# यूपी की 8 सीटों पर दूसरे चरण में 7.3 फीसदी कम हुआ मतदान

**लखनऊ (ईएमएस):** उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर शुक्रवार को दूसरे चरण में मतदान हुआ, इस दौरान वोटिंग प्रतिशत ५४.९ रहा। जो कि साल २०१९ के चुनाव के मुकाबले कम है, साल २०२९ में दूसरे चरण ६२.२ प्रतिशत मतदान था। इस हिसाब से साल २०२४ के चुनाव में दूसरे चरण में पिछले चुनाव के मुकाबले ७.३ प्रतिशत कम वोटिंग हुई है। दूसरे चरण में सबसे कम वोटिंग वाली सीट की बात करें तो उसमें बीजेपी के कब्जे वाली सीट मथुरा है। इस सीट पर २०१९ के चुनाव में ६१.१ प्रतिशत मतदान हुआ था और २०२४ में महज ४९.३ प्रतिशत वोटिंग रही है।

यूपी की जिन ८ सीटों पर दूसरे चरण में मतदान हुआ उनमें सबसे अधिक वोट प्रतिशत अमरोहा सीट पर था। हालांकि अगर पिछले चुनाव के वोट प्रतिशत के हिसाब से देखें तो इस सीट पर ६.९८ प्रतिशत वोटिंग कम था। साल २०१९ के चुनाव में अमरोहा में ७१ प्रतिशत वोटिंग थी। इसके साथ ही मेरठ में इस बार ५८.७ वोटिंग प्रतिशत है जो साल २०२१९ के चुनाव में ६४.३ प्रतिशत थी।

वहीं बागपत सीट पर इस बार ५५.९ प्रतिशत वोटिंग हुई है जो साल २०१९ में ६४.७ प्रतिशत था। गाजियाबाद में इस साल ४९.७ वोटिंग प्रतिशत रहा जो साल २०१९ के चुनाव में ५५.९ प्रतिशत था। वहीं गौतमबुद्ध नगर में २०१९ में ६०.५ प्रतिशत वोटिंग रहा था और २०२४ में ५३.२ प्रतिशत वोटिंग है। इसके अलावा बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में भी वोटिंग प्रतिशत काफी कम रहा है।

बता दें कि यूपी में दूसरे चरण में जिन ८ सीटों पर मतदान हुआ था उनमें, अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा सीट का नाम शामिल है। इनमें से अमरोहा सीट को छोड़कर बाकी सभी सीटों पर बीजेपी ने जीत दर्ज की थी। अमरोहा सीट पर बसपा के टिकट पर कुंवर दानिश अली ने जीत दर्ज की थी, हालांकि बसपा ने लोकसभा चुनाव से पहले ही दानिश अली को पार्टी विरोधी गतविधियों के चलते निष्काषित कर दिया था। इस बार अमरोहा सीट पर दानिश अली ने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा है।

## आग से झुलसकर 4 लोगों की मौत

**पटना (ईएमएस):** बिहार में एक झोपड़ीनुमा घर में आग लगने से झुलसकर चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक रोहतास जिले के नोखा थाना क्षेत्र के रूपहथा गांव में महादलित बस्ती में झोपड़ीनुमा घर में दोपहर को आग लग गई। इस घटना में झुलसकर चार लोगों की मौत हो गई। दो लोग घायल हो गए हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई और आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगी।

अग्निशमन पदाधिकारी ने बताया कि काफी मशक्कत के बाद दो दमकल वाहन से आग पर काबू पाया गया। घटना में दिनेश राम की दो पुत्री ममता कुमारी तथा किरण कुमारी और उनकी बहू सुनीता तथा नातिन सरिता कुमारी की मौत हो गई।

# सुना है बहन-भाई अयोध्या जाने वाले हैं : सीएम योगी

**लखनऊ (ईएमएस):** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर जमकर तंज कसे। संभल में आयोजित एक चुनावी सभा में पहले उन्होंने गाय,गहने और तमाम मुद्दों पर कांग्रेस को घेरा इसके बाद हल्की मुस्कुराहट के साथ बोले सुना है भाई बहन अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन करने जा रहे हैं। ये वही लोग लोग हैं जो प्राण प्रतिष्ठा के दौरान भगवान श्री राम से मुंह मोड़े हुए बैठे थे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ऐसा कहा जा रहा है कि भाई-बहन (राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा) भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या जाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा,जब उनकी सरकार थी तो वे भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाते थे। लेकिन देवता सभी के हैं। यह उनके दोहरे मानकों का उदाहरण है।आदित्यनाथ ने कहा कि जो लोग भारत माता की जय और वंदे मातरम बोलने में झिझकते हैं, उन्हें उनका वोट नहीं मिलना चाहिए।

मुख्यमंत्रीयोगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पार्टी पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों को गोमांस खाने का अधिकार देना चाहती है और यह गोहत्या की अनुमति देने के समान है। एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा, ये बेशर्म लोग गौमांस खाने का अधिकार देने का वादा करते हैं, जबकि हमारे ग्रंथ गाय को माता कहते हैं। वे गायों को कसाई के हाथों में सौंपना चाहते हैं।

क्या भारत इसे कभी स्वीकार करेगा? मुख्यमंत्री ने कहा कि वे अल्पसंख्यकों को उनकी पसंद का खाना खाने की आजादी देना चाहते हैं, मतलब वे गोहत्या की अनुमति देने की बात कर रहे हैं। आपको बता दें कि योगी आदित्यनाथ संभल लोकसभा सीट के लिए भाजपा उम्मीदवार परमेश्वर लाल सैनी के लिए समर्थन जुटाने के लिए मुरादाबाद जिले के बिलारी में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया भाषणों को दोहराते हुए सीएम ने आरोप लगाया कि कांग्रेस स्त्रीधन को जब्त करने और इसे रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के बीच वितरित करने का इरादा रखती है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में लोगों की संपत्ति के एक्स-रे की बात कही है।



उन्होंने कहा, इसका मतलब यह है कि अगर किसी के घर में चार कमरे हैं, तो वे उनमें से दो कमरे छीन लेंगे। इतना ही नहीं, कांग्रेस कहती है कि वह महिलाओं के आभूषणों पर कब्जा कर लेगी, देश इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने यूपीए सरकार के तहत २००४ से २०१४ तक ऐसे प्रयास किए थे। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने कर्नाटक में एससी, एसटी और ओबीसी को दिए गए आरक्षण में से मुसलमानों को कोटा देने की कोशिश की थी।

उन्होंने सच्चर समिति की सिफारिशों का जिक्र किया और कहा कि कांग्रेस एससी, एसटी और ओबीसी के कोटे में से उन्हें छह प्रतिशत आरक्षण देकर इसे लागू करना चाहती थी।

उन्होंने कांग्रेस पर दोहरे मापदंड का आरोप लगाते हुए दावा किया कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस देश को और विभाजित करने की साजिश रच रही है।

# जनता अब जुमलों की सरकार की असलियत को समझ चुकी है : जगदीश साहू

**रांची (ससे):** झारखंड प्रदेश काँग्रेस कमेटी के प्रवक्ता जगदीश साहू ने पीएम मोदी पर निशाना साधा है।

उन्होने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पिछले दस वर्षों की विफलता इलेक्टोरल बॉड के माध्यम से २५० करोड़ रूपयों का चंदा लेकर धंधा दिए जाने और जनता से किए गए वादों को पूरा नहीं किए जाने, विकास की बजय विभाजन एवं विनाश की तरफ ले जाने वाली नीतियों पर कड़ा प्रहार किया है।

जगदीश साहू ने प्रधानमंत्री द्वारा अनेक अवसरों पर कांग्रेस के विरुद्ध अशोभनीय विषवमन किए जाने को इनकी हताशा का परिचायक बनाते हुए कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में ऐसी किसी बात का उल्लेख नहीं है जिससे देश की जनता के दिलो-दिमाग में भ्रामक संदेश फैले।

प्रदेश प्रवक्ता ने कहा, कि पीएम नरेंद्र मोदी ने पिछले दस वर्षों में जनता को सब्जबाग दिखाकर झूठे वादों के पिटारे के माध्यम से ठगने का काम किया है।

जगदीश साहू ने भारतीय जनता पार्टी नीत गठबंधन वाली सरकार के मुखिया पीएम नरेन्द्र मोदी के द्वारा देश की जनता को अपने शब्द जाल में फंसाने, मुसलमानों के बीच भय फैलाकर की हिन्दु वोटों को हासिल करने की घृणित कोशिश की तीव्र भर्तसना करते हुए आगे कहा कि श्री मोदी का यह कहना कि काग्रेस सत्ता में आयी तो खुलेआम गो-हत्याएं होगी।

जबकि खुद इसकी सरकार के कार्यकाल में गो-कशी करने वालों से २५० करोड की राशि और औषधि निर्माण कंपनियों से ८४ करोड़ रूपयों की इलेक्ट्रोल बॉन्ड के माध्यम से रकम ली गयी, जबकि ऐसी कम्पनियों की दवाइयों पर बेकार साबित हुई और लैब जांच में असफलत हो गई थी।

जगदीश साहू ने पिछले १० वर्षों की सरकार को जुमलों सरकार की संज्ञा देते हुए कहा कि देश की जनता अब जुमलों की सरकार की असलियत को समझ चुकी है।

वर्ष २०२४ में सम्पन्न हो रहे लोकसभा चुनावों में मुंहतोड़ जवाब देगी।

कांग्रेस प्रवक्ता ने इंडिया गठबंधन में शामिल सभी राजनीतिक दलों से मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील करते हुए कहा कि देश में साम्प्रदायिक सौहार्द, विकास की तरफ ले जाने वाली नीतियों की सरकार बनाने में एकजुटता का परिचय दें।

यही देश को बचाने के लिए समय की मांग और सच्चा राष्ट्रधर्म होगा।

## अमेठी और रायबरेली पर खरगे ने कहा-अभी कुछ समय और रुको

**नई दिल्ली (ईएमएस):** उत्तर प्रदेश की अमेठी और रायबरेली सीट पर अभी संशय बना हुआ है। इन दोनों सीटों को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, वायनाड के लोग राहुल गांधी को अपने सांसद के रूप में देखना चाहते थे। इसकारण राहुल गांधी ने वायनाड सीट से चुनाव लड़ा।

उन्होंने कहा कि अमेठी और रायबरेली सीटों के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कुछ समय बाद की जाएगी।

उन्होंने कहा, कुछ दिन और रुको। हम दोनों सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा करने वाले है। इस बीच, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की उस टिप्पणी पर भी चुटकी ली, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर कांग्रेस अध्यक्ष चाहें, तब वह भाजपा में शामिल हो सकते हैं।

# बर्ड फ्लू को लेकर हुई बैठक, रोकथाम के लिए किये जा रहे कार्यों पर हुआ विचार-विमर्श

### संक्रमण से बचाव के लिए किये जा रहे कार्यों से केन्द्रीय टीम संतुष्ट

**रांची (ससे):** बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए केन्द्रीय टीम के साथ उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की बैठक हुई। क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के कुक्कुटों के जांच किये गये नमूनों में एच५एन१ एवियन इंफ्लुएंजा की पृष्टि के बाद प्रभावित क्षेत्र के ०१-१० किलोमीटर के दायरे में शेष बचे कुक्कुटों की कलिंग, वैज्ञानिक विधि से निस्तारण एवं संक्रमित क्षेत्र का वैज्ञानिक विधि से संपूर्ण डिसइन्फेक्शन का कार्य को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा द्वारा बर्ड फ्लू के प्रसार के रोकथाम एक्शन प्लान के तहत कार्य के लिए बनाए गए रैपिड रिस्पांस टीम द्वारा संक्रमित क्षेत्र के ०१-१० किलोमीटर के दायरे में कुक्कुट की कलिंग वैज्ञानिक विधि से निस्तारण और संक्रमित क्षेत्र का क्लीजिंग एंड डिसइन्फेक्शन का कार्य किया जा रहा है। साथ ही संक्रमित क्षेत्र के १ किलोमीटर के दायरे में टीम द्वारा चिकन/ऐग शॉप एवं आसपास के क्षेत्र में मुर्गियों, अंडे आदि की उपलब्धता की जांच की जा रही है एवं बर्ड फ्लू के प्रसार के रोकथाम के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है एवं लोगों को विभिन्न माध्यमों से जागरुक भी किया जा रहा है।

केन्द्रीय टीम द्वारा बर्ड फ्लू के रोकथाम के लिए किये जा रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त किया गया। आपको बतायें कि क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के कुक्कुटों के जांच के क्रम में एच५एन१ एवियन इंफ्लुएंजा की पृष्टि हुई है, इसके बाद से ही एहतियात के तौर पर क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची (संक्रमित क्षेत्र) से एक किलोमीटर की परिधि में किसी भी जिंदा/मृत कुक्कुटों/कुक्कुट उत्पाद एवं अण्डा की खरीद-बिक्री एवं परिवहन पर अगले आदेश तक रोक है।

## परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की गई

**रांची (ससे):** झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, राँची द्वारा आयोजित झारखण्ड संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा (कृषि एवं अन्य समवर्ग पाठक्रमों के लिए)-२०२४ (पी०सी०बी० ग्रुप) आज १०.३० बजे पूर्वाह्न से १.४५ बजे अपराह्न तक एवं पी.सी.एम. ग्रुप ११:४५ बजे पूर्वाह्न से ३.०० बजे अपराह्न तक तथा पी.सी.एम.बी. ग्रुप १०.३० बजे पूर्वाह्न से ०३.०० बजे अपराह्न तक विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर होना है। परीक्षा केन्द्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, राँची एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची द्वारा पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। फिर भी ऐसी आशंका है कि परीक्षा में संलग्न छात्र, उनके अभिभावक अथवा असामाजिक तत्व परीक्षा केन्द्रों पर भीड़ लगाकर विधि-व्यवस्था भंग करने की चेष्टा कर सकते हैं। इसे देखते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, राँची द्वारा दं०प्र०सं० की धारा-१४४ के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन परीक्षा केन्द्रों के २०० मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की गई है। १- पाँच या पाँच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों / कर्मचारियों तथा सरकारी कार्यक्रम एवं शवयात्रा को छोड़कर)।

२- किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करना। ३- किसी प्रकार का अस्त्र शस्त्र, जैसे-बंदुक, राईफल, रिवाल्वर, बम, बारूद आदि लेकर चलना सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों को छोड़कर)। ४- किसी प्रकार का हरवे हथियार जैसे लाठी डंडा, तीर-धनुष, गडासा-भाला आदि लेकर चलना। (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों को छोड़कर) ५- किसी प्रकार की बैठक या आमसभा का आयोजन करना।

यह निषेधाज्ञा दिनांक २८.४.२४ के प्रातः ६.३० बजे से अपराह्न ६ बजे तक प्रभावी रहेगा।

## सिंहभूम, खूंटी लोहरदगा और पलामू संसदीय क्षेत्रों में वोटर इनफॉरमेशन स्लिप का वितरण कार्य शुरू

**रांची (ससे):** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने शनिवार को बताया कि झारखंड में पहले चरण के तहत लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सिंहभूम, खूंटी लोहरदगा और पलामू संसदीय क्षेत्र में वोटर इनफॉरमेशन स्लिप का वितरण कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि वोटर इनफॉरमेशन स्लिप में मतदाता की जानकारी, मतदान केंद्र और गूगल लोकेशन दी जाती है। वोटर इनफॉरमेशन स्लिप को रिमाइंडर के रूप में माना जाता है। स्लीप को लेकर मतदाता मतदान केंद्र पर पहचान पत्र के माध्यम से वोट कर सकते हैं। फेक न्यूज़ और मिस इनफॉरमेशन के संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि इस पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह की खबरों पर नजर रखने के लिए सभी जिलों में विशेष सेल का गठन किया गया है। इसके अलावा मुख्यालय से भी इस तरह की खबरों पर नजर रखी जाती है।

## एन.एस.यू.आई ने डोरंडा कॉलेज में मोहब्बत की दुकान कार्यक्रम की लॉन्चिंग की, यशश्विनी सहाय भी रहीं मौजूद

**रांची (ससे):** झारखंड कांग्रेस एन.एस.यू.आई नेत्री आरुषी वंदना के नेतृत्व में शनिवार को रांची विश्वविद्यालय के डोरंडा कॉलेज में मोहब्बत की दुकान कार्यक्रम की लॉन्चिंग की गई। विदित हो कि पूरे देश मे ये कार्यक्रम हर कॉलेज यूनिवर्सिटी में की जा रही है। शनिवार को डोरंडा कॉलेज में ये लॉन्चिंग कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम की लॉन्चिंग में मुख्य रूप से रांची लोकसभा की इंडिया गठबंधन प्रत्याशी यशश्विनी सहाय मौजूद थी। विद्यार्थियों के बीच युवा न्याय पम्पलेट एव गौरांती कार्ड दिया गया। यशश्विनी सहाय ने मौके पर विद्यार्थियों से बात की एवं उन्हें संबोधित किया। कांग्रेस के मैनिफेस्टो को समझाया। नए वोटर्स को वोट का महत्व बताया। आरुषी वन्दना ने कहा कि पूरे झारखंड में हर यूनिवर्सिटी में हर कॉलेज में मोहब्बत की दुकान कार्यक्रम किया जाएगा एवं रांची के हर कॉलेजों में प्रतिदिन ये कार्यक्रम किया जाएगा।

मौके पर जिला महासचिव अब्दुल राबनवाज ने विद्यार्थियों को युवा रौशनी योजना एवं अग्निपथ योजना के बारे में बताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आरुषी वंदना, अब्दुल राबनावज, आकाश रजवार, मिराज, सुमन, प्रीति, रेशम, कार्तिक, विनीत, प्रियंका एवं अनेकों विद्यार्थी मौजूद थे।

## नशे के जाल से युवाओं को बचाने में समाज की सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए वीडियो संदेश रिलीज

**रांची (ससे):** नशे के जाल से युवाओं को बचाने में समुदाय के सहयोग को रेखांकित करते हुए एवं समाज की सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए उन्हें प्रेरित करते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक राँची ने आज एक वीडियो संदेश रिलीज़ किया हैं।

इसमें उन्होंने नशे के विरुद्ध युद्ध में समाज को सजग भूमिका निभाने एवं जड़मूल से इस समस्या का समाधान करने के लिए प्रेरित करते हुए तकनीक का उपयोग करने का अनुरोध किया है।

उन्होंने व्हाट्सएप के माध्यम इस तरह की गतिविधियों की सूचना राँची पुलिस को व्हाट्सएप नंबर ९१५३८८६२३८ पर देने की अपील की।इसके साथ ही बताया कि यदि किसी को ऐसी गतिविधियों के अड्डे या स्थान का पता है तो उस स्थान पर जाकर उसका करेंट लोकेशन उपरोक्त नंबर पर भेज कर पुलिस की मदद कर सकते हैं।

उन्होंने हिदायत दी कि लोकेशन भेजने के लिए उस स्थान पर तब जायें जब कि वहाँ इस तरह की असामाजिक गतिविधियाँ न हो रही हों। यदि किसी नशे के सौदागर का फोटो ,नाम ,पता किसी के पास उपलब्ध है तो उसे भी शेयर करने की अपील की।

उन्होंने आश्वस्त किया कि *सूचना देने वाले की गोपनीयता का पूरा ख़याल रखा जाएगा। इस वीडियो के माध्यम से उन्होंने नशे के हानिकारक प्रभावों को दर्शाया है और युवाओं को इस खतरे से बचाने के लिए समाज के हर वर्ग को समर्थन देने का आग्रह किया है। कहा गया कि युवा पीढ़ी हमारे देश का भविष्य एवं सरकार और समाज की साझी ज़िम्मेदारी है।

इन्हें नशे के गर्त में धकेलने वालों के ख़िलाफ़ कड़ी कार्रवाई के लिए राँची पुलिस प्रतिबद्ध है। बीते दिनों राँची पुलिस के विशेष अभियान में ५० से भी अधिक नशा कारोबारी जेल की सलाख़ों के पीछे भेजे जा चुके हैं एवं लगभग १५ करोड़ मूल्य की नशीली सामग्री जब्त की जा चुकी है।इसे और धार देने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि एक जागरूक और सतर्क समाज की लाखों आँखों से मुट्ठी भर अपराधी छुप नहीं सकते।

पुलिस और समाज के संयुक्त प्रयासों से नशे के खिलाफ निरोधात्मक एवं दंडात्मक कार्रवाई करते हुए एक प्रभावी वातावरण का निर्माण कर युवा पीढ़ी को स्वस्थ और सकारात्मक दिशा में अग्रसर किया जा सकता है जिसमें हम सभी का सहयोग आवश्यक है।

## स्कूल बस पलटने से कई बच्चे चोटिल

**रांची (ससे):** रांची अंतर्गत मांडर थाना क्षेत्र के चुंद में स्कूल बस पलटने से बस में सवार कई बच्चे चोटिल हो गए । स्कूल बस चुंद स्थित संत नारीया स्कूल की बताई जा रही है। घटना सुबह उस समय घटी जब बस चालक बच्चों को लेकर स्कूल जा रहा था और बस अनियंत्रित होकर गड्ढा नुमा खेत में जा पलटी । दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल सभी बच्चों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनका इलाज किया जा रहा है । जानकारी अनुसार सभी बच्चे सुरक्षित है।

## आंतकी कसाब को फांसी दिलाने वाले उज्ज्वल निकम को भाजपा ने बनाया उम्मीदवार

### मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा सीट से दी टिकट

**मुंबई (ईएमएस):** भाजपा ने मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा सीट से आतंकवादियों और अपराधियों के खिलाफ केस लड़ने वाले मशहूर वकील उज्ज्वल निकम को पार्टी का लोकसभा उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने सीट से वर्तमान सांसद पूनम महाजन का टिकट कट दिया है। पूनम महाजन पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय प्रमोद महाजन की बेटी हैं। निकम का मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार वर्षा गायकवाड़ से होगा।

भाजपा ने शनिवार को लोकसभा उम्मीदवार की अपनी १५वीं सूची जारी की है, इसमें पार्टी ने एकमात्र उज्ज्वल निकम की ही उम्मीदवारी का ऐलान किया है। बता दें कि उज्ज्वल विशेष लोक अभियोजक के तौर पर मुंबई में १९९३ में हुए बम धमाके और २००८ में हुए २६/११ के आतंकी हमले के दोषियों सहित कई अन्य हाई प्रोफाइल मामले में अपराधियों और आतंकवादियों के खिलाफ मुकद्दमा लड़ कर सजा दिलवा चुके है। भाजपा ने इसके अलावा ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए भी अपने उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी कर दी है, इसमें पार्टी ने ८ उम्मीदवारों के नाम घोषित किए है। पार्टी ने ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए तेलकोई से फकीर मोहन नायक, चंपुआ से मुरली मनोहर शर्मा, बासुदेवपुर से बनिकल्याण मोहंती, हिंडोल से सीमारानी नायक और खुर्दा से प्रशांत कुमार जगदेव सहित ८ उम्मीदवारों के नाम चौथी लिस्ट में शनिवार को घोषित किए हैं।

## भाजपा संविधान बदलकर लोकतंत्र को कमजोर करना चाहती है : प्रियंका गांधी



**वलसाड (ईमएस):** गुजरात में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी के प्रचार में पहुंची कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने भाजपा पर जमकर प्रहार किए। प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा के लोग कई खतरनाक बात कर रहे हैं। वह कहते हैं संविधान बदल देंगे। जिस संविधान से अधिकार मिला है उसे बदलने का क्या मतलब है? दरअसल ये लोग संविधान बदलकर लोकतंत्र को कमजोर करना चाहते हैं। दक्षिण गुजरात के वलसाड लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अनंत पटेल के समर्थन में धरमपुर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि एक तीर एक कमान, आदिवासी एक समान। चुनाव के समय बहुत सारी बातें हो रही हैं और मैं भी अपने मन की बात रखने आपके समक्ष आई हूं। आप सभी भले ही मुझसे दूर बैठे हों, परंतु मेरे दिल के करीब हैं। करीब इसलिए हैं क्योंकि आप ही इस देश की महान जनता हैं। आप ने ही इस देश को अपने खून-पसीने से बनाया है और इस जमीन को सींचा है। प्रत्येक आंदोलन के वक्त आदिवासी समाज आगे आया है। आजादी की लड़ाई में भी आदिवासी समाज ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। देश की मौजूदा परिस्थित को लेकर प्रियंका गांधी ने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी इस कदर बढ़ गई है कि सामने मुश्किल ही मुश्किल नजर आ रही है। आज देश की सामान्य जनता के लिए जीना मुहाल हो गया है। खासकर आदिवासी समाज के लिए। आदिवासी समाज के लिए जल, जंगल और जमीन एक संस्कृति है। प्रियंका गांधी ने कहा कि मेरी दादी इंदिराजी हमेशा कहा करती थी कि उनके हृदय में सबसे अधिक आदर आदिवासी संस्कृति के लिए है। वह इसलिए कि आदिवासी समाज ने जल, जमीन, जंगल प्रकृति के नियमो का आदर कर जीवन के नियम बनाए हैं। उन्होंने कहा कि देश के आजाद होने के बाद बने संविधान के जरिए सभी समान अधिकार मिला। इसी संविधान ने जल, जंगल, जमीन का अधिकार दिया है।

मतदान का अधिकार दिया है। कांग्रेस की महासचिव ने कहा कि आप ने सुना होगा कि भाजपा के नेता संविधान बदलने की बात कर रहे हैं। लेकिन मोदी मंच पर आते हैं तो कहते हैं कि ऐसी कोई मंशा नहीं है। सच यह है कि मोदी जो करना चाहते हैं उसे छोटे-बड़े नेताओं बुलवा देते हैं और बाद में इंकार भी करते हैं। लेकिन सत्ता पर आते ही वही करते हैं जिसे वह पहले इंकार चुके हैं। भाजपा के नेता संविधान बदलने की कितनी खतरनाक बात कर रहे हैं। इसका मतलब साप है कि वह लोकतंत्र और देश की जनता को कमजोर करना चाहते हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि बीते १० साल में आप के अधिकारों को मजबूत करने का कोई काम नहीं किया। केवल और केवल आपको कमजोर करने का ही काम किया है। इतना ही नहीं लोकतंत्र को बचाने वाली संस्थाओं को भी कमजोर किया है।

## कोई गलती मत करना वर्ना 'अर्बन नक्सली' आकर तहस नहस कर देगा : अमित शाह



**भरुच (ईएमएस):** गुजरात के तीन दिवसीय गुजरात पर पहुंचे केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सौराष्ट्र के जामकंडोरणा के बाद दक्षिण गुजरात के भरुच लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए किसी का नाम लिए बगैर कहा कि कोई गलती मत करना वर्ना 'अर्बन नक्सली' आ जाएगा और सब तहस नहस कर देगा। भरुच लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार मनसुख वसावा के लिए वोट मांगने आए अमित शाह ने कहा कि यूं तो मनसुख वसावा के लिए प्रचार करने की जरूरत नहीं है। मनसुख वसावा का अगर कोई प्रचार कर सकता है तो वह खुद मनसुख वसावा हैं। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस आदिवासी विरोधी और आम आदमी पार्टी (आप) आदिवासियों का शोषण करनेवाली पार्टी है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने आदिवासियों के लिए विशेष मंत्रालय बनाया था। जबकि मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहली बार आदिवासी समाज की महिला को राष्ट्रपति बनाकर सम्मान किया है। देशभर में २०० करोड़ रुपए की लागत से १० आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को म्यूजियम बनाए गए हैं। रु. ७५ हजार करोड़ आदिवासियों के विकास के लिए दिए हैं। जब केन्द्र में मनमोहनसिंह के नेतृत्ववाली यूपीए सरकार थी, तब आदिवासियों के लिए रु. २८००० करोड़ का बजट था। लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनने के बाद आदिवासियों के लिए रु. १.१० लाख करोड़ बजट दिया। एकलव्य समेत अनेक योजनाएं शुरू कीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठ बोलने और आप झूट्ठों की सरदार जैसी पार्टी है। दोनों झुट्ठे एक होकर भरुच में चुनाव लड़ने उतरे हैं। कांग्रेस समेत पूरा विपक्ष झूठ फैला रहा है कि भाजपा अगर ४०० के पार जाएगी तो आरक्षण खत्म कर देगी।

# ब्लॉक-ए स्थित कमरा संख्या 202 को बनाया गया निर्वाची पदाधिकारी का कक्ष

## कमरा संख्या 312 (ब्लॉक-ए) से नामांकन पत्र प्राप्त कर सकेंगे अभ्यर्थी

**रांची (ससे):** रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अधिसूचना २९ अप्रैल २०२४ को जारी होगी। इससे पहले जिला निर्वाचन पदाधिकारी, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा तैयारियों की समीक्षा करते हुए पूरी व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है।

शनिवार को निर्वाची पदाधिकारी कक्ष में संपादित किये जाने वाले कार्य को लेकर पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था), रांची सह सहायक निर्वाची पदाधिकारी हटिया विधानसभा क्षेत्र, राजेश्वर नाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर सह निर्वाची पदाधिकारी रांची विधानसभा क्षेत्र, उत्कर्ष कुमार, अपर समाहर्त्ता रांची सह निर्वाची पदाधिकारी सिल्ली विधानसभा क्षेत्र राम नारायण सिंह एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

**भारत निर्वाचन आयोग के अनुदेशों/निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा द्वारा बारी-बारी से निर्वाची पदाधिकारी कोषांग में प्रतिनियुक्त कर्मचारियों से उनके कार्य एवं दायित्व की जानकारी ली गयी। उन्होंने सभी से भारत निर्वाचन आयोग के अनुदेशों/निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। अधिसूचना जारी होने के बाद नामांकन के लिए आने वाले अभ्यर्थियों से किस तरह दस्तावेज प्राप्त किए जाने हैं और आगे की कार्रवाई किस प्रकार की जानी है इसे लेकर सभी को उचित व आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



**जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने व्यवस्था का लिया जायजा**

नामांकन के दौरान समाहरणालय परिसर में किस तरह की व्यवस्था की गई है। इसका भी जिला निर्वाचन पदाधिकारी, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा जायजा लिया गया। समाहरणालय मुख्य द्वार से लेकर निर्वाची पदाधिकारी के कक्ष तक की जाने वाली व्यवस्था का जायजा लेते हुए उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**सुरक्षा के होंगे व्यापक प्रबंध**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान समाहरणालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद होगी। पदाधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें कि अनावश्यक रूप से समाहरणालय परिसर में भीड़ न लगे।

मीडियाकर्मियों के लिए बैठने की व्यवस्था, विभिन्न स्थानों में बैरिकेडिंग, साफ-सफाई, ध्वनि विस्तारक यंत्र, लिफ्ट एवं लाइट की व्यवस्था का जायजा लेते हुए उन्होंने उप निर्वाचन पदाधिकारी और नजारत उप समाहर्त्ता को पूरी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

**कमरा संख्या 202 को बनाया गया निर्वाची पदाधिकारी का कक्ष**

रांची लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित कमरा संख्या २०२ को निर्वाची पदाधिकारी का कक्ष बनाया गया है। जहां अभ्यर्थी अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष अधिसूचित स्थल पर सुबह ११:०० बजे से दोपहर ३:०० तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे। नामांकन करने की अंतिम तारीख को अपराह्न ३:०० बजे के बाद कमरे के अंदर आने की अनुमति नहीं होगी।

**कमरा संख्या 312 से नामांकन पत्र प्राप्त कर सकेंगे अभ्यर्थी**

२९ अप्रैल २०२४ को अधिसूचना जारी होने के साथ ही रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र प्राप्त किया जा सकेगा। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित कमरा संख्या- ३१२ से अभ्यर्थी नामांकन पत्र प्राप्त कर सकेंगे। कार्यालय अवधि (सुबह १०:०० बजे से शाम ५:०० बजे तक) नामांकन पत्र प्राप्त किया जा सकेगा।

**पदाधिकारी एवं दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति**

नामांकन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता के अनुपालन एवं विधि व्यवस्था तथा सुरक्षा व्यवस्था संधारण हेतु समाहरणालय परिसर एवं आसपास पदाधिकारी एवं दंडाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है।

१. समाहरणालय परिसर का मुख्य प्रवेश द्वार एवं ड्राप गेट (ब्लॉक-ए) के समीप। २. समाहरणालय परिसर का मुख्य प्रवेश द्वार एवं ड्राप गेट (ब्लॉक-बी) के पास। ३. समाहरणाल परिसर ब्लॉक ए एवं ब्लॉक बी मोड़ पर (ड्रॉप गेट)। ४. ब्लॉक ए का मुख्य प्रवेश द्वार। ५. उपायुक्त कार्यालय कक्ष के समीप कमरा संख्या २०१ के बाहर। ६. उपायुक्त के सभा कक्ष कमरा संख्या २०७ के समीप। ७. मुख्य गेट के बाहर एवं आस पास कचहरी रोड (एसबीआई के सामने)। ८. कचहरी चौक। ९. कमिश्नरी ऑफिस चौक।

प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं दंडाधिकारियों को २९ अप्रैल २०२४ से ०९ मई २०२४ तक प्रतिनियुक्ति स्थल पर सुबह ९:०० बजे से योगदान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही आदर्श आचार संहिता के आलोक में विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था संधारण के लिए अपने कर्तव्यों का निर्वहन सुनिश्चित करने को कहा गया है। अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची को आदर्श आचार संहिता को दृष्टिगत रखते हुए एफएसटी/वीएसटी की टीम की प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया गया है।

# संपादकीय | भूख की त्रासदी झेलने के लिए लोग मजबूर

यह अपने आप में एक बड़ा विरोधाभास है कि जिस दौर में दुनिया भर में अर्थव्यवस्था के चमकते आंकड़ों के जरिए लगातार विकास का हवाला दिया जाता है, उसमें करोड़ों लोगों को पेट भरने के लिए खाना तक नहीं मिलता है। यह अफसोसनाक हकीकत एक तरह से विकास के दावों के सामने आईना है, जो इस बात पर विचार करने जरूरत को रेखांकित करता है कि इसकी दिशा क्या है और आखिर यह किसके लिए है।

गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र ने बुधवार को 'ग्लोबल रिपोर्ट आन फूड क्राइसिस' यानी खाद्य संकट पर वैश्विक रिपोर्ट में यह खुलासा किया कि विश्व के उनसठ देशों के लगभग 28.2 करोड़ लोग सन 2023 में भूख से तड़पने को लाचार हुए। भूख का सामना करने वाले लोगों की तादाद 2022 के मुकाबले 2.4 करोड़ ज्यादा रही।रिपोर्ट के मुताबिक, भूखे रहने वालों में बच्चे और महिलाएं सबसे ज्यादा हैं। इसके अलावा, बत्तीस देशों में पांच वर्ष से कम उम्र के 3.6 करोड़ अधिक बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित हैं। साथ ही युद्ध और अन्य प्राकृतिक आपदाओं की वजह से बढ़ते विस्थापन के बीच पिछले वर्ष कुपोषण की समस्या और ज्यादा गहरी हो गई। सवाल है कि दुनिया भर में और खासतौर पर अंतरराष्ट्रीय संगठनों में अगर भूख सहित कई बड़ी समस्याओं से लड़ने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी की बात की जाती है तो इस त्रासदी के लिए किसे जवाबदेह ठहराया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में यह बताया गया है कि बीस देशों में भूख की मुख्य वजह वहां चल रहे हिंसक संघर्ष थे। दूसरा बड़ा कारण यह था कि बढ़ते तापमान या मौसम से संबंधित आपदाओं, कीटों के हमले और महामारी



के बीच करीब सात करोड़ सत्तर लाख से ज्यादा लोगों को उच्च स्तर की गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना करना पड़ा। इसी तरह, खाने-पीने की चीजों की महंगाई, आयातित खाद्य वस्तुओं पर निर्भरता, उच्च ऋण स्तर आदि वजहों से भी लोगों को भूख की समस्या से रूबरू होना पड़ा। सवाल है कि संयुक्त राष्ट्र की ओर से या वैश्विक स्तर पर भुखमरी के लिए जिन कारणों को चिह्नित किया गया है, उसका हल निकालने की कोशिश किसे करनी है और वह कब होगा! यह एक जगजाहिर तथ्य है कि संयुक्त राष्ट्र या फिर अन्य संस्थाओं की ओर से विश्व भर में भूख के संकट पर अक्सर अध्ययन रपटें जारी की जाती हैं। उसमें कारण भी बताए जाते हैं। मगर उन्हें दूर करने को लेकर बात औपचारिकताओं से आगे नहीं बढ़ पाती। अन्यथा क्या वजह है कि वर्षों से भुखमरी के हालात कायम रहने के बावजूद इस दिशा में अब तक कोई ठोस हल सामने नहीं आ सका है। उल्टे आर्थिक और सामरिक स्तर पर दुनिया के ताकतवर देश भुखमरी की त्रासदी की ओर ध्यान दिलाए जाने पर भी उसके समाधान को लेकर शायद ही कोई रुचि दिखाते हैं। गरीबी, जलवायु परिवर्तन आदि से उपजी समस्याओं से अगर कोई देश ज्यादा प्रभावित होता है तो सक्षम देश उनकी मदद के लिए क्या करते हैं? संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि युद्धग्रस्त गाजा में सबसे ज्यादा लोगों ने अकाल की गंभीर स्थिति का सामना किया। सवाल है कि संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्था के होते हुए भी युद्धग्रस्त इलाकों में ऐसे हालात कैसे लंबे समय तक बने रहते हैं और युद्ध को खत्म कराने के प्रयास महज दिखावे के क्यों साबित होते हैं कि लोगों के सामने भूख से तड़पने की नौबत आती है!

## सोशल मीडिया से...



ये वह लोग हैं जिन्होंने दशकों तक बैलट पेपर के बहाने गरीबों का अधिकार छीना। पोलिंग बूथ, बैलट पेपर लूट लिए जाते थे। जब गरीबों को ईवीएम की ताकत मिली है तो चुनाव के दिन लूट करने वालों से बर्दाश्त नहीं हो रहा था। इसलिए वे ईवीएम को हटाना चाहते हैं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने मतपेटियों को लूटने इरादा रखने वालों को ऐसा गहरा झटका दिया है कि उनके सारे सपने चूर-चूर हो गए।

**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

इस बार आपको महत्वपूर्ण का करना है। मप्र को बंटा धार करने वाले दिग्विजय को हराना है। 10 साल तक मोदी जी ने ढेर सारे काम किया। सारे काम गिनाउंगा तो 7 दिन की भागवत कथा समाप्त हो जाएगी, लेकिन विकास के काम खत्म नहीं होंगे।

**अमित शाह**, केंद्रीय गृह मंत्री





आजादी के 75 साल बाद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और गृह मंत्री श्री अमित शाह जी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के सपने को पूरा किया है। डॉ. मुखर्जी ने कहा था कि एक देश-दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चल सकते। कश्मीर में धारा 370 को हटाया गया और आज कश्मीर में अमन-चैन का वातावरण है।

**ज्योतिरादित्य सिंधिया**, केंद्रीय मंत्री

एक समय राजगढ़ जिला पिछड़े जिलों में शुमार था। इस जिले से प्रतिनिधित्व करने वाले 10 वर्षों तक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे, लेकिन उन्होंने इस क्षेत्र के विकास को लेकर कुछ नही किया, लेकिन भाजपा सरकार के शासनकाल में राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र को कई सौगातें दी गई हैं। यहां पर विकास की गंगा बहाई गई है।

**डॉ. मोहन यादव**, सीएम मप्र



## आज का कार्टून

राहुल गांधी का अमेठी से नामांकन की तैयारी




# किसकी संपत्ति का होगा बंटवारा, किसका होगा वारा न्यारा?

सैम पित्रोदा का कहना है कि कोई भी व्यक्ति जो संसाधन इकट्ठा करता है और उससे इतनी बड़ी कंपनी का निर्माण हो जाता है जो अरबों-खरबों डॉलर के मूल्य वाली हो तो ऐसे व्यक्ति के मरने पर जरूरी नहीं कि वह सारी संपत्ति उसके बच्चों के पास जाए। उसका आधा हिस्सा सरकार के पास भी जा सकता है जिसका इस्तेमाल जनकल्याण के लिए होगा। आखिरकार उस कंपनी की इतनी बड़ी पूंजी बनाने के पीछे सरकारी सुविधाओं का भी योगदान होता है। सैम पित्रोदा ने इसके लिए अमेरिका के इन्हैरिटेन्स टैक्स उदाहरण दिया है जहां किसी बड़ी कंपनी के मालिक के मरने के बाद उसकी संपत्ति का 55 प्रतिशत वेल्थ सरकार के पास चला जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि उस संपत्ति को बनाने में उस व्यक्ति के बच्चों का कोई रोल नहीं होता। सैम का कहना है कि यह सिर्फ उन कंपनियों के मामले में ही होता है जो बड़ी कॉरपोरेशन हैं। सैम का कहना है कि दुनिया के हर पूंजीवादी लोकतंत्र में इस तरह की व्यवस्था है ताकि कंपनियां इतनी बड़ी न हो जाएं कि सरकार चलाने लगें। सैम का कहना है कि भारत के संदर्भ में भी ऐसे उपायों पर चर्चा होनी चाहिए।

**संजय तिवारी**





अभी ज्यादा पुरानी बात नहीं है। 2016 के नवंबर महीने की आठ तारीख की रात अचानक देश में नोटबंदी की घोषणा कर दी गयी। रात के बारह बजे से सभी पुराने नोटों को अमान्य घोषित कर दिया गया। बहुत अफरा तफरी मची। किसी तरह कई महीने में हालात काबू में आये। उस समय स्वयं प्रधानमंत्री मोदी ने कई बार अपने भाषण में कहा था कि इस नोटबंदी से गरीब आदमी का फायदा ही हुआ है। असल में वो इशारा कर रहे थे कि जिन्होंने बहुत सारा कैश रखा हुआ था जब उन्हें नोट बदली करवाना हुआ तो अपने यहां काम करनेवाले या परिचित गरीब लोगों के एकाउण्ट में ढाई लाख तक जमा करवाया। इसमें से कुछ तो कमीशन देकर ये रकम वापस पा गये बाकी बहुत से लोगों का पैसा लेकर गरीब आदमी गायब हो गये। पीएम मोदी शायद इसीलिए बोल रहे थे कि नोटबंदी से गरीब आदमी का फायदा ही हुआ है।

वर्ष 2016 में नोटबंदी में गरीब आदमी का फायदा बताने वाले वही प्रधानमंत्री मोदी आज लोगों को बता रहे हैं कि अगर कांग्रेस सत्ता में आयी तो वह धनी लोगों की संपत्ति का बंटवारा उन लोगों में कर देगी जिनके पास बच्चे अधिक है। अर्थात जो अमीर हैं, पैसेवाले हैं उनका पैसा और संपत्ति लेकर कांग्रेस गरीबों में बांट देगी। अब सवाल यह उठता है कि कौन से मोदी पर यकीन करें? वह जो नोटबंदी में पैसा दबा लेनेवाले गरीबों का फायदा बता रहा था या फिर वह जो अमीरों का पैसा गरीबों में बांटने के कांग्रेस के वादे पर सवाल उठा रहे हैं? उससे भी बड़ा सवाल यह है कि क्या यह बात सही है कि कांग्रेस के घोषणापत्र में इस तरह का कोई वादा किया भी गया है या नहीं? इसके लिए सबसे पहले कांग्रेस के घोषणापत्र की ही पड़ताल करनी होगी। कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में आर्थिक न्याय कॉलम के तहत कह रही है कि वह कंपनियों के एकाधिकार, अल्पाधिकार और क्रोनी कैपिटलिज्म का विरोध करती है। कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी कंपनी या व्यक्ति उन सुविधाओं को सिर्फ अपना न समझे जो सभी उद्यमियों के लिए उपलब्ध है। कांग्रेस घोषणापत्र में कही गयी इसी बात को प्रधानमंत्री मोदी ने संपत्ति के बंटवारे से जोड़कर इस तरह प्रस्तुत किया है मानों कांग्रेस सत्ता में आयी तो सभी अमीर लोगों की संपत्ति छीनकर गरीबों में बांट देगी। इस आरोप का जवाब देते हुए कांग्रेस के हितैषी सैम पित्रोदा ने जो बात कही उससे भी विवाद बढ़ गया। सैम पित्रोदा ने कहा है कि बड़ी कंपनियों की संपत्ति या वेल्थ क्रियेशन को एक सीमा के बाद सीमित किया जा सकता है। अमेरिका जैसे कैपिटलिस्ट देश में भी यह होता है।

सैम पित्रोदा का कहना है कि कोई भी व्यक्ति जो संसाधन इकट्ठा करता है और उससे इतनी बड़ी कंपनी का निर्माण हो जाता है जो अरबों-खरबों डॉलर के मूल्य वाली हो तो ऐसे व्यक्ति के मरने पर जरूरी नहीं कि वह सारी संपत्ति उसके बच्चों के पास जाए। उसका आधा हिस्सा सरकार के पास भी जा सकता है जिसका इस्तेमाल जनकल्याण के लिए होगा। आखिरकार उस कंपनी की इतनी बड़ी पूंजी बनाने के पीछे सरकारी सुविधाओं का भी योगदान होता है। सैम पित्रोदा ने इसके लिए अमेरिका के इन्हैरिटेन्स टैक्स उदाहरण दिया है जहां किसी बड़ी कंपनी के मालिक के मरने के बाद उसकी संपत्ति का 55 प्रतिशत वेल्थ सरकार के पास चला जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि उस संपत्ति को बनाने में उस व्यक्ति के बच्चों का कोई रोल नहीं होता। सैम का कहना है कि यह सिर्फ उन कंपनियों के मामले में ही होता है जो बड़ी कॉरपोरेशन हैं। सैम का कहना है कि दुनिया के हर पूंजीवादी लोकतंत्र में इस तरह की व्यवस्था है ताकि कंपनियां इतनी बड़ी न हो जाएं कि सरकार चलाने लगें। सैम का कहना है कि भारत के संदर्भ में भी ऐसे उपायों पर चर्चा होनी चाहिए।

कांग्रेस या फिर उसके समर्थक सैम पित्रोदा जो कह रहे हैं वह सिर्फ बड़े कॉरपोरेट घरानों के संदर्भ में है। उसका सामान्य धनिकों या कारोबारियों से कोई लेन देन नहीं है। फिर भी यहां यह तथ्य नहीं भूलना नहीं चाहिए कि अमेरिका में इस तरह का कानून होने के बावजूद आज दुनिया में सबसे बड़े कॉरपोरेट घराने अमेरिका में ही पाये जाते हैं। इन्हैरिटेन्स एक्ट होने के बावजूद अमेरिकी कंपनियां दुनियाभर में घूमकर वेल्थ क्रियेशन करती हैं और अमेरिकी सरकार उनके लिए लॉबींग भी करती है।

लेकिन वो अपने अनुभवों से वो यह बात भी समझते हैं कि कंपनियां इतनी प्रभुत्वशाली नहीं होनी चाहिए कि सरकार के काम काज में दखल देनें लगे। एक ऐसी कंपनी ईस्ट इंडिया कंपनी के कारण ही भारत डेढ सौ साल अंग्रेजों का गुलाम रहा। ईस्ट इंडिया कंपनी कारोबार करते करते इतनी बड़ी हो गयी कि उसने शासन करने और सेना जमा करने का काम भी शुरु कर दिया। भारत ने उसकी क्या कीमत चुकाई हम सब उसका इतिहास जानते हैं।

लेकिन बीते कुछ दशकों से भारत में बड़ी कॉरपोरेशन बनाने की मुहिम सी चल रही है। केन्द्र में बैठी सरकारों को भी लगता है कि अगर देश में पांच दस इतनी बड़ी कंपनियां बना दी जाएं जो दुनिया के बड़े कॉरपोरेट घरानों के बराबर हों तो हम भी संसार में एक आर्थिक महाशक्ति बनकर उभर सकते हैं। लेकिन कंपनियां केवल कहने से तो बड़ी नहीं बन जाती। इसके लिए उनके पास बड़ा कारोबार और कारोबार पर एकाधिकार होगा तभी वो एक बड़ी कॉरपोरेशन के रूप में स्थापित होंगी।

ऐसा करने के लिए सरकारों की नीति ऐसी बनायी जा रही है कि उत्पादन और वितरण के क्षेत्र में बड़े कॉरपोरेशन के लिए रास्ता तैयार किया जा रहा है ताकि छोटे कारोबारी उसमें से बाहर हो जाएं। जब तक ऐसा नहीं होगा तब तक बड़े कॉरपोरेट घराने तैयार नहीं होंगे। सौभाग्य कहें या दुर्भाग्य भारत में ऐसा बहुत तेजी से हो रहा है। ऑक्सफैम के अनुसार भारत के शीर्ष 10 प्रतिशत अमीर लोगों के पास देश की कुल पूंजी का 77 प्रतिशत केन्द्रित हो चुका है। बीते एक दशक में खरबपतियों की पूंजी में दस गुना से ज्यादा की वृद्धि हुई है। जबकि इसके उलट देश के 77 करोड़ लोगों की आय में सिर्फ एक प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

विकास का यह दृष्टिकोण किसी भी रूप से भारत के हित में नहीं है। इससे जो असमानता निर्मित हो रही है वह आज नहीं तो कल एक गृहयुद्ध को निमंत्रण देगी। 140 करोड़ लोगों के देश में आय की असमानता और विकसित होने के अवसर उस प्रकार निर्धारित नहीं किये जा सकते जैसा यूरोप के छोटे छोटे देशों में हुआ है। भारत की सामाजिक स्थिति ऐसी है कि यहां बड़े कॉरपोरेट घरानों वाला मॉडल बड़ी तबाही ले आयेगा। इसकी इतनी बड़ी सामाजिक कीमत चुकानी पड़ेगी जिसकी अभी हम कल्पना भी नहीं कर सकते। अगर देश का सारा कारोबार कुछ चुनिंदा कारपोरेट घरानों तक सिमटता जाएगा तो सबसे पहली समस्या नौकरी और रोजगार की खड़ी होगी। दूसरी समस्या पूंजी के भीषण केन्द्रीकरण की होगी जिसके कारण आय की असमानता में जमीन आसमान का अंतर आयेगा।जैसे जैसे ये दोनों परिस्थितियां बनती जाएंगी एक तीसरा संकट पैदा होगा और वह होगा लॉ एण्ड आर्डर का। अगर किसी समाज में उसके एक बड़े वर्ग को पूंजी निर्माण से दूर कर दिया जाता है तो वहां चोरी, डकैती, छिनैती, राहजनी जैसी घटनाएं बहुत तेजी से बढ़ती हैं। आज हमारे शहरों में इसके हालात बनने शुरु हो गये हैं जिन्हें पुलिसवाले एफआईआर न लिखकर छिपाये हुए हैं। दिल्ली की कच्ची कालोनियां हों या फिर मुंबई की झुग्गी झोपड़ी। वहां ये घटनाएं आम होती जा रही हैं।

ऐसे में वेल्थ क्रियेशन पर कहीं न कहीं सरकार के स्तर पर ही चेक रखना होगा। चार बड़े कॉरपोरेट घरानों को खड़ा करके हम बाकी को मुफ्त राशन देकर आर्थिक न्याय नहीं कर सकते। आर्थिक विकास का अवसर सबके लिए समान होना चाहिए और ट्रिकल डाउन थ्योरी को सैद्धांतिक नहीं बल्कि व्यावहारिक बनाना होगा ताकि पूंजी का प्रवाह समाज में नीचे तक पहुंचे और ईज आफ डूईंग बिजनेस के बजाय सबके लिए ईज ऑफ लिविंग लाइफ संभव हो सके।

इसलिए कांग्रेस या सैम पित्रोदा जो कह रहे हैं उसे सही संदर्भों में समझने और विश्लेषित किये जाने की जरूरत है। देश में दस अरबपतियों की संपत्ति में सौ गुना बढोत्तरी हो जाने से राष्ट्र संप्रभु नहीं होगा। वह तब होगा जब आम जन के पास पूंजी होगी। अतीत में भारत सोने की चिड़िया था तो इसी कारण था क्योंकि वेल्थ डिस्ट्रीब्यूशन का इससे बढिया मॉडल संसार में कहीं नहीं था।

# किताब सिखाती है जीवन जीने की ...

दरअसल, किताबें हमें जीवन जीने का मार्ग दिखाती है, हमारी मित्र है, सही गलत का बोध कराती है, अद्यतन सूचना से लैस करती है। ये लेखक के संचित अनुभवों का भंडार है। ये केवल शब्दों की बाजीगरी या जादूगरी नहीं है, बल्कि कितना-कितना सोचा समझा जाता है, तब जाकर शब्द वाक्य में, वाक्य अनुच्छेद में, अनुच्छेद पृष्ठों में, पृष्ठ अध्यायों में बदल कर किताब रूप में सजते हैं। दिमाग में उमड़ते-घुमड़ते विचारों को, मन के भावों को शब्दों में बांध कर पृष्ठ पर उतार देना कोई जादू या छूमंतर जैसा खेल नहीं है कि किसी ने छू भर दिया और सब हो गया। लेखन श्रम और लगन मांगता है।

**सुरेश कुमार मिश्र 'उरतृप्त'**



किताबों की शीशे वाली अलमारी दिखने में बहुत सुंदर लगती है। ठीक उसी तरह, जिस तरह कोई रंग-बिरंगी पंछी पिंजरे के भीतर हो। किताबें और पंछी को बाहर की दुनिया में लाकर देखा जाए तो दोनों हमारी संकीर्णताओं को अपने-अपने ढंग से मिटाने की क्षमता रखती हैं। एक ज्ञान तो दूसरा स्वच्छंदता का प्रतीक है। दोनों जब तक कैद हैं, तब तक हम चाहकर भी अपनी संकीर्णताओं से मुक्त नहीं हो सकते हैं।

किताबों की दुनिया बहुत विस्तृत और गहन है। इनके द्वारा हमें ज्ञान, अनुभव और जीवन के विभिन्न पहलुओं के बारे में सीखने का अवसर मिलता है। इनकी सहायता से हम प्राचीन धर्म, विज्ञान, तकनीक, इतिहास, सामाजिक विज्ञान, कला, साहित्य आदि के बारे में जान सकते हैं। इनका संसार बड़ा रोचक, मोहक और ज्ञानवर्धक है। जिंदगी 'पट्टी पूजन' से शुरू होती है और पूरी जीवन यात्रा में किताबें हमारा पाथेय बनी रहती हैं। किताबें ज्ञान का कोश हैं और अनुभवजनित ज्ञान का भंडार हैं। यह जहां-तहां दुकानों, पुस्तकालयों, किताब मेलों आदि में सजती हैं। कुछ स्थानों पर लोकार्पित और विमोचित होती हैं, लेखकों से संवाद होता है। किताबें देखी जाने के साथ साथ खरीदी जाकर पुस्तकालयों और किताब प्रेमियों के घरों में विराजती हैं। कुछ यदा-कदा बांच ली जाती हैं, कुछ के पन्ने पलट लिए जाते हैं।

कुछ की अनुक्रमणिका देखकर ही किताब का जायजा ले लिया जाता है। कुछ जरूरत पड़ने पर संदर्भ के लिए संभाल कर रख दी जाती हैं और कुछ को सजा कर रख दिया जाता है। व्यक्तिगत पुस्तकालयों में कुछ पुस्तकों का भाग्य इतना बुलंद होता है कि उन्हें कई बार अक्षर-अक्षर इस तरह पढ़ लिया जाता है कि पूरी किताब पृष्ठ संख्या और अनुच्छेद के संदर्भ के साथ दिमाग में अंकित हो जाती है और कुछ अलमारियों में ऐसी कैद कर दी जाती हैं कि उनके अक्षरों को दीमक ही चाट जाती हैं।

किताब प्रेमी भी कई तरह के होते हैं। उनमें विद्यार्थी हैं। ये लोग आमतौर पर अध्ययन और पढ़ाई में रुचि रखते हैं और किताबों के माध्यम से अपने ज्ञान और सूक्ष्म विचारधारा को बढ़ाना पसंद करते हैं। दूसरे होते हैं साहित्य प्रेमी। ये लोग साहित्यिक उत्पादों के प्रेमी होते हैं जैसे कि कहानियां, कविताएं, नाटक आदि। वे अपने बुद्धि, समझ और भावुकता के अंतर्गत साहित्य को समझते हैं और उससे प्रभावित होते हैं। तीसरे होते हैं इतिहास प्रेमी।

ये लोग इतिहास और संस्कृति से जुड़ी किताबों के प्रेमी होते हैं। वे किताबों का अध्ययन करते हैं और उनके माध्यम से अपनी जानकारी को बढ़ाते हैं। चौथे होते हैं विज्ञान प्रेमी, जो वैज्ञानिक उत्पादों, अनुसंधान और नवीनतम विकासों से जुड़ी किताबों के प्रेमी होते हैं। वे उन्हें पढ़ते हैं और उनसे नए विचारों का निर्माण करते हैं। धर्म प्रेमी लोग धर्म से संबंधित किताबों का अध्ययन करने में रुचि रखते हैं।

इस तरह किताब प्रेमियों के वर्ग अनंत हैं। मगर कुछ वर्ग ऐसे होते हैं जिनमें एक को खरीदने का और अलमारी में सजाने का खूब शौक होता है। कुछ तो बैठक में ही उन्हें सजा देते हैं और कमरे की शोभा बना देते हैं कि मेल-मिलापियों पर उनका अच्छा असर पड़े कि अमुक बेहद पढ़ाकू है। कुछ लोग पुस्तकों के इतने प्रेमी होते हैं जो किताबों का अक्षर-अक्षर जब तक नहीं पढ़ लेते हैं, तब तक बेचैन रहते हैं।

कुछ पढ़ कर समझने और उनका जीवन में प्रयोग करने के पक्षधर हैं तो कुछ दूसरों को बांच-बांच कर सुनाते रहते हैं। इसी तरह कुछ लोग किताबों से रट कर परीक्षा में लिख आते हैं, परीक्षा पास कर लेते हैं और बाद में सब भुला दिया जाता है। कुछ पाठक हैं तो कुछ पाठकों की सुविधा, रुचि और अपने अनुभवों का पिटारा सब तक पहुंचाने के लिए लगातार खुद को लिख-लिख कर अभिव्यक्त करते रहते हैं।

दरअसल, किताबें हमें जीवन जीने का मार्ग दिखाती हैं, हमारी मित्र हैं, सही गलत का बोध कराती हैं, अद्यतन सूचना से लैस करती हैं। ये लेखक के संचित अनुभवों का भंडार हैं। ये केवल शब्दों की बाजीगरी या जादूगरी नहीं हैं, बल्कि कितना-कितना सोचा समझा जाता है, तब जाकर शब्द वाक्य में, वाक्य अनुच्छेद में, अनुच्छेद पृष्ठों में, पृष्ठ अध्यायों में बदल कर किताब रूप में सजते हैं।

दिमाग में उमड़ते-घुमड़ते विचारों को, मन के भावों को शब्दों में बांध कर पृष्ठ पर उतार देना कोई जादू या छूमंतर जैसा खेल नहीं है कि किसी ने छू भर दिया और सब हो गया। लेखन श्रम और लगन मांगता है। ध्यान और समय मांगता है। सरोकार वास्तविक नहीं हो तो लिखना बेमानी हो जाता है। लिखा केवल इसीलिए नहीं जाता कि लेखक पर किसी तरह की भूख हावी होती है, बल्कि लिखा इसलिए भी लिखा जाता है लिखे बिना रह ही नहीं पाता।

समय बदला तो किताबें भी डिजिटल हो गई। अब वह पीडीएफ के रूप में मोबाइल में समा गई हैं। अब तो पढ़ने की भी आवश्यकता नहीं है। मोबाइल ही पढ़ देते हैं। रूप आकार बदलने से कुछ नहीं होता है। अंतिम उद्देश्य यही होना चाहिए कि किताब की संस्कृति बची और बनी रहनी चाहिए। लगते रहें किताबों के मेले। खरीदी और बांची जाती रहें किताबें।

मेले में लोकार्पित और विमोचित होती रहें किताबें। दुकानें ऐसे ही सजती रहें और किताब प्रेमी इन मेलों का आनंद लेते रहें। किताबें हम 'सबकी सांची मीत' हैं, पर यह याद रखना भी बेहद जरूरी है कि किताब स्थित विद्या और परहस्तगते धन किसी काम का नहीं होता। इसलिए किताबों का ज्ञान हमारे संज्ञान का विषय बना रहे। हम उन्हें पढ़ते-गुनते रहें, तभी किताबें 'सांची मीत' बनी रह सकती हैं।





# नया साल नए अजूबे

तुम दुनिया के नए-पुराने सभी अजूबों के बारे में जानते होगे। ये अजूबे वर्षों पहले बने थे, मगर आज भी ऐसे कई काम हो रहे हैं, जो तुम्हारे लिए किसी अजूबे से कम नहीं हैं।

## दुनिया का पहला निराला घर

आज तक तुमने कई तरह के डिजाइन वाले घर देखे होंगे। कई ऐसे घर होंगे, जो कि सी अनोखे आकार में तुम्हें आकर्षित भी करते होंगे। अलग-अलग तरह के डिजाइन करने वाले वास्तुकार भी हर सुख-सुविधा का घर बनाते हैं। पर अगर हम तुमसे ये पूछें कि क्या तुमने कभी उल्टा घर भी देखा है, जिसका बेस उसकी छत की तरह हो और छत जमीन से सटी हो। हां, एक ऐसा घर बन कर तैयार है, जिसे देखकर ऐसा लगेगा, मानो कुछ देर पहले कोई जबरदस्त भूंकप ने इस घर को एकदम उलट दिया हो। जब तुम इसे देखोगे तो अपनी बाई या दाई तरफ घुमाकर उसे सीधा देखने की कोशिश करोगे।

इस घर के किचन से लेकर बाथरूम और हर एक कमरा अपने सिर के बल उल्टा लटका हुआ लगता है। 23 फीट ऊंचे इस घर में रहने के लिए वह हर स्थान है, जो एक परिवार के लिए जरूरी होता है। मगर यह घर रहने के लिए नहीं बनाया गया है। इस घर का निर्माण जर्मनी स्थित एक चिड़ियाघर के लिए किया गया है। यहां के स्थानीय कारपेंटर गैरहार्ड ने इस बारे में सोचा। फिर उसने अपने अन्य साथियों को इस बारे में बताया।

गैरहार्ड की बात सुनकर सबने उन्हें प्रोत्साहित किया और इस काम में मदद करने का आश्वासन दिया। इसके बाद ही गैरहार्ड ने इसका निर्माण कार्य आरंभ किया। करीब 50 अलग-अलग टुकड़ों की मदद से इस घर की छत को बनाया गया है। हर चीज को सही तरीके से करने में निर्माताओं को महीनों तक मेहनत करनी पड़ी। कारीगरों के मुताबिक आज उन्हें यह सुखद एहसास होता है कि उन्होंने दुनिया का एक निराला घर तैयार किया है। इस घर के बनने के बाद से यहां दूर-दूर से लोग इसे देखने के लिए प्रतिदिन आते हैं। इस चिड़ियाघर में लोगों की आवाजाही बढ़ गई है।




# गेम्स से भी कुछ सीखो

गेम्स, गेम्स, गेम्स। दिन में गेम्स, रात में गेम्स, छुट्टी में दिन भर गेम्स, घर में दोस्त आ जाएं तो गेम्स और कोई घर में न हो तो गेम्स। एक बार तुम्हें मौका मिला नहीं कि गेम्स खेलना शुरू कर देते हो और हाई स्कोर तक पहुंच कर ही मानते हो, फिर चाहे मम्मी खाने के लिए डांटती रहे, तुम्हें कंप्यूटर की सीट से कोई हिला नहीं पाता। गेम्स की दुनिया तुम्हें इतनी पसंद है कि परीक्षा के दिनों में सबसे छिपकर तुम गेम्स खेलने का टाइम निकाल ही लेते हो। वह अलग बात है कि अगले दिन परीक्षा में सवाल हल करते हुए भी तुम्हें अपने पसंदीदा गेम्स की थोड़ी-बहुत याद आ ही जाती है। लेकिन यह बात भी सही है कि गेम्स खेलने के अलावा तुम्हें नई मजोदार चीजें भी सीखना पसंद है। तो चलो आज तुम्हें ऐसी ही एक मजेदार साइट के बारे में बताते हैं, जहां तुम गेम्स खेलते-खेलते कई मजेदार चीजें भी सीखोगे।

### डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट लर्निंग गेम्स फॉर किड्स डॉट कॉम

इस साइट पर जाते ही तुम्हें दाएं साइड में गेम्स की कई कैटेगरी दिखेंगी। इसमें से जो भी केटेगरी के गेम्स खेलना चाहो, उस पर क्लिक करने पर कई गेम्स की लिस्ट नजर आएगी, जिसमें से तुम कोई गेम चुन सकते हो। इससे एक तो तुम्हें मजा बहुत आएगा, साथ ही तुम्हारी नॉलेज इतनी बढ़ जाएगी कि तुम्हारे स्कूल में सब चौंक जाएंगे।

### टाइपिंग स्पीड बढ़ेगी

जब भी तुम दीदी को कंप्यूटर पर जल्दी-जल्दी टाइप करते देखते हो तो तुम्हारा भी मन करता है कि काश, तुम भी इतनी ही जल्दी टाइप कर पाते। यहां बड़े आराम से तुम टाइपिंग करना सीख जाओगे। बस कीबोर्ड गेम्स वाले ऑप्शन पर क्लिक करो और टाइपिंग प्रैक्टिस शुरू कर दो। एक बार सीखने के बाद तुम यहां अपना टाइपिंग स्पीड टेस्ट लेकर देख सकते हो कि तुम्हें प्रैक्टिस की और जरूरत है या नहीं।

### तुम्हारे विषय से जुड़े गेम्स भी हैं

यहां तुम सभी विषयों के गेम्स खेल सकते हो। अगर तुम्हें इंग्लिश पसंद है, तो तुम वोकेब्युलरी गेम्स, स्पेलिंग गेम्स, अल्फाबेट गेम्स खेल कर जांच सकते हो कि तुम्हारी इंग्लिश कैसी है। साइंस गेम्स खेलना चाहते हो तो तुम्हारे लिए साइंस के टॉपिक्स के गेम्स भी हैं। इसके अलावा मैथ्स, सोशल साइंस, ज्योग्राफी के गेम्स भी हैं।

### आर्ट और म्यूजिक के गेम्स

तुम आरकेस्ट्रा, जैज, ओपेरा, ब्लूग्रास जैसी म्यूजिक को सुन सकते हो और इसके गेम्स खेलते हुए उनके बारे में जान भी सकते हो। इसके अलावा यहां पेंटिंग भी कर सकते हो। इस साइट पर राइम्स सुन सकते हो और वीडियो के जरिये मछलियों, पक्षियों और समुद्र आदि के संसार में झांक सकते हो।

# लैड से बच्चों को बचाने की पहल



पर्यावरण को दूषित होने से बचाने के लिए विश्व में अलग-अलग स्तर पर काम किया जा रहा है। हर संभव कोशिश की जा रही है कि जहीरीले पदार्थों से इस धरती को कैसे बचाया जाए। बच्चों को बड़ों से अधिक संवेदनशील माना जाता है। इसीलिए उन पर दूषित होते पर्यावरण का असर अधिक होता है। खेल-खेल में उनके स्वास्थ्य को खतरा न हो, इसकी पहल हो चुकी है। बेंगलुरू में बच्चों के खेलने का एक ऐसा पार्क तैयार है, जो खतरनाक शीशा यानी लैड से मुक्त है। इसके पीछे बेंगलुरू के बायोकैमिस्ट्री के रिटायर्ड प्रोफेसर थुप्पली वेंकटेश की मेहनत है। डॉक्टर वेंकटेश ने यहां देश का पहला ऐसा सेंटर तैयार करवाया, जो लैड के जहरीले कणों से लड़ने के विकल्प को ढूंढ़ रहा है। उन्होंने अपनी रिसर्च में पाया कि लैड मनुष्य को बहुत नुकसान पहुंचा सकता है। खासकर के बच्चों का स्वास्थ्य। लैड से बच्चों का आई क्यू भी कम हो जाता है। अब उन्होंने यह भी बताया कि आखिर बच्चों तक लैड पहुंचता कैसे है। उनके मुताबिक बच्चों को लैड के दुष्प्रभाव हर वक्त अपनी चपेट में लेने के लिए तैयार रहते हैं। घर, स्कूल व पार्क में इस्तेमाल किया जाने वाला पेंट ही बच्चों का सबसे बड़ा दुश्मन है। आमतौर पर प्रदूषण की परिभाषा गाड़ियों व फैक्टरियों के धुएं को ही दी जाती है। स्कूल बसों का पीला रंग और खेल के मैदान में इस्तेमाल किये जाने वाले अलग-अलग पेंट में भी लैड पाया जाता है। डॉ. वेंकटेश ने बच्चों के जीवन से लैड को दूर करने की शुरुआत बेंगलुरू के पार्क से करनी चाही, क्योंकि पार्क बच्चों की मस्ती की मनपसंद जगह है। जब पार्क तैयार किया जाना था तो सबसे बड़ी मुश्किल यही थी कि आखिर लैड फ्री पेंट कहां से लाया जाए। हैरानी तब हुई जब किसी भी भारतीय पेंट निर्माता के पास लैड फ्री पेंट नहीं पाया गया।

कुछ विज्ञापन उत्पादों में जरूर लैड फ्री का दावा किया जाता है, मगर उनकी संख्या न के बराबर है। इस समस्या से निपटने के लिए उन्होंने सबसे पहले मैसूर पेंट्स एंड लैक कंपनी को मनाया कि उनके लिए लैड फ्री पेंट तैयार करे। दूसरे चरण में बेंगलुरू की जवाहर बाल भारती संस्था से बात की गई। यह एक ऐसा पार्क है, जहां हर रोज करीब 3 हजार बच्चों आते हैं। बस इसी पार्क को लैड फ्री बनाए जाने की योजना बनाई गई। योजना सफल हुई और पिछले दिनों सभी बच्चों के लिए इसे खोल दिया गया। डॉ. वेंकटेश चाहते हैं कि राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत देश के हर स्कूल व पार्क को लैड फ्री बनाया जाए। एर्नाकुलम के सरकारी अस्पताल पहल करते हुए पैडियाट्रिक डिपार्टमेंट को लैड फी बना रहे हैं। एक बार लोगों में जागरूकता आएगी और पेंट्स कंपनी साथ देंगी तो वे दिन दूर नहीं कि घर व बाहर हर जगह लैड फी पेंट का इस्तेमाल किया जाएगा। मजेदार बात यह है कि लैड फ्री पेंट दूसरे पेंट के मुकाबले सस्ता भी है। मैसूर पेंट्स के मुताबिक जहां लैड फी पेंट 180 रुपए प्रति लीटर बिकेगा, वहीं दूसरे पेंट्स 250 रुपए प्रति लीटर से अधिक कीमत में बिक रहे हैं।







## नमक की ईंटों पर खड़ा है ये होटल...

फाइव स्टार से फाइव स्टार डीलक्स होटल तक हर बड़े शहरों में देखे जाते हैं। उनकी दीवारों और छतों को बनाने में आमतौर पर सीमेंट, लोहा, ईंट, डस्ट आदि का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन सोचो कि अगर किसी होटल में दाखिल होते ही नोटिस बोर्ड पर होटल की दीवारों से छेड़छाड़ न करने की चेतावनी लिखी हो तो कितनी हैरानी होगी तुम्हें। जी हां, कुछ ऐसे शब्दों को बोलविया के एक होटल में लिखा देखा जा सकता है। यह होटल पूरी तरह से नमक का बना हुआ है। समुद्रतल से 12,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस होटल को करीब से देखने व ठहरने के लिए हजारों पर्यटक हर साल पहुंच रहे हैं। यहां वे सभी सुविधाएं हैं, जो एक स्तरीय होटल से उम्मीद की जाती है। होटल को बनाने के लिए नमक की ईंटों का इस्तेमाल किया गया है। नमक की दीवारें यहां के तापमान को भी नियत्रित करती हैं। यहां रात में तापमान -9 और 5 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है। यहां तकरीबन 60 हजार यात्री हर साल आते हैं। यह होटल टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में पूरी दुनिया में मशहूर हो चुका है। लोग दूर-दूर से यहां रहने आते हैं और अलग अनुभव पाते हैं।

## अब बीज बच जाएंगे...

सीड वॉल्ट एक बीज बैंक है। इसे बनाने में नॉर्वे और इंग्लैंड जैसे देशों का योगदान खासा अहम रहा है। दुनिया के कई देशों में ऐसे बीज बैंक हैं, जो फसलों, फूलों और दूसरी चीजों के बीजों को संजोकर रखते हैं। ऐसा इसलिये होता है कि कभी भी विपदा के समय वह काम आ सकें। मगर अब इससे भी एक कदम आगे की बात वैज्ञानिकों ने की है। उन्होंने नॉर्थ पोल, जो दुनिया का बेहद ठंडा इलाका है, वहां पर एक बीज बैंक बनाया है।

यह बीज बैंक दूसरे बैंकों जैसा ही है। मगर इतना विशाल है कि तुम शायद सोच भी नहीं सकते हो। यह ऐसी जगह है, जहां पर इस तरह की विपदा आसानी से नहीं आएगी। इसके अलावा वैज्ञानिकों ने इस जगह को इसलिये भी चुना, क्योंकि यहां के बर्फीले मौसम में बीज को लम्बे समय तक के लिये बचा कर रखा जा सकता है। इसको बनाते समय कई देशों ने आपसी समझौते के तहत इस जगह को नो वार जोन में बदल दिया। यानी किसी भी सूरत में यहां युद्ध नहीं होगा। यह सीड वॉल्ट बर्फ की चट्टानों को काटकर बहुत गहराई में अंदर तक बनाया गया है। इसमें किसी भी किस्म के लाखों की संख्या में बीज रखे हैं। दुनिया का कोई पेड़-पौधा ऐसा नहीं बचा है, जिसका बीज यहां पर मौजूद न हो। मजे की बात है कि यह बैंक किसी तरह की विपदा आने पर उस देश को बीज देने में किसी तरह की वसूली नहीं करता है। यह इस पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने के लिये ही किया जा रहा है। आज हम कह सकते हैं कि भले ही पृथ्वी पर से डायनासोर जैसे जीव लुप्त हो गए हों, मगर आज पृथ्वी पर जीवन बचाने की यह कोशिश देखकर लगता है कि शायद इस हरी-भरी पृथ्वी पर इसकी हरियाली हमेशा कायम रहेगी।







# समुद्री जीवों को खतरा

दुनिया के समुद्र में जिस तरह से एसिड का स्तर बढ़ रहा है, उससे समुद्री जीवों के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यही हाल रहा तो 2100 तक कई सारे समुद्री जीव समाप्त हो जाएंगे। इसे चिंता को लेकर दुनिया के 500 से ज्यादा जाने-माने विशेषज्ञ साल 2012 में कैलिफोर्निया में जुटे थे। शोधकर्ता इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि वर्ष 2100 तक एसिड का स्तर 170 फीसदी तक बढ़ सकता है। मुख्य रूप से कार्बन डाइ-ऑक्साइड के उत्सर्जन को जिम्मेवार ठहराया जा रहा है। वैज्ञानिकों द्वारा प्रस्तुत एक रिपोर्ट में कहा गया है कि एसिड का स्तर बढ़ाने में इनसानी गतिविधियों का हाथ है, जो हर दिन दो करोड़ 40 लाख टन कार्बन डाइ-ऑक्साइड समुद्र में घोल रहे हैं। समुद्र की गहराई में किए अध्ययन से पता चलता है कि जहां पानी में एसिड का स्तर कार्बन डाइऑक्साइड की वजह से ज्यादा है, वहीं बढ़ता एसिड उन समुद्री जीवों के लिए खतरा है जिनका कवच कैल्शियम कार्बोनेट से बनता है। एसिड का सबसे ज्यादा असर आर्कटिक और अंटार्कटिक में देखा जा रहा है।







# मुंबई शिफ्ट हो रहे यूट्यूब सेंसेशन भुवन



एक्टर और यूट्यूब सेंसेशन भुवन बाम दिल्ली से मुंबई शिफ्ट कर रहे हैं। उनका मानना है कि शहर में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं हैं। भुवन वर्तमान में ताजा खबर 2 के प्रोजेक्ट की शूटिंग में काफी बिजी हैं। भुवन ने कहा, मैं मुंबई में अपने करियर के इस नए चैप्टर को शुरू करने के लिए रोमांचित हूं। शहर में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं हैं। मैंने हमेशा मुंबई की वाइब्रेंट एनर्जी देखी है और उसकी ओर आकर्षित रहा हूं, और अब, चूंकि मेरा काम यहां ज्यादा रहता है, इसलिए मुझे यहां शिफ्ट होना सही लगा। हिमांक गौड़ द्वारा निर्देशित और हुसैन और अब्बास दलाल की जोड़ी द्वारा लिखित ताजा खबर 2 में महेश मांजरेकर, देवेन भोजानी, शिल्पा शुक्ला, प्रथमेश परब, नित्या माथुर और अन्य भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। बीबी की वाइन्स प्रोडक्शंस के बैनर तले रोहित राज और भुवन बाम द्वारा निर्मित, ताजा खबर 2 जल्द ही डिज्नी+हॉटस्टार पर आएगी।



# पति सूर्या के मनाने पर श्रीकांत में काम करने को तैयार हुईं ज्योतिका

ज्योतिका बीते दिनों फिल्म शैतान में नजर आई थीं। अब उनकी अगली फिल्म श्रीकांत भी रिलीज को तैयार है। श्रीकांत के निर्देशक ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि ज्योतिका ने पहले फिल्म करने से इनकार कर दिया था।

अभिनेत्री ज्योतिका फिल्मी दुनिया की जानी-मानी हस्ती हैं। उन्होंने हिंदी, तामिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ फिल्मों में भी काम किया है। हाल में ही वह अभिनेता अजय देवगन और माधवन के साथ शैता में नजर आई थीं। इस फिल्म से उन्होंने हिंदी सिनेमा में वापसी की थी। ज्योतिका, राजकुमार राव की आगामी फिल्म श्रीकांत में एक बार फिर से पर्दे पर नजर आने वाली हैं। हालांकि, इस फिल्म के लिए उन्होंने शैतान से पहले ही हामी भर दी थी। शैतान के बाद ज्योतिका तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित श्रीकांत में दिखने वाली हैं।

इस फिल्म में उनके साथ अभिनेता राजकुमार राव भी नजर आएंगे, जो फिल्म में श्रीकांत का रोल अदा कर रहे हैं। एक इंटरव्यू में तुषार ने खुलासा किया है कि इस फिल्म के लिए ज्योतिका को उनके पति सूर्या ने राजी किया था। सूर्या साउथ फिल्मों के सुपरस्टार हैं। उन्हें साल 2020 में फिल्म सोरारई पोटरू के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्टीय फिल्म पुरस्कार भी मिल चुका है।

### ज्योतिका ने श्रीकांत को कर दिया था मना

फिल्म श्रीकांत के निर्देशक ने बताया कि वे ज्योतिका के बहुत बड़े फैन हैं। उन्होंने ज्योतिका की कई तामिल फिल्में देखीं थीं। उन्हें हमेशा से लगता था कि ज्योतिका एक बेहतरीन अदाकारा हैं। जब तुषार फिल्म में शिक्षिका के किरदार को लेकर अभिनेत्री के पास पहुंचे तो उन्होंने ये किरदार करने से मना कर दिया। ज्योतिका ने उन्हें ये कहते हुए इनकार कर दिया कि वह इस किरदार को नही निभा पाएंगी। इसके अगले दिन ही अभिनेत्री ने उन्हें वापस से फोन कर घर बुलाया और फिल्म के लिए हां कर दी।



# निमरत कौर ने आगामी फिल्म की बारें में बात की

अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट की शूटिंग में बिजी एक्ट्रेस निम्रत कौर ने बताया कि रात की शूटिंग के बारे में सबसे अच्छा क्या है। निम्रत मुंबई के मड आइलैंड पर शूटिंग कर रही हैं। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पानी, जो नीला दिखाई दे रहा है और उगते सूरज की एक तस्वीर शेयर की। एक्ट्रेस ने इसे कैप्शन दिया, रात की शूटिंग का एकमात्र अच्छा हिस्सा। हालांकि एक्ट्रेस ने मड आइलैंड पर अपनी शूटिंग के बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

# प्रियंका ने किराए पर दिया पुणे वाला बंगला



एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा और उनकी फैमिली ने अपना पुणे वाला बंगला किराए पर दे दिया है?। प्रियंका और उनके पति निक ने पिछले साल मुंबई वाले अपने दो पेंटहाउस भी बेच दिए थे। जानिए प्रियंका और परिवार को हर महीने इस बंगले का कितना किराया मिलेगा। एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने अपना पुणे स्थित बंगला किराए पर दे दिया है, और अब इससे हर महीने वह लाखों रुपये की कमाई करेंगी। प्रियंका के परिवार ने यह बंगला द अर्बन नोमैड्स कम्युनिटी प्राइवेट लिमिटेड नाम की फर्म को 2 लाख रुपये प्रति महीने किराए पर दिया है। एक्ट्रेस की मां मधु चोपड़ा और भाई सिद्धार्थ ने इस फर्म के साथ डील साइन की। मधु चोपड़ा और सिद्धार्थ ने 21 मार्च को रजिस्ट्री करवाई थी। फर्म ने प्रियंका के परिवार को इस बंगले के लिए 6 लाख रुपये का डिपॉजिट भी दिया। अब यह हर महीने 2.06 लाख का किराया भी देगी।

### प्रियंका के पुणे वाले बंगले का एरिया

यह बंगला पुणे के कोरेगांव पार्क में स्थित है। इसका आकार यानी प्लॉट साइज 3754 स्क्वायर फुट है, जबकि ग्राउंड फ्लोर 2180 स्क्वायर फुट, बेसमेंट एरिया 950 स्क्वायर फुट और गार्डन एरिया 2232 स्क्वायर फुट है। वहीं, पार्किंग एरिया 400 स्क्वायर फुट है। मालूम हो कि साल 2023 में प्रियंका चोपड़ा और पति निक जोनस ने ओशिवाड़ा के लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स में स्थित अपने दो पेंटहाउस 6 करोड़ रुपये में बेच दिए थे। इनका बिल्ट-अप एरिया 2,292 स्क्वायर फुट था।

# रवि किशन को मिली राहत

● कोर्ट ने खारिज की बेटी का दावा करने वाली शिनोवा की अर्जी



भोजपुरी अभिनेता और बीजेपी नेता रवि किशन को डीएनए टेस्ट मामले में डिंडोशी कोर्ट की ओर से राहत मिल गई है। भोजपरी अभिनेता रवि किशन को डीएनए टेस्ट मामले में बड़ी राहत मिली है। मुंबई की डिंडोशी कोर्ट ने शिनोवा नाम की महिला की उस मांग को खारिज कर दिया है, जिसमें महिला ने अभिनेता रवि किशन के डीएनए टेस्ट करवाने की मांग की थी। शिनोवा शुक्ला की उम्र 25 साल है। शिनोवा खुद को रवि किशन की बेटी बता रही थी। इस बात को साबित करने के लिए महिला ने अभिनेता के डीएनए टेस्ट की मांग की थी, जिसको कोर्ट ने अब खारिज कर दिया है।



# जैकलीन ने पालतू जानवरों को खरीदने के बजाय गोद लेने का किया आग्रह

एक्ट्रेस व एनिमल लवर जैकलीन फर्नांडीज ने पालतू जानवरों को खरीदने के बजाय इन्हें गोद लेने का आग्रह किया। जैकलीन ने इंस्टाग्राम पर अपने स्टोरी सेक्शन पर एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में दो पोमेरेनियन, एक हस्की और एक पूडल सहित कई कुत्तों को बीमार अवस्था में देखा जा सकता है।

एक्ट्रेस ने वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन दिया- खरीददारी न करने और गोद लेने का एक और कारण.. ब्रीडिंग इंडस्ट्री क्रूर और अक्सर अवैध है। वर्कफ्रंट की बात करें तो, जैकलीन पिछली बार रोहित शेट्टी की सर्कस में नजर आई थी। वह जल्द ही सोनू सूद स्टारर फतेह में दिखाई देंगी। फिल्म में विजय राज भी हैं। इनके अलावा, एक्ट्रेस वेलकम फ्रेंचाइज के तीसरी पार्ट वेलकम टू द जंगल में भी नजर आएंगी, जो कथित तौर पर क्रिसमस पर रिलीज होगी।



# इंस्टाग्राम की सबसे बदनाम ठग पर बनी डॉक्यूमेंट्री

लाखों फॉलोअर बेले गिब्सन सोशल मीडिया के मशहूर नामों में से एक नाम है। साल 2013 की बात है जब उन्होंने पूरी दुनिया के सामने खुद को कैंसर पीड़ित बताया था।


सोशल मीडिया पर एक से बढ़कर एक ठग आपको मिल जाएंगे। खुद को मशहूर बनाने के लिए और फॉलोअर्स जुटाने के लिए लोग किस हद तक गिर सकते हैं इस बात को ऑस्ट्रेलियाई इन्फ्लुएंसर बेले गिब्सन ने साबित किया है। वही बेले गिब्सन जिन्हें कभी कॉस्मोपॉलिटन ने सबसे निडर और दिलचस्प महिला का खिताब दिया था। अब खबर आ रही है कि उनकी जिंदगी पर डॉक्यूमेंट्री का निर्माण किया गया है।

### कैंसर के नाम पर जुटाए फॉलोअर

बेले गिब्सन सोशल मीडिया के मशहूर नामों में से एक नाम है। साल 2013 की बात है जब उन्होंने पूरी दुनिया के सामने खुद को कैंसर पीड़ित बताया था।

इतना ही नहीं उन्होंने अपने फॉलोअर्स से यह भी साझा किया था कि वे एक सिंगल-मां हैं। दुनिया ने उनकी बात को सच मान लिया था। रातों-रात उनके लाखों फॉलोअर्स बढ़ गए थे।

# काजोल ने वर्कआउट की तस्वीर की शेयर



काजोल ने इंस्टाग्राम पर अपनी पिलेट्स क्लासेस से वर्कआउट की एक मजेदार तस्वीर शेयर की और फैंस से पूछा कि वे यह बताएं उनकी यह तस्वीर एक्सरसाइज से पहले की है या बाद की। फोटो में एक्ट्रेस एथलीजर और सनग्लासेज पहने पिलेट्स मशीन पर लेटी हुई नजर आ रही हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, चूंकि हर कोई जानना चाहता है कि मेरा वर्कआउट कैसा दिखता है... यहां एक तस्वीर है... अब बताओ ये वर्कआउट के पहले की है या बाद की। वर्कफ्रंट की बात करें तो, काजोल जल्द ही कृति सेनन और शाहीर शेख के साथ दो पत्ती में दिखाई देंगी। शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित, यह रहस्य थ्रिलर फिल्म उत्तर भारत की पहाड़ियों में स्थापित एक मनोरम कहानी को दर्शाएगी।

# 27 गेंद में 84 का तूफान

## जेक फेजर को नीलामी में जिसे किसी ने नहीं खरीदा, उसने बुमराह की बैंड बजा दी, दिल्ली ने मुंबई को 10 रन से हराया

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। दिल्ली कैपिटल्स के युवा ओपनर जेक फेजर-मैकगर्क ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 27 गेंद में 84 रन की धुआंधार पारी खेली। मैकगर्क तेजी से अपने पहले आईपीएल शतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन अनुभवी पीयूष चावला को बड़ा शॉट मारने के चक्कर में आठवें ओवर की तीसरी बॉल पर कैच आउट हो गए। इससे पहले 22 वर्षीय इस ऑस्ट्रेलियाई ओपनर ने सिर्फ 15 गेंद में अर्धशतक जड़ा था। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ भी इतनी ही गेंद में उनके बल्ले से फिफ्टी निकली थी। यानी अब सीजन के सबसे तेज अर्धशतक बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहली और दूसरी पोजिशन इसी खतरनाक बल्लेबाज के नाम हो चुकी है। मैकगर्क को आईपीएल नीलामी में अनसोल्ड रहने के बाद रिप्लेसमेंट खिलाड़ी को रूप में दिल्ली ने अपने साथ जोड़ा था। दिन के पहले मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने जीत के लिए मुंबई इंडियंस को 258 रन का टारगेट दिया था।

### इस आईपीएल का सबसे तेज अर्धशतक

- 15 गेंद - जेक फेजर मैकगर्क - सनराइजर्स हैदराबाद, दिल्ली
- 16 गेंद - अभिषेक शर्मा 1ह्य एमआई, हैदराबाद
- 16 गेंद - ट्रैविस हेड -कैपिटल्स, दिल्ली

### बुमराह का छक्के से स्वागत

मैच के पहले ओवर में ल्यूक वुड के खिलाफ 19 रन धुनने के बाद जेक फेजर मैकर्गक ने दूसरे ओवर में बुमराह की भी जमकर धुनाई की। पहली ही गेंद पर छक्के से स्वागत किया, जो नो बॉल भी थी। अगली गेंद को भी मिड ऑन पर चौके के लिए डिपॉजिट कर दिया। आखिरी गेंद पर भी बाउंड्री लगाई। बुमराह ने ओवर में 18 रन दिए, जो उनका सीजन का सबसे महंगा ओवर भी रहा।

### जेक मैकर्गक का प्रदर्शन

- 84 मुंबई
- 23 -गुजरात
- 65 एसआरएस
- 20 गुजराट टाइंस
- 55 - लखनऊ



### फेजर-मैगर्क ने 84 रन बनाए, रसिख-मुकेश को 3 विकेट; तिलक ने लगाई फिफ्टी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स को मुंबई इंडियंस ने 10 रन से हरा दिया। दिल्ली ने 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 257 रन बनाए। मुंबई ने भी कड़ी टक्कर दी लेकिन टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 247 रन ही बना सकी।

दिल्ली से जैक फेजर-मैगर्क ने 27 बॉल पर 84 रन की पारी खेली। उन्होंने पारी में 11 चौके और 6 सिक्स लगाए। ट्रिस्टन स्टब्स ने 47 और शाई होप ने 41 रन बनाए। मुंबई की ओर से ल्यूक वुड, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला और मोहम्मद नबी को 1-1 विकेट मिला। मुंबई से तिलक वर्मा ने 63, हार्दिक पंड्या ने 46 और टिम डेविड ने 37 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव 26 और ईशान किशान 20 रन बनाकर आउट हुए। दिल्ली से रसिख सलाम और मुकेश कुमार ने 3-3 विकेट लिए। 2 सफलताएं खलील अहमद को भी मिलीं।

### ऑस्ट्रेलिया के लिए लंबी रेस के घोड़े

प्रोफेशनल क्रिकेट का सबसे तेज शतक मारने का रिकॉर्ड मैकगर्क के ही है। उन्होंने सिर्फ 29 गेंदों पर ऑस्ट्रेलिया के घरेलू क्रिकेट में सेंचुरी ठोकी थी। उससे पहले सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम था। गेल ने आईपीएल में 30 गेंदों पर सेंचुरी ठोकी थी। आज जेक फेजर गेल को भी पछाड़ सकते थे, लेकिन उससे पहले आउट हो गए। ऑस्ट्रेलिया के लिए उन्होंने इस साल दो मैच खेलने का मौका मिला है, जो वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज थी।



आर्चरी वर्ल्ड कप

## भारत के तीरंदाजों ने वर्ल्ड कप में की गोल्ड मेडल की बरसात, चीन में लहराया तिरंगा

**शंघाई (एजेंसी)**। भारत ने गैर-ओलिंपिक कंपाउंड तीरंदाजी में अपना दबदबा बनाते हुए शंघाई में चल रहे विश्व कप के पहले चरण में टीम स्पर्धाओं में क्लीन स्वीप करते हुए गोल्ड मेडलों की हैट्रिक लगायी। सत्र के इस पहले वैश्विक टूर्नामेंट में भारत की महिला कंपाउंड टीम ने इटली को 236-225 से हराया। ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की भारतीय तिकड़ी ने 24 तीरों में सिर्फ चार अंक गंवाये और छठी वरीयता प्राप्त इटली को बड़े अंतर से हराकर गोल्ड मेडल से खाता खोला। वहीं ज्योति सुरेखा वेन्नम ने महिलाओं के कंपाउंड व्यक्तिगत फाइनल में भी गोल्ड जीता।

### एक दिन में भारत को चार गोल्ड

पुरुष टीम में अभिषेक वर्मा, प्रियांश और प्रथमेश एफ ने नीदरलैंड को 238-231 से मात दी। नीदरलैंड की टीम में माइक शोलेसर, सिल पीटर और स्टेफ विलेम्स थे। इसके बाद भारत की मिश्रित टीम ने कंपाउंड वर्ग में तीसरा गोल्ड मेडल जीतकर क्लीन स्वीप किया। दूसरी वरीयता प्राप्त ज्योति और अभिषेक की जोड़ी ने एस्तोनिया की लिसेल जात्मा और रोबिन जात्मा की मिश्रित जोड़ी को रोमांचक मुकाबले में 158-157 से मात दी।

### दीपिका भी मेडल की रेस में

दीपिका कुमारी व्यक्तिगत पदक की दौड़ में हैं और महिला रिकर्व वर्ग में दक्षिण कोरियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपना सेमीफाइनल खेलेंगी। शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला कंपाउंड टीम ने दिन के पहले मैच में 24 तीरों से केवल चार अंक गंवाए और छठी वरीयता प्राप्त इटली को हरा दिया। छह छह तीरों के पहले सेट में भारतीय टीम ने सिर्फ दो बार परफेक्ट 10 नहीं बनाया और मार्सेला तोनिओली, इरेने फ्रांचिनी और एलिसा रोनेर की इतालवी टीम पर 178-171 से बढत बना ली।

चौथी वरीयता प्राप्त पुरूष टीम ने 60 स्कोर करके परफेक्ट शुरुआत की और अगले दो सेट में दो ही अंक गंवाये। इसके बाद फाइनल सेट में परफेक्ट 60 स्कोर करके जीत दर्ज की। कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में ज्योति और अभिषेक ने 40 के स्कोर से परफेक्ट शुरूआत कर तीन अंक की बढ़त बनायी। भारतीय जोड़ी 119-117 की बढ़त बनाये थी और उसे अंत में 40 में से 39 अंक की जरूरत थी और उन्होंने ऐसा करके देश को तीसरा गोल्ड मेडल दिलाया।

## युवराज बने टी20 विश्व कप 2024 के ब्रांड एमबेस्डर, कहा- इसका हिस्सा बनना बहुत रोमांचक है

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। महान भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह को आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 का ब्रांड एम्बेसडर के रूप में नामित किया गया है। टी20 क्रिकेट के प्रमुख वैश्विक आयोजन के शुरू होने में केवल 36 दिन शेष हैं। यह घोषणा भारत के विजयी पुरुष टी20 विश्व कप 2007 अभियान के दौरान एक ओवर में छह छक्के लगाने की युवराज की प्रतिष्ठित उपलब्धि के जश्न में की गई है।



युवराज वेस्टइंडीज के आइकन क्रिस गेल और आठ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता उसेन बोल्ट के साथ टूर्नामेंट के लिए घोषित होने वाले पहले एम्बेस्डर के रूप में शामिल हुए। अपनी भूमिका के तहत युवराज संयुक्त राज्य अमेरिका में टी20 विश्व कप से पहले और उसके दौरान विभिन्न प्रचार कार्यक्रमों में भाग लेंगे जिसमें 9 जून को न्यूयॉर्क में बहुप्रतीक्षित भारत बनाम पाकिस्तान मैच भी शामिल है।

पूर्व भारतीय ऑलराउंडर ने इस पर कहा, टी20 विश्व कप में खेलने से मेरी कुछ सबसे अच्छी क्रिकेट यादें जुड़ी हैं, जिसमें एक ओवर में छह छक्के लगाना भी शामिल है, इसलिए इस संस्करण का हिस्सा बनना बहुत रोमांचक है, जो अब तक का सबसे बड़ा संस्करण होने वाला है।

उन्होंने कहा, वेस्टइंडीज क्रिकेट खेलने के लिए एक शानदार जगह है, जहां प्रशंसक इसे देखने के लिए आते हैं और एक ऐसा माहौल बनाते हैं जो दुनिया के उस हिस्से के लिए पूरी तरह से अनोखा है, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका में भी क्रिकेट का विस्तार हो रहा है और मैं उस विकास का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं। टी20 विश्व कप के दौरान न्यूयॉर्क में पाकिस्तान के खिलाफ भारत का मुकाबला इस साल दुनिया के सबसे बड़े खेल आयोजनों में से एक होने वाला है, इसलिए इसका हिस्सा बनना और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को नया स्टेडियम में खेलते देखना सौभाग्य की बात है।

## क्रुणाल पांड्या दूसरी बार बने पिता, पत्नी पंखुड़ी शर्मा ने बेटे को दिया जन्म



**लखनऊ (एजेंसी)**। लखनऊ सुपर जाइंट्स के ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या दूसरी बार पिता बन गए हैं। भारतीय क्रिकेटर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बच्चे के जन्म का खुलासा किया। क्रुणाल पांड्या की पोस्ट के अनुसार उनके बेटे वायु क्रुणाल पांड्या का जन्म पांच दिन पहले 21 अप्रैल को हुआ था।

क्रुणाल ने तीन तस्वीरें अपलोड की हैं जिनमें वह अपने बड़े बेटे कविर को गोद में लिए नजर आ रहे हैं। नवजात शिशु को गोद में लिए हुए उनकी पत्नी पंखुड़ी शर्मा उनके बगल में बैठी हैं। पंड्या परिवार मुस्कुरा रहा था क्योंकि उन्होंने अपने परिवार में नए सदस्य का स्वागत किया।

## बल्ले और गेंद में संतुलन जरूरी, हर जगह गेंदबाज पिट रहे : गांगुली

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग में सपाट पिचों पर और 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी के तौर पर अतिरिक्त बल्लेबाज की मौजूदगी से गेंदबाजों की दुर्दशा पर ध्यान दिलाते हुए शुक्रवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड को बल्ले और गेंद के बीच संतुलन बनाने का तरीका ढूंढना होगा। आईपीएल के इस चरण में अब तक की पिचें बल्लेबाजों के लिए मुफीद रही हैं। टीम अब आसानी से 200 रन का आंकड़ा पार कर रही हैं।

गांगुली ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स के मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि गेंदबाजों के लिए यह आसान नहीं है। उनके खिलाफ हर जगह रन बनाए जा रहे हैं और भविष्य में इस ओर ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि बल्ले और गेंद के बीच संतुलन रहना चाहिए। आईपीएल की संचालन संस्था ने मौजूदा सत्र में बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बीच समानता के प्रयास में गेंदबाजों को अधिकतम दो बाउंसर डालने की भी अनुमति दी है। कुछ 'इम्पैक्ट% खिलाड़ी नियम को गेंदबाजी और बल्लेबाजी में असंतुलन का कारण मानते हैं। गांगुली के अलावा महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने भी गेंदबाजों के संबंध में अपनी चिंता जाहिर कर चुके हैं।



बता दें कि दिल्ली कैपिटल्स फिलहाल अंक तालिका में छठे स्थान पर चल रही है। उसने 9 में से चार मुकाबले जीते हैं। बीते दिनों दिल्ली ने गुजरात को रोमांचक मुकाबले में हरा दिया था। अब उनके आगामी मुकाबले मुंबई, कोलकाता, राजस्थान, बेंगलुरु और लखनऊ से होने हैं। उन्हें प्लेऑफ में जाने के लिए सभी मुकाबलों में जीतना जरूरी है।

### पंजाब ने टी-20 का सबसे बड़ा चेज किया लगे रिकॉर्ड 42 छक्के, पंजाब ने 24 सिक्स लगाए

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शुक्रवार की रात रिकॉर्ड-ब्रेकिंग रही। कोलकाता ने अपने होमग्राउंड पर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 261 रन बनाए। टूर्नामेंट के 17वें सीजन में 7वीं बार 250 से ज्यादा रन का स्कोर पार हुआ। इतना कम ही था कि पंजाब ने इस रिकॉर्ड स्कोर को 18.4 ही ओवर में चेज कर दिया। जो टी-20 इतिहास का सबसे सफल चेज है। मैच में कुल 42 छक्के लगे, जो एक टी-20 मैच में पहली बार ही हुआ।

## तीरंदाजी विश्व कप: दीपिका कुमारी सेमीफाइनल में पहुंची, चार पदक पक्के

शंघाई (एजेंसी)। मां बनने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी दीपिका कुमारी ने कोरिया की जियोन हुनयंग को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि कंपाउंड तीरंदाजों ने भारत का चौथा पदक पक्का कर दिया।

विश्व रैंकिंग में 142वें स्थान पर खिसकी तीन बार की ओलंपियन दीपिका ने जियोन को 6-4 (27-28, 27-27, 29-28, 29-27, 28-28) से हराया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना कोरिया की ही नैम सुहियोन से होगा। इससे पहले ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा की कंपाउंड मिश्रित टीम ने फाइनल में जगह बनाई दुनिया की दूसरे नंबर की टीम ने पांच ही अंक गंवाते हुए मैक्सिको की आंद्रिया बेसेरा और लोट मैक्सिमो मेंडेज ओर्टिज को 155-151 से हराया। अब उनका सामना



एस्तोनिया से होगा। ज्योति महिला कंपाउंड टीम में भी शामिल है जो बुधवार को फाइनल में पहुंच गई।

एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति पदक की हैट्रिक की दौड़ में है। भारतीय तीरंदाज चार टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंच गए और कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में ज्योति तथा प्रियांश सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक की दौड़ में हैं। भारतीय टीम कंपाउंड पुरूष, महिला, मिश्रित और पुरूष रिकर्व टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंची है।

ज्योति और वर्मा को पहले दौर में बाय मिला था जिसके बाद उन्होंने 160 में से 160 अंक बनाकर ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया ग्राहम और ब्रेंडन हावेस को आठ अंक से हराया। इसके बाद उन्होंने लक्जेमबर्ग की मारिया श्कोल्ना और जिलेस सेवर्ट को 155-151 से मात दी।

# आज हैदराबाद के खिलाफ जीत के लिए बेताब होगी सीएसके

**चेन्नई (एजेंसी)**। लगातार हार का सामना करने वाली गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में मजबूत सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटने के लिए बेताब होगी। नए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की अगुआई में सत्र में अच्छी शुरुआत करने वाली सीएसके को पिछले दो मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स ने दो बार हराया है।

सीएसके को अपने ही मैदान चेपक स्टेडियम में हारते हुए देखना बहुत ही विरले होता है लेकिन मार्कस स्टोइनिस के शानदार शतक की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने 210 का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। सीएसके आठ मैच में चार जीत और इतनी ही हार से तालिका में पांचवें स्थान पर है। दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के भी आठ अंक हैं। इसलिये सीएसके अपनी लय में वापसी के लिए बेताब होगी क्योंकि अब प्लेऑफ की दौड़ तेज हो जायेगी।

सीएसके रविवार को तीसरे नंबर पर चल रही सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी जिसने इस सत्र में दो बार आईपीएल के उच्चतम स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ा है। लेकिन पिछले मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। सीएसके की बल्लेबाजी कप्तान गायकवाड़ और फॉर्म में चल रहे शिवम दुबे



के इर्द गिर्द घूमती है। गायकवाड़ ने इस सत्र में अपना दूसरा आईपीएल शतक बनाया है और दुबे ने भी एक और अर्धशतक जड़कर प्रभावित किया।



रविंद्र जडेजा ने भी बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन शीर्ष क्रम का अनिरंतर प्रदर्शन टीम के लिए एक समस्या बनी हुई है। रचिन रविंद्र और डेरिल मिचेल रन नहीं जुटा पा रहे हैं जो चिंता का विषय है। इसके कारण ही सीएसके को अपने बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

गेंदबाजी की बात की जाए तो टीम को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ काफी मुश्किल हुई और चेपक में ओस ने उनके स्पिनरों को बेअसर कर दिया जिससे मेहमान टीम ने 213 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। तेज गेंदबाजों ने लखनऊ की टीम के चार विकेट झटक लिये लेकिन स्पिनर जूझते नजर आए और खराब क्षेत्ररक्षण ने उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

वहीं सनराइजर्स हैदराबाद की बात की जाये तो आत्मविश्वास से भरी टीम को गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से घरेलू मैदान पर सत्र की तीसरी हार झेलनी पड़ी। हालांकि इससे उसके बल्लेबाजों की लय में रूकावट नहीं होगी और वे सीएसके के खिलाफ मिले हर मौके का फायदा उठाना चाहेंगे।

आरसीबी के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद का शीर्ष और मध्य क्रम नाकाम रहा और मुख्य कोच डेनियल विटोरी को यह स्वीकार करने के लिए मजबूर होना पड़ा कि दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना शायद सही नहीं होगा। मेहमान टीम के बल्लेबाजी क्रम में कोई फेरबदल होने की संभावना नहीं है। लेकिन ऐडन मार्कराम को रन जुटाने की जरूरत है जो पिछले दो मैच में इकाई के अंक पर आउट हुए।

गेंदबाजी में सीनियर तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार पिछले तीन मुकाबलों में सिर्फ एक विकेट ले पाये हैं। उमरान मलिक, फजलहक फारूकी और आकाश सिंह जैसे खिलाड़ी खेलने का इंतजार कर रहे हैं जिससे सनराइजर्स हैदराबाद एक बार उन्हें मौका देने के बारे में सोच सकती है, विशेषकर जम्मू के तेज गेंदबाज को क्योंकि वह 150 किमी प्रति घंटे से रफ्तार से गेंदबाजी करने की क्षमता रखते हैं।

### संभावित प्लेइंग 11

चेन्नई सुपर किंग्स - रचिन रवींद्र, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेरिल मिशेल, शिवम दुबे, अजिंक्य रहाणे, रवींद्र जडेजा, एमएस धोनी (विकेटकीपर), दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मथीशा पथिराना, मुस्तफिजुर रहमान

सनराइजर्स हैदराबाद-अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), एडेन मार्कराम, नितीश रेड्डी, अब्दुल समद, शाहबाज़ अहमद, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, मयंक मारकंडे, जयदेव उनादकट

समय - शाम 7.30 बजे से।